# दैनिक भास्कर

अभी मास्क भी वैक्सीन है™

कुल पृष्ठ 14 | राजस्थान | मूल्य ₹ 5.00 | वर्ष 5, अंक 16

DainikBhaskar.com | बाड़मेर, शनिवार, 17 अप्रैल, 2021 | चैत्र, शुक्ल पक्ष-5, 2078 | 12 राज्य | 65 संस्करण


सुविचार
आशावाद वह विश्वास है जो उपलब्धि की ओर ले जाता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,832.03 | ↑ | +28.35 |
| डॉलर | 74.35 | ↓ | -0.58 |
| सोना(जयपुर) | 46,700 | ↑ | +200 |

जेवराती

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | न्यूनतम | अधिकतम | आज का अनुमान न्यूनतम |
|---|---|---|---|
| जयपुर | 25.0 | 38.4 | 22.0 |
| दिल्ली | 23.2 | 40.6 | 23.0 |
| मुंबई | 24.1 | 33.6 | 24.0 |

## कोरोना क्विक अपडेट

| | भारत | राजस्थान | जयपुर |
|---|---|---|---|
| नए मरीज | 2,33,999 | 7,359 | 1201 |
| कल ठीक हुए | 1,23,218 | 2,791 | 188 |
| नई मौतें | 1,341 | 31 | 02 |
| कुल मरीज | 1,44,96,651 | 3,95,309 | 72,292 |
| ठीक हुए | 1,26,50,298 | 3,38,424 | 61,528 |
| रिकवरी रेट | 87.3% | 85.60% | 85.11% |
| कुल मौतें | 1,75,459 | 3,072 | 549 |

▪ इलाजरत (सक्रिय) मरीजों की संख्या 16.65 लाख हो चुकी है। इनमें 6.38 लाख सिर्फ महाराष्ट्र में हैं।

## दुनिया का हाल

| | कुल मरीज |
|---|---|
| अमेरिका | 3.22 करोड़ |
| ब्राजील | 1.38 करोड़ |
| फ्रांस | 51.9 लाख |
| रूस | 46.8 लाख |
| ब्रिटेन | 43.8 लाख |

▪ दुनिया में 24 घंटे में 8.45 लाख मरीज मिले। यह संख्या पिछले हफ्ते के औसत से 19% ज्यादा है।

## वैक्सीनेशन अपडेट

| | 15 अप्रैल | अब तक कुल |
|---|---|---|
| देश | 27.3 लाख | 11.72 करोड़ |
| टॉप-3 राज्य | | |
| महाराष्ट्र | 3.87 लाख | 1.15 करोड़ |
| उत्तर प्रदेश | 2.45 लाख | 1.03 करोड़ |
| गुजरात | 1.61 लाख | 1.00 करोड़ |
| मेरा राज्य | 16 अप्रैल | |
| राजस्थान | 1.51 लाख | 1.07 करोड़ |

▪ देश में 10.20 करोड़ लोगों को पहली, 1.52 करोड़ को दोनों डोज लग चुकीं।

## यूं बढ़ रहा संक्रमण का फैलाव... एक महीने पहले देश के सबसे संक्रमित 10 शहरों में 9 अकेले महाराष्ट्र के थे, अब दूसरे राज्यों के 5 शहर भी शामिल

देश में अब 25 शहर ऐसे, जहां 10 हजार से ज्यादा सक्रिय मरीज; 1 मार्च तक सिर्फ 5 शहर ऐसे थे




| | पुणे | मुंबई | ठाणे | बेंगलुरू | नागपुर | दिल्ली | लखनऊ | रायपुर | चेन्नई | दुर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सक्रिय केस | 1,12,923 | 84,753 | 83,193 | 71,827 | 69,365 | 54,309 | 35,865 | 25,394 | 21,394 | 20,986 |
| कुल मौतें | 8,695 | 12,197 | 6,345 | 4,963 | 4,415 | 11,652 | 1,410 | 1,431 | 4,350 | 1,054 |

▪ महाराष्ट्र के बाद अब सबसे ज्यादा नए मरीज यूपी में मिलने लगे हैं, लेकिन मौतें अब भी छत्तीसगढ़ में यूपी से ज्यादा दर्ज हो रही हैं।

## बिहार में सबसे तेजी से बढ़ रहे हैं सक्रिय मरीज

| | रोजाना ग्रोथ |
|---|---|
| बिहार | 21.42% |
| असम | 19.90% |
| यूपी | 18.64% |
| ओडिशा | 16.78% |
| उत्तराखंड | 13.39% |
| दिल्ली | 13.01% |
| राजस्थान | 12.88% |

▪ चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में सक्रिय मरीजों की वृद्धि दर सबसे कम है।

कोरोना हारेगा या जीतेगा? ये इस बात से तय होगा कि हमने कितनी समझदारी दिखाई

# आज-कल कर्फ्यू जरूरी है...क्योंकि एक्टिव रोगी 50 हजार पार; रिकॉर्ड 7359 नए मरीज, 31 मौतें

**जयपुर** | राजस्थान में शुक्रवार शाम 6 बजे से सोमवार सुबह 5 बजे तक कर्फ्यू लागू है। फल-सब्जी, दूध समेत जरूरी सेवाओं को छोड़कर बाकी सबकुछ बंद रहेगा। ये जरूरी इसलिए है, क्योंकि प्रदेश में कोरोना अपने सबसे घातक दौर में है। शुक्रवार को रिकॉर्ड 7359 नए रोगी मिले, 31 मौतें हुईं। ऐसा पहली बार है, जब 33 में से 17 जिलों में मौतें दर्ज की गईं। एक्टिव मरीज भी पहली बार 50 हजार का आंकड़ा पार करते हुए 53813 पर पहुंच गए। इनमें से 40% से अधिक रोगी भर्ती हैं। जयपुर पहला जिला है, जहां एक्टिव रोगी 10 हजार के पार हो गए हैं। दो माह पहले की तुलना में अस्पतालों में अब ऑक्सीजन की मांग 3 गुना तक बढ़ गई है। आपात स्थिति में 10 हजार रेमडेसिविर इंजेक्शन जिलों को भेजे गए हैं। अब प्रदेश को रोज करीब 10 हजार रेमडेसिविर चाहिए। स्टॉक खत्म होने पर इसका भी टोटा पड़ सकता है। गंभीर रोगियों के लिए बड़ी समस्या ऑक्सीजन की आ सकती है। 4 जिलों में ही ऑक्सीजन प्लांट हैं। 29 जिलों के पास खुद की आक्सीजन की व्यवस्था नहीं है। **इधर, श्रीमाधोपुर विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत को भी कोरोना हो गया है।**

### बादल घने हैं... आज 4 लाख के पार हो जाएंगे रोगी, टॉप-10 संक्रमितों में होंगे हम



शुक्रवार शाम 6 बजे से कर्फ्यू लागू होने के बाद घने बादलों के बीच हवामहल के सामने पसरा सन्नाटा। फोटो | महेंद्र शर्मा

### पहली बार दो जिलों में 1000+ नए संक्रमित

| जिला | रोगी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जयपुर | 1201 | अजमेर | 342 | बारां | 152 |
| जोधपुर | 1144 | अलवर | 271 | राजसमंद | 149 |
| उदयपुर | 792 | डूंगरपुर | 257 | पाली | 149 |
| कोटा | 664 | भीलवाड़ा | 254 | सीकर | 142 |
| धौलपुर | 355 | सिरोही | 204 | चित्तौड़गढ़ | 100 |
| | | बीकानेर | 186 | हनुमानगढ़ | 110 |

▪ **सुखद...** प्रदेश को शुक्रवार को 11 लाख टीके और मिल गए। इनमें 9 लाख कोविशील्ड और 2 लाख कोवैक्सीन शामिल है।
▪ **फैसला...** प्रदेश में निजी और सरकारी कॉलेजों और यूनिवर्सिटी की सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। आदेश जारी हो गए हैं।

### वीकएंड कर्फ्यू : क्या खुला

▪ **उपचुनाव** : वोटिंग से जुड़ी प्रक्रिया पर कोई रोक नहीं।
▪ **कार्यक्रम** : शादी, अंतिम संस्कार में तय लोगों को जाने की छूट रहेगी।
▪ **मंडियां** : समर्थन मूल्य पर फसल खरीद की छूट।
▪ **दफ्तर** : जिला प्रशासन, पुलिस कंट्रोल रूम, नागरिक सुरक्षा, इमरजेंसी सेवा, नगर निगम, बिजली, टेलीफोन, स्वास्थ्य-परिवार कल्याण से जुड़े कर्मचारियों को छूट।
▪ मोबाइल कंपनी, इंटरनेट सेवाएं, प्रसारण, केबल सेवाएं, आईटी संबंधित सेवाओं से जुड़े दफ्तर।
▪ **बैंक व अन्य सुविधाएं**: बैंक, एटीएम, पेट्रोल पंप, एलपीजी रिटेल आउटलेट, बीमा कार्यालय।



▪ **यात्रा** : मेट्रो स्टेशन और एयरपोर्ट से आने-जाने वाले व्यक्तियों को यात्रा टिकट दिखाने पर अनुमति मिलेगी।
▪ **परिवहन** : सिटी बस, ऑटो, टैक्सी, मेट्रो, कैब चलेंगी।
▪ अन्तरराज्यीय और राज्य के भीतर माल परिवहन करने वाले भार वाहनों में लगे कर्मचारी।
▪ **मेडिकल** : गर्भवती और रोगियों को अस्पताल जाने की छूट। अस्पताल, मेडिकल स्टोर, लैब व उनके कर्मचारी।

▪ **मीडिया** : आई कार्ड के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रिंट मीडिया के कर्मचारियों को छूट।
▪ अखबार बांटने के लिए हॉकर्स को सुबह 4 बजे से 8 बजे तक छूट रहेगी।
▪ **दुकानें**: किराना, फल, सब्जी, डेयरी, पशु आहार की दुकानें।
▪ **टीकाकरण** : टीकाकरण स्थल पर जाने की अनुमति।
▪ **होटल** : रात 8 बजे तक होम डिविलरी। टेक-अवे की सुविधा नहीं होगी। इंदिरा रसोई में भोजन बनाने और बांटने का काम
▪ **उद्योग** : जरूरी वस्तुओं व निर्यात से जुड़ी यूनिट, मेडिकल उपकरण बनाने वाली फैक्ट्री, लगातार प्रोडक्शन वाली नाइट शिफ्ट वाली फैक्ट्री।

### क्या बंद — धार्मिक स्थल, स्कूल-कॉलेज-कोचिंग सेंटर और पार्क नहीं खुलेंगे

▪ **समारोह** : सार्वजनिक, सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर रोक रहेगी। धार्मिक समारोह, मेले, जुलूस पर भी रोक। खेलकूद, मनोरंजन के आयोजन नहीं हो सकेंगे।



▪ **मॉल** : मॉल और सिनेमाघर बंद।
▪ **कोर्ट** : दो दिन हाईकोर्ट और सभी अधीनस्थ कोर्ट बंद रहेंगी।
▪ **स्कूल-कोचिंग** : सभी शिक्षण संस्थाएं, कोचिंग, लाइब्रेरी बंद।
▪ **दफ्तर** : सरकारी दफ्तर।

स्काईमेट के बाद मौसम विभाग का अनुमान भी जारी

## देश में सामान्य लेकिन राजस्थान में भारी मानसूनी बारिश के आसार

### मौसम विभाग ने 98% बारिश की संभावना जताई

अनिरुद्ध शर्मा | नई दिल्ली

मौसम विभाग ने लगातार तीसरे साल सामान्य मानसून का अनुमान जताया है। इस साल 98% बारिश की संभावना है। मानसून के दौरान 4 माह में औसतन 88% बारिश होती है और इसके 96 से 104% बारिश होने को सामान्य मानसून कहा जाता है। दो दिन पहले निजी एजेंसी स्काईमेट ने पूर्वानुमान में 103% बारिश होने की संभावना जताई थी। मौसम विभाग ने इस वर्ष पहली बार अपने पहले ही पूर्वानुमान में बारिश वितरण की तस्वीर भी पेश की है। महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि राजस्थान, हिमाचल प्रदेश आदि में भारी बारिश के आसार हैं।

### आज भी अंधड़-बारिश संभव

### 52 किमी की रफ्तार से अंधड़, ओले-बारिश ने गिराया पारा



चूरू में ओले

**जयपुर** | साईक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम बनने से शुक्रवार को अलवर, जयपुर और चूरू में 40 से 52 किमी/घंटा की रफ्तार से अंधड़ आया। चूरू, श्रीगंगानगर, सीकर, अजमेर, जयपुर, पिलानी में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, इस सिस्टम का असर 17 अप्रैल को जयपुर और भरतपुर संभाग में रहेगा, इससे कई जगह तेज हवाओं के साथ बारिश होगी।

▪ **सीकर के धोद में अंधड़ की वजह से पुराने पोस्ट ऑफिस का छज्जा गिरने से डाक कर्मचारी की मौत हो गई।**

## रोडवेज बसों में प्रतियोगी परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी मुफ्त यात्रा कर सकेंगे

**जयपुर** | रोडवेज की साधारण व डीलक्स बसों में अब केंद्र और राज्य की प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी फ्री यात्रा कर सकेंगे। यह सुविधा प्रदेश के युवा ब्रांड एम्बेसडर्स को भी मिलेगी। सरकार से मंजूरी के बाद रोडवेज प्रशासन ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिए। रोडवेज सीएमडी राजेश्वर सिंह ने बताया कि युवा ब्रांड एम्बेसडर्स को यात्रा सुविधा आरएफआईडी कार्ड के आधार पर देंगे। यह सुविधा परीक्षा के एक दिन पूर्व से लेकर परीक्षा समाप्ति के अगले दिन तक मिलेगी। अभ्यर्थी को आई कार्ड साथ रखना होगा।

### उम्मीद की रोशनी

**आशा, विश्वास और हौसला देती खबरें**

भास्कर समूह के देश और दुनियाभर में फैले संवाददाता कोरोना से जुड़ा हर पहलू आप तक लगातार पहुंचा रहे हैं। इन सबके बीच भास्कर आज से '**उम्मीद की रोशनी**' सीरीज भी शुरू कर रहा है। इसके तहत **अंतिम पेज** पर ऐसी चुनिंदा खबरें और तस्वीरें होंगी, जो आपको आशा के उजाले का एहसास तो कराएंगी ही, साथ ही हौसला भी देंगी।

पढ़ते रहिए... **दैनिक भास्कर**

### संघ प्रमुख भागवत को अस्पताल से छुट्टी मिली



**नागपुर**| राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत को शुक्रवार को नागपुर के एक अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। भागवत एक सप्ताह पहले कोरोना पॉजिटिव हुए थे। अस्पताल से छुट्टी के बाद भी उन्हें पांच दिन तक होम क्वारेंटाइन रहना होगा।

### आईपीएल-21 रिजल्ट

**चेन्नई ने पंजाब को 6 विकेट से हराया**

पंजाब 106/8
चेन्नई 107/4

आज का मैच



मुंबई vs हैदराबाद

शाम 7:30 बजे से






## घेरे में घूसखोर• कुचामन नगर पालिका में एसीबी की कार्रवाई

# जेईएन ने चेक पास करवाने के बदले 12 हजार मांगे, गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | कुचामन सिटी

एसीबी सीकर की टीम ने कुचामन नगरपालिका में शुक्रवार को ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पालिका जेईएन को 12 हजार रुपए रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

नगर पालिका कुचामन क्षेत्र में सड़कों पर प्लास्टिक ब्रेकर लगाने के लिए पालिका ने एक टेंडर निकाला था, जो 5 लाख रुपए में निकाला गया और यह टेंडर पालिका के ठेकेदार नोलाराम, इकबाल के निकला था। इसके बाद ठेकेदार ने शहरी क्षेत्र में स्पीड ब्रेकर लगवा दिए। इस दौरान पालिका ने ठेकेदार को 4 लाख 20 हजार रुपए का भुगतान कर दिया था। शेष 80 हजार रुपए के भुगतान के लिए जब ठेकेदार पालिका के अधिकारियों के पास गया तो पालिका के जेईएन कमलेश चौधरी ने 80 हजार रुपए का भुगतान पास करवाने की एवज में ठेकेदार से रिश्वत मांगी। ठेकेदार ने कहा कि अभी उसकी स्थिति ठीक नहीं है, लेकिन जेईएन नहीं माना। उसने कहा कि 12 हजार की राशि देने पर ही उसका बाकी का भुगतान करवाया जाएगा। इसके बाद परिवादी ने 9 अप्रैल को एसीबी के टोल फ्री नंबर पर फोन कर इस मामले की जानकारी दी। इसके बाद एसीबी के अधिकारियों ने परिवादी से बातचीत कर उसे एसीबी सीकर कार्यालय बुलाया, जहां उसकी रिपोर्ट दर्ज कर इस मामले का सत्यापन किया। इसके बाद शुक्रवार को एसीबी सीकर के एडिशनल एसपी जाकिर अख्तर की मौजूदगी में इस कार्रवाई को अंजाम देकर जेईएन को रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

**एसीबी टीम को लोगों ने दिया धन्यवाद** : एसीबी की कार्रवाई की जानकारी जैसे ही सार्वजनिक हुई तो काफी लोग पालिका परिसर के बाहर एकत्र हो गए। एसीबी के अधिकारी जब बाहर आए तो लोगों ने नगर पालिका में अधिकारी को ट्रेप करने की कार्रवाई के लिए धन्यवाद दिया।

*परिवादी ने एसीबी के टोल फ्री नंबर पर जेईएन द्वारा रिश्वत मांगने की जानकारी दी। सत्यापन के बाद एसीबी सीकर की टीम ने अधिकारी को गिरफ्तार किया।*
**– दिनेश एमएन,** एडीजी एसीबी राजस्थान।

*पालिका जेईएन को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली है। उसके पैतृक गांव स्थित घर पर टीम सर्च कर रही है। आरोपी से पूछताछ जारी है। इस मामले में और भी किसी अधिकारी के तार जुड़े हुए मिले तो उस परभी कार्रवाई करेंगे।*
**–जाकिर अख्तर,** एडिशनल एसपी एसीबी सीकर

## जोधपुरः जिला अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर नहीं मिला, वृद्धा की हुई मौत

**जोधपुर** | जिला अस्पताल मंडोर में ऑक्सीजन की कमी के चलते एक महिला की मौत हो गई। बाद में दो अन्य भर्ती मरीजों को भी रेफर किया गया। हंसलाव की पाल मंडोर निवासी 70 वर्षीया भगवती देवी को सुबह डॉ. नरेंद्र सोलंकी ने मंडोर अस्पताल में भर्ती किया। उनकी दोपहर करीब 1:50 बजे अचानक तबीयत खराब हुई। परिजन डॉ. हुनवंत चौहान के पास गए तो भगवती देवी को एक इंजेक्शन लगवाया। उन्हें ऑक्सीजन की जरूरत थी, लेकिन सिलेंडर नहीं था। ऑक्सीजन नहीं मिलने से वृद्धा ने दम तोड़ दिया। डॉ. हुनवंत चौहान ने बताया कि मरीज को सुबह भर्ती करवाया था। उन्हें हाइपरटेंशन, डायबिटीज और हार्ट की समस्या थी। डॉ. नरेंद्र सोलंकी ने भर्ती किया था।

# बायतु में नए कृषि महाविद्यालय स्वीकृत, 29 पदों पर होगी भर्ती

### 60 विद्यार्थियों के साथ इसी साल शुरू होगा सत्र, भवन के लिए मिलेंगे 6 करोड़ रुपए

भास्कर न्यूज | जोधपुर

कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत बायतु (बाड़मेर) में नया कृषि महाविद्यालय स्थापित करने की राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त हुई है। बजट 2021-22 में इसकी घोषणा की गई थी। अब बाड़मेर क्षेत्र के विद्यार्थियों को कृषि अध्ययन के लिए अन्य जिलों में नहीं जाना पड़ेगा।राज्य सरकार द्वारा महाविद्यालय के लिए शैक्षणिक वर्ग के 13 पद, जिनमें 1 अधिष्ठाता/प्राचार्य, 2 सह आचार्य, 10 सहायक आचार्य की स्वीकृति दी गई है। अशैक्षणिक वर्ग में 16 पद, जिनमें सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, निजी सहायक, सहायक लेखाधिकारी, अनुभागाधिकारी, लिपिक, फॉर्म मैनेजर, प्रयोगशाला सहायक, कृषि पर्यवेक्षक एवं वाहन चालक, मशीन मय मैन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की स्वीकृति दी गई है। कुल 29 पदों की स्वीकृति मिली है। इसे सत्र 2021-22 से 60 विद्यार्थियों के साथ शुरू करने का प्रयास चल रहा है। प्रथम चरण में भवन निर्माण के लिए 6 करोड़ के प्रस्ताव को राज्य सरकार द्वारा सैद्धांतिक सहमति दे दी गई है।

---

## कार्यालय नगर परिषद अलवर (राज0)

क्रमांकः– जनस्वास्थ्य/2021/571 दिनांक 09.04.2021

### निविदा सूचना

नगर परिषद, अलवर में निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन निम्न निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | ऑनलाईन निविदा विक्रय/डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम दिनांक एवं समय | प्रोसेसिंग शुल्क, निविदा शुल्क एवं 50 रूपये का Bid Securing Declaration स्टाम्प पेपर भौतिक रूप में जमा कराने की दिनांक एवं समय | तकनीकी बिड प्रपत्र खोलने की दिनांक एवं समय | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद् सीमा क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक मूत्रालयों की सफाई–धुलाई का कार्य। | 35 लाख | 10.04.2021 से 22.04.2021 सायं 03:00 बजें तक। | 22.04.2021 को दोपहर 03:00 बजें तक। | 23.04.2021 को दोपहर 12:00 बजें | DLB2122SLOB01277 |
| 2 | नगर परिषद् सीमा क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालयों के रख–रखाव एवं सफाई–धुलाई का कार्य। | 58.48 लाख | 10.04.2021 से 22.04.2021 सायं 03:00 बजें तक। | 22.04.2021 को दोपहर 03:00 बजें तक। | 23.04.2021 को दोपहर 12:00 बजें | DLB2122SLOB01275 |

उक्त कार्य की शरायतें www.sppp.raj.nic.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद् अलवर

राज.संवाद/सी/21/603

---

## RAJASTHAN STATE INDUSTRIAL DEVELOPMENT & INVESTMENT CORPORATION LTD.

RIICO

(A Rajasthan Government Undertaking)

Udyog Bhawan, Tilak Marg, Jaipur- 302 005, Phone : 0141-2227751, 4593201
Fax : 0141-4593210 E - Mail : riico@riico.co.in Website : www.riico.co.in

**TENDER NOTICE**

RIICO invites tenders/bids costing more than **Rs. 200 lacs** through **eproc.rajasthan.gov.in** from registered, reputed and experienced contractors for under mentioned works. As such, this is to inform all the prospective bidders/contractors registered in appropriate class in any department or public undertaking of any state in India/GOI, that they may download & submit online tenders/bids for following works:

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.in Lacs) |
|---|---|---|
| 1. | इकाई प्रभारी, भिवाडी–(प्रथम) | |
| 1.1 | भिवाडी में स्थित सी ई टी पी प्लांट के उन्नयन, 6 एम एल डी जेड एल डी प्लांट स्थापित करने, रिजेक्ट मैनेजमेन्ट प्रणाली स्थापित करने एवं औद्योगिक क्षेत्र भिवाडी में स्थित उद्योगों से अपशिष्ट एकत्रित करने, उपचारित जल प्रणाली का पुनः उपयोग किये जाने एवं सम्पूर्ण प्रणाली का 10 साल के लिए संचालन एवं रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2122WLOB00037 | 16832.86 |

For online submission of tender/bid, please log on www.riico.co.in and www.eproc.rajasthan.gov.in. For queries please contact : **Sr. DGM (Civil), Ph : 0141-4593212**

Raj.Samwad/C/20/600

---

## नवोदय विद्यालय समिति

शिक्षा मंत्रालय (स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग)
बी-15, सैक्टर-62, नोएडा।
जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ. प्र. पिन-201309

### अधिसूचना

शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु दिनांक "**16.05.2021**" को मिजोरम, नागालैंड तथा मेघालय को छोड़कर अन्य सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2021 को प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। पुनर्निधारित तिथि, चयन परीक्षा की तिथि से कम से कम 15 दिन पूर्व अधिसूचित की जाएगी।

उपायुक्त (परीक्षा)

---

## BARODA RAJASTHAN KSHETRIYA GRAMIN BANK

Head Office: Ajmer

**Tender Notice for**

1- Empanelment of Vendors for Supply, Installation & Commissioning of UPS/Invertor Batteries
2- Empanelment of vendors for Disposal of Old Record (Bank's Old record)
3- Sale of Bank's old car
4-Purchase of Cargo/Delivery Van for Bank use

Baroda Rajasthan Kshetriya Gramin Bank invites Tender for 1- Empanelment of Vendors for Supply, Installation & Commissioning of UPS/Invertor Batteries, 2- Empanelment of vendors for Disposal of Old Record (Bank's Old record), 3- Sale of Bank's old car, 4- Purchase of Cargo/Delivery Van for Bank use

Details are available on Bank's website- www.brkgb.com

Date- 16.04.2021 General Manager

---

## पारादीप पत्तन न्यास

### ई-निविदा-व-ई-नीलामी सूचना

पत्तन से संबंधित सुविधाओं के लिए पत्तन आधारित पुंजी गहन उद्योगों/टैंक फार्मो/अन्य सुविधाओं की स्थापना के लिए लगभग **72** एकड़ पत्तन भूमि **60** (साठ) वर्ष की लंबी अवधि के लिए पट्टे पर आवंटित करने हेतु एक ई-निविदा-व-ई-नीलामी के जरिए बोली आमंत्रित किया जाता है जोकि वेबसाईट पर **13.04.2021** से **16.06.2021** तक उपलब्ध है।। इच्छुक बोलीदाता वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर लॉग इन कर सकते हैं।

उप सचिव

PPT/PR/10/2021-22, दिनांक : 16.04.2021

---

## कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर, जिला- अजमेर, राजस्थान

क्रमांकः न.पा.बि./स्टोर/2021–2022/176 दिनांकः 09.04.2021

### ई–निविदा–सूचना 01/2021–2022

नगरपालिका बिजयनगर द्वारा राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट **https://eproc.rajasthan.gov.in** पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन ई–निविदा सूचना सं. 1/2021–22 के कार्य संख्या 01 से 04 की अनुमानित लागत 90.00 लाख रूपये है ऑनलाईन निविदा दिनांक 13.04.2021 से 25.04.2021 समय सांय 06:00 बजे तक डाउनलोड की जाकर दिनांक 26.04.2021 को निविदा शुल्क, अमानत राशि एवं प्रोसेसिंग शुल्क की डी.डी. भौतिक रूप से समय 01:30 बजे तक कार्यालय जमा करवायी जा सकती है ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक 27.04.2021 समय दोपहर 02:00 बजे तक खोली जावेगी। ऑनलाईन निविदा से संबंधित अधिक जानकारी राजकीय वेबसाईट **https://eproc.rajasthan.gov.in** एवं **https://sppp.raj.gov.in/** पर उपलब्ध है। **NIB UBN Reference No. DLB2122A0232**

राज. संवाद/सी/478/2021–22 **अधिशाषी अधिकारी**

---

## कार्यालय नगर निगम, भरतपुर

क्रमांक :– न.नि.भ./निर्माण/2021–22/02–07 दिनांक :– 05.04.2021

### ई–निविदा सूचना– 01/2021–22

नगर निगम, भरतपुर द्वारा नगर निगम, भरतपुर में उपयुक्त श्रेणी में एवं अन्य विभागों के **"A"&"AA"** श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई प्रोक्योरमेन्ट प्रकिया से वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की महत्वपूर्ण शर्ते एवं विवरण वेबसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in** एवं **http://eproc.rajasthan.gov.in/** पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| कार्यो की संख्या | 18 कार्य |
| कार्यो की कुल लागत | 505.46 लाख |
| वेब साईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** से निविदा डाउनलोड करने की समय व तिथि | दिनांक 15.04.2021 से 05.05.2021 तक एवं सायं 6.00 बजे |
| वेब साईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** से ऑनलाईन निविदा अपलोड करने की अन्तिम समय व तिथि | दिनांक 05.05.2021 सायं 6.00 बजे |
| नगर निगम में प्रोसेसिंग शुल्क निविदा शुल्क की यूटी.आर. स्लिप एवं अमानत राशि का घोषणा पत्र का मूल स्टॉम्प भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि | दिनांक 06.05.2021 दोपहर 12.00 बजे |
| निविदा खोलने की समय व तिथि | दिनांक 07.05.2021 दोपहर 12.00 बजे |

**UBN Number:-**
1. DLB2122WSOB01462 2. DLB2122WSOB01465 3. DLB2122WSOB01467
4. DLB2122WSOB01471 5. DLB2122WSOB01474 6. DLB2122WSOB01476
7. DLB2122WSOB01478 8. DLB2122WSOB01479 9. DLB2122WSOB01480
10. DLB2122WSOB01481 11. DLB2122WSOB01482 12. DLB2122WSOB01483
13. DLB2122WSOB01484 14. DLB2122WSOB01486 15. DLB2122WSOB01489
16. DLB2122WSOB01492 17. DLB2122WSOB01495 18. DLB2122WSOB01496

आयुक्त
नगर निगम, भरतपुर

राज.संवाद/सी/21/615

---

## जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता (एम.एम.–प्रथम)
पुराना पॉवर हाऊस, बनीपार्क, जयपुर
टेलीफैक्सः 0141–2208098

### निविदा सूचना

अ)'ई–प्रोक्योरमेंट' निविदा सूचना

एच टी एक्स एल पी ई इंसुलेटेड केबल 11 के वी 185 Sq.mm 3 कोर (निविदा संख्या–4820) (UBN-VVN2122GLOB00009), विभिन्न साईज की 4 कोर व 2 कोर पीवीसी इंसुलेटेड आरमर्ड केबल (निविदा संख्या–4821) (UBN- UBN-VVN2122GLOB00011), एल टी एक्स एल पी ई इंसुलेटेड एरियल बन्च्ड केबल विद बेयर मेसेन्जर वायर 1Cx25+25 Sq.mm (निविदा संख्या–4822) (UBN- UBN-VVN2122GLOB00013), एलटी एक्स एल पी ई इंसुलेटेड एरियल बन्च्ड केबल विद बेयर मेसेन्जर वायर 3Cx25+25 Sq.mm (निविदा संख्या–4823) (UBN- UBN-VVN2122GLOB00015), एल टी एक्स एल पी ई इंसुलेटेड एरियल बन्च्ड केबल विद बेयर मेसेन्जर वायर (3Cx50+35 Sq.mm) (निविदा संख्या–4824) (UBN- VVN2122GLOB00018), रबर दस्ताने (निविदा संख्या–4825) (UBN- VVN2122GLOB00019), सुरक्षा हेलमेट (निविदा संख्या–4826) (UBN-VVN2122GLOB00021), एल टी एक्स एल पी ई इंसुलेटेड एसीएसआर रैबिट कंडक्टर (निविदा संख्या–4827) (UBN-VVN2122GLOB00038), एसीएसआर डॉग कंडक्टर (निविदा संख्या–4828) (UBN-VVN2122GLOB00039), एसीएसआर रैबिट कंडक्टर (निविदा संख्या–4829) (UBN- VVN2122GLOB00040), जीएस स्टे वायर 7/10 SWG (निविदा संख्या–4830) (UBN- VVN2122GLOB00041), 9 मीटर 200 किग्रा पीसीसी पोल (निविदा संख्या–4840) (UBN- VVN2122GLOB00016), विभिन्न साईज के एमएस बोल्ट्स व नट्स (निविदा संख्या–4841) (UBN- VVN2122GLOB00017), गैलवेनाईज्ड एम एस रोड टाईप अर्थिंग सैट (निविदा संख्या–4836) (UBN- VVN2122GLOB00008), एम एस फ्लैट 50x6 (निविदा संख्या–4835) (UBN-VVN2122GLOB00007), 33 केवी कॉस आर्म्स (एंगल) मय क्लैम्प व टॉप हैम्पर, 11 केवी क्रॉस आर्म्स (एंगल) मय क्लैम्प 65x65x6 व टॉप हैम्पर, 11 केवी टॉप हैम्पर बिना क्लैम्प, एलटी क्रॉस आर्म्स मय क्लैम्प 1200 एम एम व 600 एम एम (निविदा संख्या–4831) (UBN- VVN2122GLOB00003), 11/0.4 केवी ट्रॉन्सफार्मर सब स्टेशन स्ट्रक्चर ओन डीप व 1.4 मीटर लम्बे एमएस चैनल ब्रेकिट मय क्लैम्प (निविदा संख्या–4832) (UBN-VVN2122GLOB00004), 11 केवी सब स्टेशन स्ट्रक्चर (अर्बन), 1.8 मीटर लम्बे एमएस चैनल ब्रेकिट मय क्लैम्पए 33/11 केवी सब स्टेशन स्ट्रक्चर (रूरल), 9 मीटर 200 किग्रा पीसीसी पोल के लिये स्टे क्लैम्प (निविदा संख्या–4833) (UBN-VVN2122GLOB00005), 33 केवी लैटिस स्ट्रक्चर (42' लम्बे) एवं 33 केवी लैटिस स्ट्रक्चर (36' लम्बे)ए (निविदा संख्या–4834) (UBN-VVN2122GLOB00006), सेफ्टी बैल्ट (निविदा संख्या–4838) (UBN- VVN2122GLOB00012), लकड़ी की सीढ़ी (22'/20'/18') (निविदा संख्या–4839) (UBN-VVN2122GLOB00014), फर्स्ट–एड–बॉक्स (निविदा संख्या–4837) (UBN- VVN2122GLOB00010), 33 केवी जीआई पिन (निविदा संख्या–4803) (UBN- VVN2122GLOB00020), 11 केवी जीआई पिन (निविदा संख्या–4805) (UBN-VVN2122GLOB00023), जीएस स्टे सैट्स साईज 16x1800 एमएम एवं 20x2400 एमएम (निविदा संख्या–4804) (UBN-VVN2122GLOB00024), एबी केबल एसेसरीज (आई पी सी – टाईप ए एण्ड टाईप बी) (निविदा संख्या–4806) (UBN-VVN2122GLOB00025), 33 केवी एवं 11 केवी केबल टर्मीनेशन एवं जोईंटिंग किट (निविदा संख्या–4809) (UBN-VVN2122GLOB00027), एल्युमिनियम लग्स (निविदा संख्या–4808) (UBN-VVN2122GSOB00029), एलटी केबल के लिए जोईंटिंग किट (निविदा संख्या–4807) (UBN-VVN2122GSOB00030), 33 केवी पिन इंसुलेटर (पोर्सलीन) (निविदा संख्या–4813) (UBN-VVN2122GLOB00022), 11 केवी पिन इंसुलेटर (पोर्सलीन) (निविदा संख्या–4810) (UBN-VVN2122GLOB00026), 11 केवी कम्पोजिट पोलिमर पिन इंसुलेटर (निविदा संख्या–4817) (UBN-VVN2122GLOB00028), 11 केवी डिस्क इंसुलेटर– 45 के एन टी एण्ड सी एवं 45 के एन बी एण्ड एस टाइप (पोर्सलीन) (निविदा संख्या–4811) (UBN- VVN2122GLOB00031), 11 केवी 45 केएन कम्पोजिट पोलिमर इंसुलेटर टी एण्ड सी एवं 33 केवी 45 केएन कम्पोजिट पोलिमर इंसुलेटर बी एंड एस टाइप (निविदा संख्या–4816) (UBN- VVN2122GLOB00032), 33 केवी स्टे इंसुलेटर (निविदा संख्या–4814) (UBN-VVN2122GSOB00033), 33 केवी 800 एम्पीयर एवं 11 केवी 400 एम्पीयर आईसोलेटर बिना ईबी मय पोस्ट इंसुलेटर (निविदा संख्या–4812) (UBN- VVN2122GLOB00034), 33 केवी 800 एम्पीयर एवं 11 केवी 400 एम्पीयर आईसोलेटर की फिक्स्ड कॉन्टेक्ट (जॉ) एवं मुविंग कॉन्टेक्ट (पाइप) (निविदा संख्या–4818) (UBN-VVN2122GLOB00035), डॉग कंडक्टर के लिए पीजी क्लैम्प (निविदा संख्या–4819) (UBN-VVN2122GLOB00036), टूल बॉक्स (निविदा संख्या–4815) (UBN- VVN2122GLOB00037) की खरीद हेतु 'ई–प्रोक्योरमेंट' प्रणाली के अन्तर्गत निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के बारे में अन्य विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं http://energy.rajasthan.gov.in/jvvnl द्वारा जाने जा सकते हैं। भविष्य में निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन/तिथि बढ़ाने की जानकारी केवल वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं http://energy.rajasthan.gov.in/jvvnl पर उपलब्ध कराई जाएगी।

राज.संवाद/सी/20/609 जेपीआर–2615 (2021) अधीक्षण अभियन्ता (एम.एम–I)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

---


# भास्कर CLASSIFIED

BhaskarAd.com
अब Classified Ad ऑनलाइन बुक करें
Call : 9772019222

## एजुकेशन / EDUCATION

### कोचिंग क्लासेज

सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता बने एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी, नेचुरोपैथी, योग से, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, एवं NIOS बोर्ड द्वारा संचालित राजस्थान सरकार से व्यावसायिक दक्षता श्रेणी में रजिस्ट्रेशन कोर्स CCH, CAT, CHD, DNYS, YTTP करे, अन्य ANM, GNM, BSC नर्सिंग, डी फार्मा, Bangalore Education- 9001461022

## आवश्यकता / APPOINTMENT

### कायार्लयकर्मी

**MARUTI SUZUKI**
Royal Platinum Dealer
**Auric Motors**
(A unit of Audi Motors Pvt. Ltd.)
Invites Applications for Below-mentioned Position-
**ARENA & NEXA**
*For Service*
- Senior Technician- 2
- Technician - 4
- Service Advisor - 3
- Body Shop Advisor - 2
- Technical Advisor - 2 (All Candidates Preferred ITI, Diploma, B-Tech)
- Cashier/Accountant - 1
- DSE (Sales Executive) - 1
- Customer Care Executive - 4

Preference to Candidates having experience in Automobile
Please Call on **9414138510**
send your resume on hr.bkn@auricmotors.com
Nexa Service Shastri Circle
14-A, Heavy Industrial Area, ITI Circle, Saras Dairy Road, Jodhpur
Ph.: 0291-2980917

नौकरी बिना इंटरव्यू मेन्टेनेन्स कंपनी को लड़के- लडकियाँ चाहिए! भारी मात्रा में राजस्थान में जिलेनुसार भर्ती 8घंटा ड्यूटी, Sunday छुट्टी अनपढ़, 5th, 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट वेतनमान 12000/-, 15000/-, 22000/-, 45000/-, 75000/- रहना +खाना +फण्ड +मेडिकल, हाथोंहाथ ड्यूटी 7827942643, 7827044185, 9310772805, 9318373557, 8368402623, 7042239937, 8512877495, 7982961682

कशल, अर्द्धकुशल कारीगर, लकड़ी, एल्युमिनियम दरवाजेवेल्डर, सिलाई, हैल्पर, ओफिस बॉय, सैल्समेन, एकाउन्टेन्ट, स्टोरकीपर हेम्स डेकोरेशन गोल बिल्डिंग, जोधपुर 7339711482

## सर्विसेस / SERVICES

### ब्यूटीपार्लर-स्पा

Newly Open SPA Full Body, Service by Local Staff, Good Relaxation. 8769608901, 7014985118

### फाइनेंस

सिद्धिविनायक फाइनेंस विभिन्न योजना द्वारा, प्रॉपर्टी, पर्सनल, मार्कशीट, बीपीएल, आधार कार्ड, समस्त लोन घर बैठे (2% ब्याज 50% छूट) 7494923009

CITY GROUP फाइनेंस द्वारा ऑनलाइन लोन- आधार, सर्टिफिकेट, प्रोपर्टी, पर्सनल, मात्र 24 hour. (2% ब्याज) (40% छूट) (महिलाओं/ किसानों हेतु छूट) 9696952617, 9696068981

श्रीबालाजी फाईनेस (8वी- 10वी) पास आधार पर (1,00,000 -90,00,000 लोन) सर्टिफिकेट/ प्रॉपर्टी/ पर्सनल/ बिज़नेस/ एग्रीकल्चर/ इंटभट्टा/ दुकानदारी, (2% ब्याज) (50% छूट) (सिविल खराब लोन पाए) 7497800289, 9315571285

### शिक्षाकर्मी

Mahapragya International School, 10+2 CBSE, Nirman Nagar Requires Teachers For Senior Classes English, Political Science, History And Maths. Mail@ mis.jaipur@gmail.com

### सेल्स एण्ड मार्केटिंग

जयपुर स्थित Transformer Company आवश्यकता: SALES MANAGER, SALES Executives [D.G. Set/ Solar/ Servo/ Pannel/ CTPT लाईन में 02 वर्ष अनुभव आवश्यक] Salary- 15,000- 50,000/- 9057280534, ed.neeru2016@gmail.com

### नर्स

आवश्यकता है ( Male & Female Nursing Staff व् Lab Technician ) Good Salary,हॉस्पिटल शेरगढ़, जोधपुर बायोडाटा भेजें संपर्क:- 8949871438, 9828554734

### तकनीशियन

Global Build Estate Projects Pvt. Ltd. Positions available for MEP Engineer/ Civil Engineer/ Forman/ Building Crane/ Plant Operator (Minimum Experience 10 yers). Supervisor/ Store Incharge (5- 10 years experience). Interested Candidate May Email Resum at: hr@globalprojects.in ,Location Pan India 9413970111, 0141-2294432

### डाटाएंट्री ऑपरेटर

कम्प्यूटर लैपटॉप या स्मार्टफोन से घर बैठे डाटा एन्ट्री कार्य करे और सुनिश्चित कमाए 12000 से 36000 PM 8079046678, 9359716539

### तकनीशियन

★ आवश्यकता- Senior Manager Maintenance (4) by an Automobile Carriers Logistic Company for Jaipur Office to Maintain Large Fleet of Ashok Leyland/ Tata Trucks & Trailors. Minimum 5 Years Experience Must. Mail Resume:- job@khaitanmail.com

### पार्टटाइम

✓ ARTEL 4G SMS जॉब घरबैठे पार्ट/ फुलटाइम/ एनीटाइम SMS भेजकर कमाए (19500- 48500) महिना लड़के लडकिया, गृहणिया ,रिटायर्ड कर्मचारी Student बिना इंटरब्यु डायरेक्ट ज्यानिंग लेटर) लैपटॉप +मोबइल +printer SMS खर्च कंपनी द्वारा नोकरी हेतु नामपता Qualification SMS WhatsApp# 7970699542. 7319608784

Telecom 4G कंपनी (SMS Job) करके लड़के/ लड़कियाँ, गृहणियां घर बैठे कमाए 18,500- 45,000 महीना लैपटॉप +मोबाइल Call /sms, Whatsapp करे 09905851846, 07870153740

टेलीकाम 4G कम्पनी SMS JOB लड़के/ लड़कियाँ, गृहणियां घर बैठे कमाएं 16,500/- 55,500/- महीना (लैपटॉप +मोबाइल) (नौकरी हेतु नाम पता QUALIFICATION/ SMS/ WHATSAPP)- 8986497985, 8603815952

ARTEL 4G कंपनी SMS जॉब लड़के लडकियों गृहणियां घर बैठे (18,600- 35,800) महीना लैपटॉप+ मोबाइल फ्री (Call SMS/Whatsapp) -7481996399, 9142855891

### अकाउन्टेन्टकर्मी

★ आवश्यकता- Senior Accounts Officer-(2) by an Automobile Carriers Logistics Company for Jaipur Office. Knowledge of TALLY and GST with Minimum 5 Years Experience Must. Mail Resume:- job@khaitanmail.com

### अन्य

एयरपोर्ट भर्ती अनपढ़ -ग्रेजुएट लड़के -लड़कियों की आवश्यकता सुपरवाइजर, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर सेलरी 25500 से 72500 रहना खाना 7496844374, 7495966751

सोने के कारीगर चाहिए मोहाली, पंजाब में। सैलरी 10000/- से 30000/-, रहना और खाना उपलब्ध्। WhatsApp/ कॉल करें: 9814602118, 7743010611

किराणे कार्य का 5 साल अनुभवी सहायकर्मी की आवश्यकता जिसे किराणे कार्य की पूरी जानकारी हो, वेतन योग्यतानुसार, 9414129482

✓ आयुर्वेदिक कंपनी शिक्षित बेरोजगार महिलाएं ,पुरुष ,लड़के ,लड़कियां, गृहणियां घरबैठे आयुर्वेदिक दवा पैकिंग करके 15000/-से 30000/- महीना कमाएं एनओसी चार्ज 2150/- संपर्क:- 7718153965

AIRPORT हेतु पक्की नौकरी अनपढ़- ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियाँ) 42700- 79700 हैल्पर, लोडर, चेकर, सुपरवाईज़र, रहना+ खाना+ फंड+ बोनस #9468226944, 9468122604

एयरपोर्ट हेतु डारेक्टर भर्ती अनपढ़- ग्रेजुएट लड़के- लडकिया को आवश्यकता सुपरवाइज़र, मैनेजर, हेल्पर, ड्राइवर, लोडर रहना+ खाना+ मेडिकल फ्री सैलरी- 35,500- 85,500/- 7496034223

## ज्योतिष / ASTROLOGY

### ज्योतिष

फीस नहीं ईनाम लूंगा | गुरु पाशाजी (गोल्डमेडलिस्ट)मनचाहा प्यार/शादी, गृहक्लेश, तलाक, दुश्मन छुटकारा |घर बैठे AtoZ समाधान |# 09084823714, 07900428687

माँ अम्बिका ज्योतिष (जोधपुर) (घर बैठे काम) गृहक्लेश, व्यापार, पति पत्नी अनबन, लवप्रोब्लम, वंशीकरण, शादी रुकावट, कर्ज छुटकारा, किया कराया, जीवन सभी समस्याओं गारण्टी समाधान, सरदारपुरा जोधपुर 9610530304

रामसापीर ज्योतिष लवप्रॉब्लम, विवाह रुकावट, छुटा-छेड़ा, गृहक्लेश, रुकाकाम, संतानयोग, बिजनेश प्रॉब्लम, प्रेमलग्न, स्त्री- पुरुष अनसबन, मेली वस्तु A to Z कार्य- 9998382951

खुला चैलेंज सौतन- दुश्मन छुटकारा, मनचाहा प्यार, गृहक्लेश, गड़ाधन, प्रेमविवाह, संतानप्राप्ति सभी समाधान, घर बैठे! (अकबर बंगाली (तांत्रिक)- 7017982439, 9871922269

मुझसे पहले काम करने वाले को इनाम | गुरु दयाशंकर भारती |स्पेशलिस्ट: प्रेमविवाह, पति-पत्नी अनबन,गड़ाधन, प्यार में धोखा |# 09634156121,08273459307

## प्रॉपर्टी / PROPERTY

### कॉमर्शियल-फॉर सेल / COMMERCIAL-FOR SALE

#### मल्टीस्टोरी

सोजती गेट चौराहा पर प्राईम लोकेशन पर 750 sq ft की कॉमशियल प्रोपर्टी बिकाऊ, सम्पर्क- 9664389886

### गैर रिहायशी

For Sale Iodised Salt Refinery and Spices Plant in Falodi & Gujrat. Commercial Land in Bagru and Pushkar, Solar Energy Land in Bikaner. Contact : Spectrum Foods Ltd. 9321722004, 9314448585, 0141-2379483, salt@suryasalt.com

### रेसीडेंशियल-फॉर सेल / RESIDENTIAL- FOR SALE

#### बंगला

✓ 50*45 ft double storey , Ample parking area with gardening for immediate sale in Nandari Road opposite shiv mandir- Contact- 9785423451- 9785841321

## बिजनेस / BUSINESS

### डीलर एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर

मरुधर अनिर्मित तम्बाकू हेतु राजस्थान के विभिन्न जिलों में डिस्ट्रीब्यूटर की आवश्यकता सीकर, नागौर, दौसा, बाड़मेर, जोधपुर, चूरू, झुंझुनू, गंगानगर, भिवाड़ी, अलवर- 9828096689, 9529998888

### होमबेस बिजनेस

नवरात्रा स्पेशल घर बैठे पत्तल- दौना मशीन पर काम करें 50000 तक महिना कमाये गारण्टेड कच्चा माल लेवे+ तैयार देवे 10 साल कोर्ट एग्रीमेन्ट+ ट्रांसपोर्ट+ ट्रेनिंग फ्री मशीन के साथ रोल फ्री जोधपुर 8690080268

### फाइनेंस


खर्चा लोन से कटेगा समस्त लोन 2- घंटो में 2%- ब्याज, 40%- छूट हिन्दुस्तान फाइनेंस धोखेबाजों से सावधान 8954155888, 9675066166

## टूर्स एंड ट्रेवल्स / TOURS &TRAVELS

### इमीग्रेशन

"कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड" 2 से 4 साल का वर्क वीजा, PR पायें। कमायें 2- 3 लाख महीना। रहना- खाना कंपनी का। चाहिए कारपेंटर, मैसन, हैल्पर, पलम्बर, इलैक्ट्रीशियन, IT। डिप्लोमा होल्डर, सुपरवाईजर, कुक, पैकर, वेटर, स्टोरकीपर, ड्राईवर, ऑपरेटर इत्यादि। कोई एडवांस नहीं: 9115551834

Dainik Bhaskar GROUP
पाठकों को इस प्रकाशन में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले उपयुक्त पूछताछ करने और उचित परामर्श लेने की सलाह दी जाती है। डीबी कॉर्प लिमिटेड विज्ञापनदाताओं के उत्पादों और सेवाओं को लेकर किए गए दावों की जिम्मेदारी नहीं लेता है। डीबी कॉर्प लिमिटेड के प्रिंटर, प्रकाशक, संपादक और मालिक। -अगर विज्ञापनदाता ऐसे दावों का सम्मान नहीं करते हैं तो दैनिक भास्कर प्रकाशन समूह को किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकेगा।



आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

राजस्थान

dainikbhaskar.com | बाड़मेर, शनिवार, 17 अप्रैल, 2021 | चैत्र, शुक्ल पक्ष-5, 2078 | 12 राज्य | 65 संस्करण

15 अप्रैल, 2021
**6769**
नए केस। बंगाल अपने पिछले पीक को पार कर चुका है।

1 अप्रैल, 2021
**1274**
नए केस आए थे।

**बंगाल में पिछले 15 दिन में रोज मिलने वाले मरीज 5 गुना से ज्यादा बढ़ गए**

कोरोना महामारी के कारण जीवन लॉकडाउन हो सकता है, परीक्षाएं रद्द हो सकती हैं; कारोबार बंद हो सकते हैं तो...

# चुनावी रैलियों पर पूर्ण प्रतिबंध क्यों नहीं

## चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कहा-शाम 7 बजे के बाद रैलियां नहीं होंगी...ये नहीं बताया कि कोरोना शाम को फैलता है क्या?



दमदम में जेपी नड्डा का रोड शो।

**कोलकाता** | बंगाल में चुनाव का आगाज 27 मार्च से हुआ था मगर इसके लिए जोर आजमाइश जनवरी से ही शुरू गई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के तेवर तो सभी को याद हैं। मगर उस समय बंगाल में कोरोना नियंत्रण में था। मगर अब बंगाल 22 अक्टूबर, 2020 के अपने पिछले पीक को भी पार कर चुका है। तब एक दिन में 4157 आए थे, जबकि 15 अप्रैल को 6769 हो गए। इसके बावजूद राज्य में रैलियां जारी हैं। जबकि यहां कांग्रेस व आरएसपी के एक-एक प्रत्याशी की कोरोना से मौत हो चुकी है, दो प्रत्याशी और संक्रमित हैं।

## सिर्फ जनता ही परेशान नहीं, कोरोना से अब तक दो प्रत्याशियों की मौत हो चुकी, अलग-अलग दलों के दो और संक्रमित हैं



नदिया में ममता बनर्जी की सभा।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोरोना संक्रमण का हवाला दे चुनाव आयोग से बाकी के चरणों का चुनाव एक साथ कराने की अपील की, बाहरी लोगों के आने पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की। हालांकि वे खुद रैली करने से पीछे नहीं हटी। शुक्रवार को ममता बनर्जी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रैलियां और रोड शो किए। उधर, चुनाव आयोग ने भी रैलियों पर रोक तो लगाई, लेकिन शाम 7 बजे के बाद। दिन में रैलियों को खुली छूट है।

...इधर राजस्थान में उपचुनाव का प्रचार निपटने के बाद आया सुझाव

## वर्चुअल रैली से भीड़ रोक सकते थे नेता अगर चाहते तो, ज्यूडिशियरी और आयोग भी जिम्मेदार: गहलोत

### सीएम बोले- राज्यों के विरोध के बाद भी कोर्ट ने चुनाव के आदेश दे दिए...



**जयपुर** | राजस्थान में तीन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए शनिवार को मतदान होना है। सीएम अशोक गहलोत ने शुक्रवार को ज्यूडिशियरी और चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो हम पब्लिक को कोविड प्रोटोकॉल फॉलो करने के लिए कहते हैं और दूसरी तरफ चुनावों में लाखों लोगों की भीड़ की रैलियां और रोड शो होते रहे। ऐसा सब बिहार चुनाव से ही हो रहा है। राजनेता चाहते तो वर्चुअल रैली जैसे विकल्पों का इस्तेमाल कर भीड़ इकट्ठा होने से रोक सकते थे। सीएम ने कहा कि ज्यूडिशियरी और चुनाव आयोग भी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट ने राज्यों के विरोध के बावजूद पंचायतों एवं स्थानीय निकायों के चुनाव करवाने के आदेश दे दिए। नेताओं ने जमकर प्रचार किया और भीड़ आती रही। कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी ने ठीक कहा कि कोरोना संक्रमण फैलने के लिए हम राजनेता भी कुछ हद तक दोषी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूर्व की तरह राज्यों से इस बारे में विस्तार से चर्चा करनी चाहिए।

### रियलिटी...तीनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस-भाजपा और आरएलपी ने 16 दिन में करीब 75 रैलियां कर डालीं



तस्वीर सहाड़ा की है। 16 दिन के अंदर कांग्रेस-भाजपा और आरएलपी ने ऐसी करीब 75 चुनावी रैलियां कीं।

### फेसबुक लाइव में चेताया- सहयोग करें, वरना और सख्ती करनी पड़ेगी

बढ़ते संक्रमण को देखते हुए सीएम गहलोत ने शुक्रवार रात सोशल मीडिया पर लाइव आकर आमजन से कोविड प्रोटोकॉल की पालना करने की अपील की। गहलोत ने कहा कि राज्य में पड़ोसी राज्यों से अच्छी स्थिति है। राज्य सरकार नहीं चाहती थी कि वीकेंड कर्फ्यू लगाया जाए, लेकिन लोग लापरवाह हो गए समझाने के बावजूद नहीं मान रहे। चुनाव के दौरान तो सारी हदें पार कर दीं। ज्यूडिशिनरी ने भी चुनाव करवाने को कहा। कुछ हद तक हम भी जिम्मेदार हैं।

### संस्थाओं को दोष देना शर्मनाक : राठौड़

- *राज्य में कोरोना संक्रमण रोकने में विफल साबित हो रहे सीएम गहलोत का केंद्र के बाद अब उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करना दुर्भाग्यपूर्ण व शर्मनाक है।* - **राजेन्द्र राठौड़,** उपनेता प्रतिपक्ष
- *जब कोरोना पीक पर था तब भी कोरोना प्रबंधन पर ध्यान देने के बजाय मुख्यमंत्री जयपुर से लेकर जैसलमेर तक होटलों में विधायकों की बाड़ेबंदी में व्यस्त रहे।* - **सतीश पूनियां,** प्रदेशाध्यक्ष, भाजपा

## न्यूज ब्रीफ

### मसाज के बूते उगाए सबसे महंगे खरबूजे



ये खास जापानी खरबूजे हैं। एक की कीमत 9,000 रुपए है। मलेशिया के तीन किसानों ने इन्हें अपने देश में उगाया और अब 3,000 रुपए में बेच रहे हैं। किसानों ने इन्हें उगाने के लिए 10 साल तक प्रयोग किए। वहीं, म्यूजिक सुनाया और मसाज भी की। दावा है कि इससे खरबूजे की मिठास बढ़ती है।

### आईसीएसई ने भी 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाएं टालीं

**नई दिल्ली** | कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए आईसीएसई ने भी 12वीं और 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं टाल दी हैं। नई तारीखों पर फैसला 1 जून को स्थिति की समीक्षा के बाद होगा। सीआईएससीई ने शुक्रवार को कहा कि 10वीं बोर्ड की लिखित परीक्षा वैकल्पिक रखी जाएगी। इससे पहले सीबीएसई ने 12वीं बोर्ड की परीक्षा टाल दी थी।

### मारुति ने कारों के दाम 22,500 रु. तक बढ़ाए

**नई दिल्ली** | देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को विभिन्न मॉडलों के दाम 22,500 रुपए तक बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की वजह से यह कदम उठाना पड़ रहा है। दाम में वृद्धि तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

### मैडमजी




दोहरी परीक्षा • उपचुनाव में वोट देना है, कोरोना से बचना है

## आज 3 सीटों पर 7.4 लाख वोटर 27 उम्मीदवारों का भाग्य लिखेंगे

### कोरोना संक्रमित शाम 5-6 पीपीई किट में दे सकेंगे वोट

**जयपुर** | ये लोकतंत्र की दोहरी परीक्षा का वक्त है। खुद को कोरोना से भी बचाना है और मतदान भी करना है। प्रदेश की तीन विधानसभा सीटों (सहाड़ा, सुजानगढ़, राजसमंद) विधानसभाओं में उप चुनाव के तहत शनिवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। कोविड संबंधी सभी दिशा-निर्देशों की कड़ी पालना के साथ मतदान कराया जाएगा। मतगणना 2 मई को होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों को कोविड प्रोटोकॉल के तहत तैयार किया गया है। कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आयोग ने मतदान के अंतिम घंटों यानी सायं 5 से 6 बजे के मध्य कोरोना संक्रमित, कोरोना संदिग्ध और क्वारेंटाइन में रह रहे मतदाताओं को उनकी सहमति पर पूरे प्रोटोकॉल के साथ मतदान करवाने की व्यवस्था की है। केंद्रों पर संक्रमितों के लिए अलग से प्रतीक्षा कक्ष बनाया जाएगा और आने वाले प्रत्येक संक्रमित मतदाता को पीपीई किट भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### मतदान के लिए खास इंतजाम; बूथ पर थर्मल स्कैनर से तापमान मापेंगे, ग्लव्स देंगे

- सभी बूथ हाइपोक्लोराइट से सेनेटाइज कराए गए।
- प्रवेश से पहले थर्मल स्कैनर से तापमान नापेंगे।
- बिना मास्क लगाए बूथ पर प्रवेश नहीं मिलेगा।
- मतदान से पहले ग्लव्ज भी उपलब्ध कराएं जाएंगे।
- सभी बूथ पर गोले बनाए गए हैं, जहां मतदाता सोशल डिस्टेंसिंग के साथ बारी का इंतजार करेंगे।
- कोरोना संक्रमितों या संदिग्धों के लिए शाम 5 से 6 बजे तक मतदान करने की व्यवस्था की गई है।

### सुजानगढ़ में सर्वाधिक 2.75 लाख वोटर

| विधानसभा | कुल प्रत्याशी | मतदाता |
|---|---|---|
| सहाड़ा | 8 | 247287 |
| सुजानगढ़ | 9 | 275940 |
| राजसमंद | 10 | 222531 |
| कुल | 27 | 745758 |

### वोटर के लिए ये गाइडलाइंस तय कीं...

- बूथ पर निर्वाचन आयोग की ओर से दिए जाने वाले हैंड ग्लव्स को पहनकर ही ईवीएम का बटन दबाएं। उपयोग के बाद उसे वहां पड़े कचरा पात्र में फेंक दें।
- निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाता स्लिप के साथ दी गई वोटर गाइड बुक को पढ़कर जाएं। ▪ मतदाता की पहचान से जुड़े तय 11 दस्तावेज में से एक जरूर लेकर जाएं। ▪ मतदाता पर्ची बूथ नंबर व अन्य जानकारी की सुविधा के लिए रहेगी, इसे आईडी के रूप में नहीं माना जाएगा। यह सिर्फ वोटर इन्फोर्मेशन के लिए है।

## पीएनबी घोटाला : जल्द भारत लाया जाएगा नीरव, ब्रिटेन के गृह मंत्री की प्रत्यर्पण को मंजूरी



**लंदन** | करीब 13 हजार करोड़ रु. के पीएनबी घोटाले के आरोपी नीरव मोदी के आखिरकार भारत आने का रास्ता साफ हो गया है। सीबीआई के मुताबिक ब्रिटेन के गृह मंत्री ने प्रत्यर्पण को हरी झंडी दे दी है। धोखाधड़ी में उसका मामा मेहुल चोकसी भी शामिल है। वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 25 फरवरी को ही नीरव के खिलाफ पर्याप्त सबूत होने की बात मान ली थी और उसकी सभी दलीलों को खारिज करते हुए प्रत्यर्पण का आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश को गृह मंत्रालय को भेजा गया था। नीरव ने मानसिक स्वास्थ्य का हवाला दिया था, लेकिन कोर्ट ने राहत नहीं दी थी।

जोधपुर • ननद की 15 साल की बेटी बिस्तर रखने गई तो बदबू से खुला राज

## फोन करने पर टोका तो भाभी ने सोती हुई ननद को कुल्हाड़ी मारी, मुंह-नाक बंद कर हत्या की

### कूलर की आवाज में दबी चीखें, शव को बक्से में छिपाकर ऊपर से बिस्तर डाला

**जोधपुर** | ये रिश्तों के कत्ल की कहानी है। जोधपुर के झंवर थाना इलाके के बड़लिया गांव में एक महिला ने 40 साल की ननद की हत्या कर दी। कारण- ननद ने फोन पर किसी से बात करने पर भाभी को टोककर भाई से शिकायत करने की बात कही थी। नाराज भाभी ने सो रही ननद पर पहले कुल्हाड़ी से वार किया। फिर हत्या कर दी। भाभी को गिरफ्तार कर लिया गया है। झंवर के बड़लिया निवासी रेखा (40) की दो बेटियां हैं। पति की मौत हो चुकी है। 14 अप्रैल को उसकी भाभी पूजा उससे मिलने आई थी। पूजा अक्सर फोन पर किसी से बात करती थी। रेखा ने टोका और भाई से शिकायत की बात कही तो वह नाराज हो गई। शादी टूटने के डर से रात को सोते समय रेखा के सिर पर कुल्हाड़ी मारी। फिर मुंह व नाक बंद कर हत्या कर दी। रेखा की चीखें कूलर की आवाज में दब गईं। फिर पूजा ने भीतर के कमरे में रखे बक्से में रेखा के शव को डालकर ऊपर बिस्तर रख दिए थे। एक दिन बाद रेखा की 15 साल की बेटी बिस्तर रखने गई तो बदबू से राज खुला।

रिपोर्ट में दावा • भाजपा-कांग्रेस के समर्थन में चल रहे थे फर्जी खातों के दो-दो नेटवर्क

**ये राजनीति है...** सांसद का नाम पता है, पर बताएंगे नहीं

## फेसबुक फर्जी खातों को हटाना चाहता था, भाजपा सांसद के कारण पीछे हटा

**नई दिल्ली** | फेसबुक ने भारत में फर्जी खाते हटाने की योजना बनाई थी। लेकिन जब उसे मामले में एक भाजपा सांसद के सीधे शामिल होने के सबूत मिले तो वह पीछे हट गया। फेसबुक की एक पूर्व डेटा साइंटिस्ट सोफी झांग ने यह दावा किया है। द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक झांग कहती हैं- भारत के करीब सभी दल फेक लाइक, शेयर्स का इंतजाम कर लेते हैं। मैंने दिसंबर 2019 में संदिग्ध फेसबुक खातों वाले 4 नेटवर्क का पता लगाया था। इनसे फर्जी लाइक्स, शेयर्स, कमेंट्स व रिएक्शंस का प्रसार हो रहा था।

### चेकपॉइंट प्रणाली से पकड़ा सांसद का संदिग्ध खाता

फेसबुक की चेकपॉइंट प्रणाली से भाजपा सांसद की संलिप्तता का पता चला। 19 दिसंबर 2020 को 500 खाते चेकपॉइंट को भेजे गए थे। यह प्रणाली उपयोगकर्ता को उसके असली नाम के साथ सिर्फ एक खाता रखने की मंजूरी देती है।' अखबार का कहना है कि उसे उस भाजपा सांसद का नाम मालूम है। लेकिन जब तक उसके खिलाफ सभी पुख्ता सबूत नहीं मिलते, वह नाम नहीं उजागर करेगा।

### फेसबुक की सफाई हम इन आरोपों से कतई सहमत नहीं

फेसबुक प्रवक्ता लिज बुर्जुआ बोले- झांग के आरोपों से असहमत हैं। हम अपने प्लेटफार्म का दुरुपयोग रोकने की कोशिश करते हैं।

## हाईकोर्ट और सभी अधीनस्थ कोर्ट आज बंद रहेंगी... 19 से सुबह 8 बजे खुल जाएंगी

**जयपुर/जोधपुर** | हाईकोर्ट की जोधपुर मुख्यपीठ व जयपुर पीठ सहित सभी अधीनस्थ अदालतों, विशेष कोर्ट व ट्रिब्यूनल्स में शनिवार को न्यायिक व ऑफिस कार्य निलंबित रहेगा। वीकेंड कर्फ्यू के चलते हाईकोर्ट प्रशासन ने इसका आदेश जारी किया है। इस दिन हाईकोर्ट में शनिवार को न्यायिक कामकाज नहीं होता है, पर 17 अप्रैल शनिवार को कार्य दिवस घोषित कर रखा था। इसी बीच, ग्रीष्मकाल में 19 अप्रैल से 27 जून तक अब हाईकोर्ट में न्यायिक कार्य सुबह 8 बजे से दोपहर एक बजे तक होगा। 10:30 बजे से 11 बजे तक लंच रहेगा। अधीनस्थ कोर्ट भी न्यायिक कार्य का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा।


भास्कर खास • बेजोस ने अमेजन के सीईओ के रूप में शेयरधारकों को अंतिम खत लिखा, एंडी जेसी नए सीईओ

## जेफ बेजोस ने दिए सफलता के दो सूत्र, कहा- उपभोग से ज्यादा पैदा करना सीखें, 21वीं सदी में समय ही सबसे बड़ी पूंजी होगी

**Bloomberg**
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

अमेजन के संस्थापक 57 साल के जेफ बेजोस ने गुरुवार को सीईओ का पद छोड़ने से पहले शेयरधारकों को अंतिम चिट्ठी लिखी। 2020 में हर सेकंड 1.81 लाख रुपए कमाने वाले बेजोस ने चिट्ठी में कंपनी का विजन बताते हुए भविष्य में अपने 13 लाख कर्मचारियों की सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर साथ देने का संकल्प भी जताया। यह भी बताया कि किस तरह वे अमेजन को 120 लाख करोड़ रुपए की कंपनी बनाएंगे। पेश है शेयरधारकों को लिखे पत्र के संपादित अंश...

### बिना वैल्यू दिए कोई भी बिजनेस सफल नहीं होता, हमारे लिए ग्राहक और उसकी संतुष्टि ही पहली प्राथमिकता



यदि आप बिजनेस में सफल होना चाहते हैं (जीवन में और हकीकत में भी), तो आपको उपभोग से अधिक पैदा करना सीखना होगा। आपका लक्ष्य उन सभी के लिए वैल्यू पैदा करना होना चाहिए, जिनके साथ आपका रोज का जुड़ाव होता है। कोई भी बिजनेस जो वैल्यू पैदा नहीं कर सकता, वह हमें भले ही सफल होता दिखाई दे रहा हो, लेकिन वह लंबे समय के लिए टिक नहीं सकता। हमारे लिए सर्वोपरि हमारा ग्राहक है। हम उन्हें कम कीमत, चयन के लिए बड़ी श्रृंखला और फास्ट डिलिवरी देते हैं। लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि उनका समय कैसे बचाएं। बात जब ग्राहक की आती है, तो हमें समय से आगे चलना ही होगा। अमेजन पर ग्राहक अपनी 28% खरीदारी 3 मिनट या उससे कम समय में पूरी करता है। और पूरी खरीद का आधा हिस्सा 15 मिनट से कम समय में खत्म हो जाता है। अगर इसकी तुलना हम पारंपरिक स्टोर पर खरीदी से करें तो ड्राइविंग कर स्टोर तक जाना, पार्किंग की जगह पाना, स्टोर में खरीदी के बाद चेकआउट लाइन के लिए इंतजार करना और अंत में अपनी कार ढूंढ़कर वापस घर तक आना। यानी सोचिए कि ग्राहक तमाम परेशानियों के बीच अपना कितना समय खर्च करता है। 21वीं सदी में समय की सबसे बड़ा धन होगा। हम समय की बचत को ग्राहक के लिए वैल्यू में तब्दील करना सीखें। ग्राहक और उसकी संतुष्टि हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है। जहां तक कर्मचारियों की बातें हैं, तो मुझे अपने 13 लाख साथियों पर पूरा भरोसा है। उनकी लगन और समर्पण के कारण ही हम दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी और काम के लिए सबसे सुरक्षित जगह के रूप में पहचाने गए हैं। वैसे हम पर अक्सर यह आरोप लगते रहते हैं कि हमारे यहां काम का ज्यादा दबाव ज्यादा रहता है, लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि असली परीक्षा हमेशा दबाव में ही होती है। हमारे कर्मचारी घंटों तक अपनी सेवाएं देते हैं और हमें उन पर गर्व है। एंडी जेसी (नए सीईओ) भी इस बात से भली-भांति परिचित है।'

आरएएस भर्ती-2018 : नियुक्तियों का रास्ता साफ

## इंटरव्यू के लिए कितने भी अभ्यर्थी बुला सकती है आरपीएससी : कोर्ट

### इंटरव्यू के लिए पदों के मुकाबले ढाई गुना अभ्यर्थी नहीं बुलाने पर दायर याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**जयपुर** | सुप्रीम कोर्ट ने आरएएस भर्ती-2018 का रास्ता साफ करते हुए मेन्स के परिणाम के खिलाफ दायर एसएलपी को खारिज कर दिया। जस्टिस एसके कौल व हेमंत गुप्ता की खंडपीठ ने यह आदेश संजय सानेल की एसएलपी पर दिया। खंडपीठ ने माना कि सेवा नियमों के तहत आरपीएससी के पास पदों की संख्या के मुकाबले कितने भी गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाने का विशेषाधिकार है। याचिका में कहा गया था कि आरपीएससी ने साक्षात्कार में पदों के मुकाबले डेढ़ गुना अभ्यर्थियों को शामिल किया है। पिछले भर्ती में आयोग ने ढाई गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया था। इसलिए लिखित परीक्षा का परिणाम रद्द कर पदों के मुकाबले ढाई गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाते हुए नए सिरे से परिणाम जारी किया जाए। आरपीएससी के अधिवक्ता अमित लुभाया ने कहा कि राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियम, 1999 के तहत आरपीएससी के विवेक पर निर्भर है कि वह पदों की संख्या के मुकाबले कितने अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाए।

।।ॐ श्री राम ।। ।।ॐ श्री राम ।। ।।ॐ श्री राम ।। ।।ॐ श्री राम ।। ।।ॐ श्री राम ।। ।।ॐ श्री राम ।। ।।ॐ श्री राम ।।

# श्रद्धांजलि



**आँखे आज भी नम है, दिल में आज भी गम है।**
**इस दुःख के आगे दुनिया का हर दुःख कम है।।**

# श्री मनोज चौधरी (शारीरिक शिक्षक)

## पुत्र श्री नारायणराम जी चौधरी (पांचडोलिया)

**के असामयिक निधन पर हम सभी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते है।**

**श्रद्धावनत**

प्रदीप बेनीवाल (वरिष्ठ पार्षद), अतुल सांखला (मयुराक्षी ग्रुप), सुरेन्द्र मुण्डेल (बहनोई), नरेन्द्र मुण्डेल, करणसिंह (काजरी), मोहित ओझा (पार्षद), नरेन्द्र फितानी (पार्षद), अजयसिंह मेड़तिया (पार्षद) राजवीरसिंह कच्छवाहा, निरंजन सिंह राठौड़, राजीव खन्ना, सोहनवीर सिंह गुर्जर, गणेश राम पटेल, धर्मेन्द्र जोशी (SBI), प्रवीण जोशी, मनोहर खोखर (तिलवासनी), डॉ. रमनदीप सिंह सिद्धु खरलिया, कपिल देवल, अवदेश देवल, हनुमान सिंह कविया, जगतसिंह राठौड़, रणविजय सिंह राठौड़, धर्मवीर बेनीवाल, राजेश गोलिया, रघुवीर गोलिया, गुलाब देवासी, जगदीप बेनीवाल, रामनिवास बेनीवाल, भीमा पटेल, ओमप्रकाश पटेल (LIC), ओमप्रकाश पटेल (एडवोकेट) नेमाराम पटेल, राजेन्द्र चौधरी (राज.पु.), दीनदयाल चितलंगी, हिमांशु वैष्णव, प्रदीप गुर्जर, अरूण गुर्जर, अरूण आर्य, वरूण आर्य, राहुल आर्य, सूर्या गौड़, नागेन्द्रसिंह भाटी, दिग्विजय सिंह शेखावत, अभिमन्यु सिंह शेखावत, अमित चौधरी, मनीष बिसावा, अरूण खुड़ियाल, कानसिंह चौहान, शंशाक शेखर, दुष्यंत गुर्जर, विकास अत्री, विक्रम डांगा, विकास डांगा, भरत खुड़खुड़िया, विजय पुनिया, सौरभ पाराशर, दिनेश चौधरी, रोहित नैयर, अतुल राजवंश, सागर नैण, दिनेश विश्नोई, डॉ. घनश्याम जोधा, शैलेन्द्रसिंह बिरामी, सुभाष पंवार, ओमप्रकाश बेनीवाल, शंकर खोखर, रमेश सिरवी, साहिल कालरा, दिलबाग सिंह सैनी, विक्रम सीरवी, विजय चौधरी (MES), रजनीश गुप्ता, राकेश चौहान (ठेकेदार), उज्जवल खालसा, महेन्द्र फालका, अरविन्द कस्वा, महिपाल फालका, संजय गुर्जर, मंजीत सिंह राठौड़ (विक्टर), विक्रम सिंह बांरा, देवेन्द्रसिंह गोगादेव, राकेश फोरी, सुरेश रार, संजय पारीक, अमित बंसल एवं समस्त मित्रगण व सहपाठी केन्द्रीय विद्यालय नं 1 एयरफोर्स, जोधपुर

MPS

।।ॐ श्री राम ।। ।।ॐ श्री राम ।। ।।ॐ श्री राम ।। ।।ॐ श्री राम ।। ।।ॐ श्री राम ।। ।।ॐ श्री राम ।। ।।ॐ श्री राम ।।

कोरोनाः बचाव की जानकारी चिकित्सा स्वास्थ्य केंद्रों से मिलेगी

## आयुर्वेद विभाग के कार्यालयों में होंगे कंट्रोल रूम, चिकित्साकर्मियों के अवकाश तुरंत प्रभाव से निरस्त

भास्कर न्यूज | जयपुर

चिकित्सा, स्वास्थ्य व आयुर्वेद मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने कहा है कि राज्य का आयुर्वेद व भारतीय चिकित्सा विभाग कोराना महामारी से आमजन को बचाने के लिए पूर्ण रूप से प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि महामारी के चलते आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक स्तर के कार्यालयों में कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे। जहां विभाग की ओर से किए जा रहे प्रतिदिन के कार्यों की जानकारी एकत्रित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि महामारी के चलते सभी चिकित्साकर्मियों के अवकाश तुरंत प्रभाव से निरस्त किए जाते है। डॉ. शर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी से बचाव व जागरुकता सबंधी सरल व घरेलू उपाय की जानकारी विभाग के चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्रों से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आयुर्वेद, होम्यापैथी व यूनानी विभाग की ओर से आमजन की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए काढ़ा वितरित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से सबंधित औषधियों को खरीदने व उनकी सप्लाई को तुरंत सुनिश्चित करने के भी आधिकारियों को निर्देश दिए गए है। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि जिन क्षेत्रों में कोरोना का फैलाव अधिक है वहां आयुर्वेदीय बचाव, रोकथाम व चिकित्सा के लिए विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा आयुर्वेद, होम्योपैथी व यूनानी विभाग से सबंधित सभी दैनिक रिपोर्ट शाम छह बजे तक राज्य सरकार को भेजना अनिवार्य है।

### होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग लगाएगा कैम्प

डॉ. शर्मा ने कहा कि राजस्थान आयुर्वेद विश्विद्यालय, जोधपुर व राजकीय आयुर्वेद



महाविद्यालय उदयपुर को अपने संभाग में चल चिकित्सा शिविर आयोजित करेंगे। जहां निःशुल्क औषधि वितरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग अपनी दोनों मोबाइल यूनिट के जरिए कैम्प आयोजित करेगा। उन्होंने कहा कि यह सभी कैम्प बिना किसी अवकाश के आयोजित किए जाएंगे।

## प्रदेश में डिस्कॉम के 178 ग्रिड सबस्टेशनों की खाली जमीन पर लगाए जाएंगे सोलर एनर्जी प्लांट

### ईईएसएल व ऊर्जा विभाग मिल कर ग्रीन एनर्जी पर करेंगे काम



भास्कर न्यूज | जयपुर

प्रदेश में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए अब जयपुर, जोधपुर व अजमेर डिस्कॉम के 33 केवी के 178 ग्रिड सबस्टेशनों (जीएसएस) की खाली जमीन पर सोलर एनर्जी प्लांट लगाए जाएंगे। यह काम एनर्जी एफिशिएंट सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) को दिया जा सकता है। ऊर्जा मंत्री बीडी कल्ला ने ईईएसएल को इसके लिए प्रस्ताव बनाने को कहा है।

ऊर्जा विभाग, डिस्कॉम व ईईएसएल के प्रतिनिधियों की शुक्रवार को विद्युत भवन में मीटिंग हुई। मीटिंग में प्रदेश के कृषि उपभोक्ताओं को ग्रीन व दिन के समय में बिजली उपलब्ध कराने के के लिए ईईएसएल के कार्यकारी निदेशक सौरभ कुमार के साथ विचार विमर्श किया गया। तीनों डिस्कॉम क्षेत्र में स्थित 33 केवी के 178 सब-स्टेशनों पर अतिरिक्त भूमि उपलब्ध है, जिस पर कुसुम कम्पोनेंट सी योजना (फीडर लेवल सौलराइजेशन) के तहत 113 मेगावाट क्षमता के सोलर एनर्जी प्लांट लगाने की भी बात हुई। ईईएसएल ने बताया कि गोवा में सोलर प्लांट के साथ बैट्री लगाकर गांवों की स्ट्रीट लाइट को सोलर से जोड़ा गया है। बैठक में प्रमुख सचिव (ऊर्जा) दिनेश कुमार, ईईएसएल के कार्यकारी निदेशक सौरभ कुमार, जयपुर डिस्कॉम के टेक्निकल डायरेक्टर अजीत सक्सेना सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बिजली प्रसारण निगम के दफ्तरों में रोटेशन में आएंगे 50% कर्मचारी

**जयपुर** | प्रदेश में कोरोना संक्रमण केस में तेजी से हो रही बढ़ोत्तरी को देखते हुए राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम में रोटेशन में केवल 50 फीसदी कर्मचारियों को ही बुलाया जाएगा। कर्मचारियों का रोटेशन चीफ इंजीनियर, एडिशनल चीफ इंजीनियर या संबंधित हैड ऑफ डिपार्टमेंट की ओर से तय किया जाएगा। जो कर्मचारी रोटेशन में दफ्तर नहीं आना चाहता है, उन्हें वर्क फ्रॉम होम की सुविधा दी जाएगी। हालांकि उनकी जरूरत होने पर दफ्तर बुलाया जा सकता है। बिजली सप्लाई से जुड़े सभी ग्रिड सब-स्टेशन व एलडी कंट्रोल रूम में पहले की तरह ही काम करता रहेगा।

हालांकि यहां पर कोरोना गाइडलाइन की सख्ती से पालना की जाएगी। बिजली प्रसारण निगम के सीएमडी दिनेश कुमार के आदेश के बाद सचिव (प्रशासन) हनुमान मल ढाका ने दिशा- निर्देश जारी किए है। निर्देशों में हर व्यक्ति के मास्क पहनने व सेनेटाइजर की व्यस्था करने को कहा गया है। दफ्तर की किसी भी विंग में कोरोना संक्रमित केस आने पर उस विंग को सेनेटाइज करवा कर 72 घंटे के लिए बंद किया जाएगा।

## लैब टैक्नीशियन के 439 पदों पर नियुक्ति के आदेश जारी

**जयपुर** | चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा के निर्देश पर कोरोना को दृष्टिगत रखकर त्वरित कार्यवाही करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में लैब टैक्नीशियन के 439 पदों पर नियुक्ति आदेश जारी कर दिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 12 जून को लैब टैक्नीशियन हेतु विज्ञप्ति जारी की गयी थी। इनमें से 439 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान कर दी गयी है।

लॉकडाउन के बावजूद बिजली बिल वसूलने में जयपुर आगे

## जयपुर डिस्कॉम के जेपीडीसी ने वसूला 99.80% रेवेन्यू

भास्कर न्यूज | जयपुर

प्रदेश में बीते वित्तीय साल के करीब छह महीने कोरोना संक्रमण के कारण लॉकडाउन के हालात रहने के बावजूद जयपुर डिस्कॉम का जेपीडीसी सर्किल बिजली बिलों का रेवेन्यू वसूलने में आगे रहा। जेपीडीसी में 99.80 फीसदी राशि वसूल हो गई है। जबकि बिजली छीजत 18.68 फीसदी रही है। वहीं जयपुर जोन में 99.79 प्रतिशत बिलों की वसूली करने वाला अलवर दूसरे नंबर पर रहा है। वहीं दौसा सर्किल बिलों की वसूली में पीछे रहा है। यहां पर 97.95 फीसदी वसूली ही हो पाई है। जयपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक नवीन अरोड़ा ने पहले ही बकाया वसूली में पिछडऩे वाले इंजीनियरों को चार्जशीट देने व एसीआर बिगाड़ने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद कई सर्किलों व सबडिवीजनों में हालात नहीं सुधरे। प्रदेश का ऊर्जा विभाग प्रदेश की जयपुर, जोधपुर व अजमेर डिस्कॉम के सभी इंजीनियरों की बीते वित्तीय साल में बकाया वसूली व बिजली छीजत पर कंट्रोल के आंकड़ों का विश्लेषण कर रहा है। हालांकि तीनों डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों ने अभी तक बीते वित्तीय साल की फाइनल रिपोर्ट नहीं दी है। बताया जा रहा है कि बिजली छीजत व रेवेन्यू वसूली का टारगेट पूरा नहीं करने पर डिस्कॉम प्रबंधक निदेशकों को भी सरकार की ओर से कार्रवाई हो सकती है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व ऊर्जा मंत्री बीडी कल्ला ने वित्तीय साल के मध्य में छीजत कम करने के निर्देश दिए थे।

## कोटा-बूंदी जिला संघ के चुनाव पर अंतरिम रोक

भास्कर न्यूज | जयपुर

हाईकोर्ट ने प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के चुनाव कराए बिना कोटा-बूंदी जिला संघ के चुनाव कराने पर अंतरिम रोक लगाते हुए राज्य सरकार व सहकारी समिति रजिस्ट्रार सहित अन्य से जवाब मांगा है। जस्टिस एसपी शर्मा ने यह अंतरिम निर्देश दयालराम गुंजल की याचिका पर दिया। अधिवक्ता साजिद अली ने बताया कि राज्य सहकारी निर्वाचन अधिकारी ने बंधा प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के चुनाव 15 मार्च को तय किए थे, लेकिन चुनाव अधिकारी के बीमार होने के कारण चुनाव स्थगित हो गए। हाईकोर्ट में याचिका दायर होने पर ये चुनाव 3 अप्रैल को कराना तय किया। लेकिन एक बार पुनः चुनाव अधिकारी को बीमार बताकर चुनाव टाल दिए। याचिका में कहा कि प्राथमिक समिति के अध्यक्ष जिला संघ के चुनाव में शामिल होते हैं।


## राज्य सरकार ने सहकारिता न्यायालय में सुनवाई समय में किया बदलाव


**जयपुर** | राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर न्यायालय सहकारिता कार्यालय में राजस्थान सहकारी अधिनियम 2001 की धारा 104 एवं 107 के तहत दर्ज अपील व निगरानी के प्रकरणों की सुनवाई के समय में बदलाव किया गया है। सहकारिता विभाग के संयुक्त सचिव नारायण सिंह ने कि न्यायालय में अब प्रकरणों की सुनवाई का समय 15 अप्रैल से 31 मई तक दोपहर 2.30 बजे के स्थान पर प्रातः 11 बजे रहेगा।




SITUATIONS/CELLO/2021



## इस कोरोना संकट में किसान स्वयं वापस लौटें

केंद्र सरकार ने कोरोना संकट की भयावहता देखते हुए महीनों से धरने पर बैठे किसानों से धरना खत्म करने की अपील की है। चूंकि इस बार की संक्रामकता बेहद ज्यादा है, लिहाजा सरकार उन्हें हटाने के लिए सुरक्षाबलों का प्रयोग भी कर सकती है। दुनिया के सभी आंदोलनों की रणनीति का सिद्धांत यही कहता है कि अगर दूसरे पक्ष पर एक स्थिति का प्रभाव न पड़े, तो फिर से शक्ति हासिल कर दोबारा प्रयास करना चाहिए। गांधी जी भी अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलनों में इस नीति का प्रयोग करते रहे। हजारों किसान 8 महीने से कष्ट झेलते हुए धरनास्थलों पर डटे हैं। लेकिन अब खतरा बढ़ गया है क्योंकि नए स्ट्रेन ज्यादा संक्रामक हैं और इन किसानों का परिजनों या आंदोलन स्थल पर प्रबंधन के लिए अन्य लोगों से मिलना-जुलना जारी है। आंदोलनकारियों को यह भी सोचना होगा कि यह सामान्य संकटकाल नहीं है। जहां उनकी मांग व दृढ़ता का पूरे देश ने सम्मान किया, वहीं उनका भी दायित्व है कि इस अपूर्व संकट में वे देश के लोगों के बारे में सोचें। सरकार पर भी दबाव डालने का यह सही अवसर नहीं है। अगर सरकार की आलोचना हो भी तो सकारात्मक तरीके से, ताकि टीका, दवा, ऑक्सीजन, बेड और इलाज तंत्र को वह राज्यों में चल रहे चुनाव के मुकाबले प्राथमिकता दे। यह अवसर है कि लाभ-हानि की बैलेंसशीट भूलकर हर वर्ग, राजनीतिक दल और व्यक्ति सरकार के कोरोना-संबंधी फैसलों को ब्रह्मवाक्य मानकर अमल करे। खिलाफत या मानदंडों के प्रति लापरवाही करने वाला अपने प्रति ही नहीं, परिवार, मोहल्ले, राज्य व देश के प्रति अपराध कर रहा है। किसान वापस जाकर देश को मजबूत करने के लिए फिर से कृषि कार्यों से देश को समृद्ध बनाएं ताकि इस संकट से होने वाले आर्थिक नुकसान को कम किया जा सके, जैसा उन्होंने पिछले वर्ष कृषि विकास दर में आशातीत वृद्धि कर किया था। मांगों के लिए आंदोलन की कोई समय सीमा नहीं है। दोबारा नई ताकत के साथ इसे शुरू कर सकते हैं, कोरोना को हराकर।

## ऊर्जा पर्व में अपने आपको योगी बनाने की तैयारी करिए

**नवरात्र** के ये नौ दिन ऊर्जा का पर्व हैं। ऊर्जा बाहर बहेगी तो सांसारिक संकल्प पूरे होंगे और यदि उसकी दिशा भीतर मुड़ गई तो शांति की उपलब्धि होगी। ऊर्जा को भीतर मोड़ने का काम होता है योग से।

**जीने की राह**

पं. विजयशंकर मेहता
Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta



इसलिए इस ऊर्जा पर्व में अपने आपको योगी बनाने की तैयारी कीजिए। गीता में कहा है जो अपने काम-क्रोध के आवेग को नियंत्रित कर लेगा, वह योगी होगा और वही शांत व सुखी रहेगा। खासकर इस दौर में सुख तो कपूर की तरह उड़ता जा रहा है। हां, शांति जरूर बचाई जा सकती है। आने वाले समय में जिन-जिन चीजों की बहुत अधिक जरूरत होगी, उनमें से एक है शांति। हमारा आठवां-नौवां द्वार है मल-मूत्र विसर्जन के केंद्र। इन्हें काम केंद्र भी कहा जाता है। काम ऊर्जा को जितना नीचे बहाएंगे, वासनाएं जागेंगी। इसी ऊर्जा को जितना ऊपर ले जाएंगे, शांति उपलब्ध होती जाएगी। काम ऊर्जा के सदुपयोग का नाम आनंद है। संयोग से इस नवसंवत्सर का नाम भी आनंद है। तो आनंद के अवसर को सही ढंग से उपयोग में लाने के लिए इन दो द्वारों पर गंभीरता से काम करिए। जो लोग इन पर काम करेंगे, उनकी ऊर्जा ऊपर उठेगी और वे शांति को प्राप्त होंगे। अशांति का तूफान हमारे चारों ओर फैल चुका है। बचने के ये नौ रास्ते अभी भी हमारे पास हैं। इन पर काम करते रहिए, जीवन का आनंद बढ़ जाएगा।

जीने की राह कॉलम पं. विजयशंकर मेहता जी की आवाज में मोबाइल पर सुनने के लिए 9190000072 पर मिस्ड कॉल करें

**नजरिया** कार्यक्रम तय करते समय चुनाव आयोग ने चरणबद्ध चुनावों के फायदे-नुकसानों पर पर्याप्त विचार नहीं किया

# बंगाल में 8 चरणों में वोटिंग चुनाव आयोग की गलती है?

संजय कुमार
सेंटर फॉर स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसायटीज (सीएडीएस) में प्रोफेसर और राजनीतिक टिप्पणीकार



**पश्चिम** बंगाल में चल रहे चुनावों के बीच लोग मुझसे पूछ रहे हैं कि वहां ट्रेंड क्या है, वहां हवा किस दिशा में चल रही है। मैं जानता हूं कि चुनाव आयोग ने किसी भी तरह के एग्जिट पोल डेटा के प्रसार पर रोक लगाई है (हालांकि मैं कोई एग्जिट पोल नहीं कर रहा, सीएसडीएस पोस्ट पोल सर्वे कर रहा है), इसलिए मैं इस सवाल से हरसंभव बच रहा हूं। लेकिन चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करने की अपनी अक्षमता के सवाल से नहीं बच सकता। आखिरी क्यों आठ चरणों में चुनावों की योजना बनाने के बावजूद चुनाव आयोग ऐसा नहीं कर सका? पहले चार चरणों में कई मतदान केंद्रों पर हिंसा हुई, जिसमें कुछ मौतें भी हुईं। चूंकि राजनीतिक तापमान बढ़ रहा है, बाकी चरणों में भी टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प से इनकार नहीं किया जा सकता है।

कई चरणों में, कुछ दिनों से अंतर से चुनाव रखा गया ताकि सुरक्षा बलों को एक लोकेशन/जिले से दूसरे में जाने का समय मिल सके और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए हर मतदान केंद्र पर पर्याप्त बल तैनात किया जा सके। लेकिन जमीनी हकीकत के दृश्य बताते हैं कि जिन केंद्रों पर हिंसा हुई वहां मतदान केंद्र के अंदर सुरक्षाबल दिखाई दिए, लेकिन बाहर नहीं। यह सर्वविदित है कि हिंसा ज्यादातर मतदान केंद्र के बाहर ही होती है। ऐसे में चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए कि क्या एक महीने तक, आठ चरणों में चुनाव कराने की योजना एक गलती है, एक ऐसा फैसला है जिसपर जमीनी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त विचार नहीं किया गया? कई चरणों में चुनाव कराने के अपने फायदे हैं, लेकिन कुछ चुनौतियां भी हैं, जिनपर विचार करने में चुनाव आयोग असफल रहा। साथ ही क्या कई गांवों में तनाव के संकेत स्पष्ट होने के बावजूद सुरक्षाबलों को मतदान केंद्र के बाहर तैनात न करना भी योजना में एक गलती थी?

राज्य में पहले भी जब कई चरणों में चुनाव हुए हैं, चुनाव आयोग ने सुरक्षाबलों के आवागमन के लिए हर चरण के बीच कुछ दिनों का अंतर रख उचित काम किया, लेकिन वह यह आकलन करने में असफल रहा कि इन दिनों का इस्तेमाल असामाजिक तत्व भी एक जगह से दूसरी जगह में आने के लिए कर सकते हैं। पश्चिम बंगाल में चरणबद्ध चुनाव कराने का उचित कारण हो सकता है लेकिन यह पूछा जाना चाहिए कि आठ चरणों के पीछे क्या तर्क है। कम चरणों में चुनाव क्यों नहीं हो सकते, जिससे शायद हिंसा को कम करने में मदद मिल सकती क्योंकि मतदान कम दिन होता और चुनाव प्रक्रिया भी कम समय में पूरी हो जाती?

हमारे पास चुनाव के विभिन्न चरणों में हुए हिंसा के मामलों के आंकड़े नहीं है, लेकिन सामान्य समझ कहती है कि पिछले तीन चरणों की तुलना में चौथे चरण में हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं। कई चरणों में चुनाव बेशक सुरक्षा बलों को पर्याप्त संख्या में हर मतदान केंद्र तक पहुंचने में मदद करते हैं, लेकिन इसी के साथ एक महीने तक चलने वाला कई चरणों का चुनाव हिंसा की घटनाओं को फैलने और बढ़ने का अवसर भी दे देता है क्योंकि एक-दूसरे से लड़ रहे विभिन्न दलों के पार्टी कर्यकर्ता, एक चरण का बदला दूसरे चरण में लेते हैं। विभिन्न चरणों के बीच का समय न सिर्फ सुरक्षा बलों की तैनाती की योजना बनाने में सुरक्षा अधिकारियों की मदद करता है, बल्कि यह पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी एक-दूसरे से बदला लेने की योजना बनाने का समय दे देता है। चुनाव को एक चरण में कराने पर शायद यह सब होने की आशंका कम हो जाए क्योंकि पार्टी कार्यकर्ताओं को हिंसा की योजना बनाने का उतना वक्त नहीं मिलेगा। अगर हिंसा होती भी है तो वह त्वरित होगी, पहले से बनाई योजना के तहत नहीं।

बहु-चरण चुनाव के कारण प्रचार अभियान भी बहुत लंबे समय तक चलता है क्योंकि किसी चरण में जिन विधानसभा सीटों पर चुनाव होना होता है, वहां मतदान होने से 48 घंटे पहले तक चुनाव प्रचार चलता रहता है। उन विधानसभा सीटों में भी चुनाव प्रचार पर कोई रोक नहीं होती, जहां आगे के चरणों में चुनाव होने हैं। चरणबद्ध चुनाव में यह नियम की तरह हो गया है कि जिस दिन किसी और सीट पर मतदान चल रहा होता है, तब उसी दिन पार्टियों के वरिष्ठ नेता ऐसी सीट पर रैली जरूर करते हैं, जहां आगे की किसी तारीख में चुनाव होना है। नेताओं के लिए यह भी परंपरा बन गई है कि वे इन रैलियों में अपने भाषण में प्रतिद्वंद्वी पार्टी पर हिंसा में शामिल होने का आरोप जरूर लगाते हैं। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं का गुस्सा और बढ़ता है और इससे कभी-कभी मतदान के दिन हिंसा की घटनाएं हो जाती हैं। एक दिन में चुनाव या कम से कम चरणों में चुनाव से निश्चित रूप से प्रचार का समय भी कम होगा, जिससे न सिर्फ राजनीतिक तापमान को बढ़ने से रोकने में मदद मिलेगी, बल्कि मतदान के दिन हिंसा को भी कम किया जा सकेगा। चुनाव का कार्यक्रम तय करते समय चुनाव आयोग को चरणबद्ध चुनावों के फायदे और नुकसानों पर विचार जरूर करना चाहिए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**नया विचार** अनियंत्रित होती महामारी के बीच सरकार को जन वितरण प्रणाली को सार्वभौमिक बनाने की आवश्यकता है

# क्या सरकार ने पीडीएस में पिछले लॉकडाउन से सबक लिया है?

रीतिका खेड़ा
अर्थशास्त्री
दिल्ली आईआईटी में पढ़ाती हैं



**करीब** एक साल पहले, लगभग इसी समय देश को सबसे बड़ा आर्थिक झटका लगा था, नोटबंदी से भी बड़ा। कुछ ने इसकी तुलना उत्तर भारत में बंटवारे के दौरान हुए पीड़ा से की। उस समय, जब सरकार स्वास्थ्य सुविधाएं जुटाने का प्रयास कर रही थी, कई अर्थशास्त्रियों ने आर्थिक झटका झेल रहे लोगों की मदद के लिए सुझाव दिए थे। दुःखद यह है कि एक साल बाद, जब महामारी फिर अनियंत्रित हो रही है, उन सुझावों में से शायद ही किसी सुझाव को लंबी अवधि की नीति के रूप में अपनाया गया।

कोरोना पर प्रतिक्रिया स्वरूप सरकार ने 3 हफ्तों का संपूर्ण लॉकडाउन किया था। बिना योजना के इस लॉकडाउन ने उन लाखों जिंदगियों में आर्थिक तबाही ला दी, जो अनौपचारिक क्षेत्र से थे। एंप्लॉयमेंट-अनएंप्लॉयमेंट सर्वे, 2015-16 के मुताबिक भारत की 80% से ज्यादा वर्कफोर्स अनौपचारिक सेक्टर में काम करती है।

पिछले साल सरकार को पहले से योजना न बनाने के लिए माफ कर सकते हैं। इस साल उसके पास कोई बहाना नहीं है। पिछले साल जहां महामारी पर प्रतिक्रिया में डर और गंभीरता नजर आ रही थी, इस साल उसका रवैया ढुलमुल दिख रहा है। देश के कई शहरों में स्थानीय लॉकडाउन किए जा रहे हैं। यही समय है कि पिछले साले के राहत उपायों की मांग फिर दोहराई जाए। पिछले साल जिन राहत उपायों की घोषणा हुई थी, उनमें बड़ी कमी थी शहरी क्षेत्रों में काम करने वाले प्रवासी, जिनके घर ग्रामीण क्षेत्रों में थे। लॉकडाउन के कारण काम के बिना फंस गए थे। कुछ के सिर पर तो छत तक नहीं थी।

इस बार राहत उपायों के तहत केंद्र सरकार भोजन के लिए भारतीय खाद्य निगम के जरिए अनाज व दाल सप्लाई कर सकती है। प्रवासी इसका इस्तेमाल सामुदायिक रसोई (जैसे तमिलनाडु में अम्मा कैंटीन, कर्नाटक में इंदिरा कैंटीन आदि) चला सकते हैं। इनका कामगार स्वयं प्रबंधन कर सकते हैं और उनकी कुछ कमाई भी हो सकती है। नई सामुदायिक रसोई स्थापित करने के लिए रेलवे स्टेशनों और बस स्टेशनों को, और ग्रामीण क्षेत्रों में खंड मुख्यालयों को लक्ष्य करना चाहिए। सामुदायिक संक्रमण की आशंका कम करने के लिए ऐसी रसोइयों की संख्या ज्यादा होनी चाहिए, ताकि इनमें प्रवेश पर नियंत्रण कर सकें। आगे जाकर केंद्र सरकार को इसे बतौर केंद्रीय योजना चलाना चाहिए जैसे मिडडे मील योजना या जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) चलती हैं।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू होने के बाद पीडीएस के तहत एक तिहाई आबादी आती है। यह प्राथमिकता वाले परिवारों को 1-3 रु. प्रति किलो में प्रतिमाह 5 किग्रा अनाज देती है। अंत्योदय परिवारों को 35 किग्रा प्रतिमाह अनाज मिलता है। पिछले साल केंद्र सरकार ने 'प्राथमिकता' वाले कार्डधारकों को मिलने वाला पीडीएस राशन दोगुना कर समझदारी दिखाई थी। इसकी शुरुआत तीन महीने से हुई, फिर नवंबर तक के लिए इसे बढ़ाया गया था। सरकार के पास अनाज का विशाल भंडार है और कई सर्वे बेरोजगारी व भूख की ओर इशारा करते हैं, फिर भी सरकार ने यह राहत बंद कर दी। पिछले साल राशन दोगुना करने से 80 करोड़ राशन कार्डधारकों को राहत मिली थी। इसे तुरंत दोबारा शुरू करना चाहिए।

पीडीएस के तहत अभी सिर्फ 80 करोड़ लोग आते हैं। पिछले साल हमने देखा कि शहरी क्षेत्रों में फंसे कई कामगारों के पास राशन कार्ड नहीं था, न शहर में, न ही गांव में। इससे पता चलता है कि पीडीएस के विस्तार की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसे सार्वभौमिक बनाना चाहिए। इसकी जगह सरकार 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' पर जोर दे रही है। यह उपाय उन्हें नुकसान पहुंचाएगा जो पीडीएस का हिस्सा हैं (क्योंकि यह आधार पर निर्भर होगा) और उन्हें लाभ नहीं मिलेगा जो पीडीएस से बाहर हैं (अगर आपके पास राशन कार्ड नहीं है, तो पोर्टेबिलिटी मदद नहीं कर सकती)। गरीबों के लिए इससे भी राहत मिली थी कि 'आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन' (एबीबीए) को बंद कर दिया गया था। इसे उन राज्यों में फिर बंद करना, जिन्होंने इसे जारी रखा था। कम से कम दो अध्ययन बताते हैं कि एबीबीए से भ्रष्टाचार कम करने में कोई मदद नहीं मिली और इसने खरीद की लागत और अपवर्जन बढ़ाकर स्थिति खराब ही की है।

यह स्पष्ट है कि क्या करना चाहिए। अब देखना यह है कि क्या सरकार यह कदम उठाती है या नहीं।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

**परदे के पीछे**

## असली-नकली चेहरे देखे, क्या ख्वाब सुनहरे देखें

**ताजा** खबर है कि कोरोना की दवा की तस्करी करने वाले रंगे हाथों पकड़े गए। इस कठिन दौर में पुलिस सतर्कता से काम कर रही है। भारत में

जयप्रकाश चौकसे
फिल्म समीक्षक



पुलिस वालों के वेतन दुनिया के सभी देशों की तुलना में अत्यंत कम हैं। जाने कैसे दवा बनाने का लाइसेंस मिल जाता है? वैक्सीन के नाम पर डिस्टिल वाटर का इंजेक्शन देते हुए कंपाउंडर पकड़ा गया। राज कपूर की 'श्री 420' में एक व्यापारी कहता है कि उसे आठ सौ मन चावल मिल गए हैं, परंतु ऑर्डर हजार मन का मिला है। साथ ही भागीदार कहता है कि क्या उसे दौ सौ मन कंकर पत्थर नहीं मिलते? बोनी कपूर की फिल्म 'मिस्टर इंडिया' में भी अनाज में मिलावट का सीन था।

दिलीप कुमार अभिनीत फिल्म 'फुटपाथ' में नायक दवा बनाने वाली कंपनी में नौकरी करता है। नकली दवा निर्माता कंपनी पर पुलिस दबिश डालती है। कंपनी के मालिक भाग जाते हैं। कर्मचारी नायक पकड़ा जाता है। अदालत में दिलीप अभिनीत पात्र कहता है कि वह कंपनी के घिनौने इरादे जान गया था परंतु चुप रहा क्योंकि वह परिवार का एकमात्र कमाने वाला था। 'आज उसे अपनी सांस में सैकड़ों मुर्दों की गंध आ रही है।' दिलीप ने अपना संवाद इतने प्रभावी ढंग से अदा किया कि सिनेमा हॉल में बैठे दर्शक घबराकर खुली हवा में सांस लेने भाग गए।

'फुटपाथ' के प्रदर्शन के मात्र 7 बरस बाद ऋषिकेश मुखर्जी की मोतीलाल, राज कपूर, नूतन अभिनीत फिल्म 'अनाड़ी' आई। एक महामारी के समय मोतीलाल और भागीदार दवा बनाने की कंपनी के संचालक रहे। उनकी कंपनी की बनाई दवा की एक खेप में तकनीकी त्रुटि रह जाने से दवा लेने वाले की सांस उखड़ जाती और वह मर जाता है। मोतीलाल उस त्रुटि वाली खेप को बाजार से उठवा लेना चाहता है। इसमें असली-नकली दोनों ही दवाएं बाजार से उठाना पड़ सकती हैं। मोतीलाल के भागीदार यह नहीं करना चाहते हैं। वे कहते हैं कि बड़े सौभाग्य से महामारी आती है और दवा निर्माण के कारोबार में धन बरसता है।

फिल्म में एक उम्रदराज महिला अपने घर का एक भाग बेरोजगार युवा को किराए पर देती है। वह पेंटिंग भी करता है। उसकी कड़की के दौर में मकान मालकिन उसकी पेंटिंग बेच कर उसे पैसे देती है। दरअसल वह पेंटिंग बिकी ही नहीं। उस दयालु स्त्री की मृत्यु, नकली दवा लेने के कारण होती है। मृत्यु के बाद नायक को अपनी बिकी हुई पेंटिंग एक कमरे में रखी मिलती है। मोतीलाल को ज्ञात होता है कि उसकी भतीजी, जिसे उसने पाला है वह नायक राज कपूर से प्रेम करती है। वह युवा नायक को मकान मालकिन की हत्या के झूठे आरोप में पकड़वा देता है। इत्तेफाक से मकान मालकिन ने कुछ दिन पहले ही अपनी वसीयत में मकान अपने किराएदार के नाम कर दिया था।

अदालत में मुकदमा चलता है। मोतीलाल की गवाही पर फैसला निर्भर करता है। नूतन मोतीलाल के सामने उसकी बनी कंपनी की दवा लेने जा रही है और मोतीलाल दवा छीन लेता है। अब उसे पश्चाताप है कि अपने भागीदार के दबाव में उसने दवा के नाम पर जहर बिकने दिया।

अगले दिन अदालत में वह गुनाह स्वीकार करता है। वह अपने भागीदारों सहित गिरफ्तार होता है। नायक बाइज्जत बरी होता है। नकली दवा के विषय पर बनी 'फुटपाथ' असफल रही और 'अनाड़ी' सफल रही। फिल्म बनाने का यह अंदाज-ए-बयां चार्ली चैपलिन का आविष्कार था। भारत में राज कपूर, ऋषिकेश मुखर्जी से होते हुए यह परंपरा राजकुमार हिरानी तक आई है। वर्तमान में 'बाहुबली' ने इसका रास्ता रोका हुआ है। आज सतह के नीचे गई यह धारा भविष्य में सतह के ऊपर आकर बहेगी। शंकर-जयकिशन ने 'अनाड़ी' में माधुर्य रचा। शैलेंद्र ने लिखा, 'किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार, किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार, किसी के वास्ते हो तेरे दिल में प्यार,जीना इसी का नाम है।'

The Economist
17 अप्रैल के अंक से
विशेष अनुबंध के तहत सिर्फ दैनिक भास्कर में
दैनिक भास्कर
अब आप द इकोनॉमिस्ट के सभी आर्टिकल DB एप पर हर शनिवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।

**तानाशाही :** सेना की बगावत के बाद देशभर में हत्याओं, लूटपाट, अराजकता का दौर

# फौजी दमन से म्यांमार के ध्वस्त होने की नौबत आई; भारत, चीन की खामोशी से भी समस्या उलझ रही

▪ सैनिकों की गोली से मारे गए लोगों के शव देने के लिए सेना रिश्तेदारों से पैसा वसूलती है

**जब** म्यांमार (बर्मा) पर शासन करने वाले फौजी जनरलों ने निर्वाचित सरकार के सत्ता में आने के लिए संविधान बनाया तब उन्होंने इस व्यवस्था को अनुशासित प्रजातंत्र का नाम दिया था। सेना का तर्क था कि खुली राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से अव्यवस्था फैलेगी और विकास रुकेगा। केवल सेना ही सुशासन और समृद्धि सुनिश्चित कर सकती है। लेकिन, 1 फरवरी को तख्ता पलट के बाद देश में केवल अराजकता पनपी है। देश की सर्वोच्च नेता आंग सान सू की सहित सभी प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। सेना ने देश में निर्मम दमन चक्र चला रखा है। उधर, भारत, चीन सहित अन्य पड़ोसी देशों के पीछे हटने से समस्या और अधिक गंभीर हो गई है।

जिन जिलों में अधिक विरोध और विद्रोह की स्थिति है, वहां सेना अंधाधुंध हत्याएं कर रही है। गमजदा परिवारों को मृतकों के शव देने के लिए सेना छह हजार रुपए तक वसूल करती है। आम हड़ताल से कारोबार ठप है। सीमायी इलाकों में सरकार से वर्षों से लड़ रहे बीस से अधिक सशस्त्र गुटों ने स्थिति से फायदा उठाकर सैनिक चौकियां हथिया ली हैं। सेना उन पर बमबारी करती है। इस कारण शरणार्थी पड़ोसी देशों में जा रहे हैं। कुल मिलाकर म्यांमार असफल देश बन रहा है। सेना अंत में देश के केंद्र में अपनी सत्ता कायम करने में सफल हो जाएगी लेकिन राज्य का ढांचा टूट चुका होगा।

### नशीली ड्रग का सबसे बड़ा सप्लायर



म्यांमार में गुरिल्लों के नियंत्रण वाले इलाकों में अफीम से बने नशीले पदार्थ हेरोइन का उत्पादन होता है। ये क्षेत्र नशीली ड्रग मेथमफेटामाइन के दुनिया के सबसे बड़े सप्लायर हैं। म्यांमार दूसरे देशों के लिए समस्याओं का निर्यातक साबित हो रहा है। सेना और करेन नेशनल लिबरेशन आर्मी जैसे विद्रोही गुटों के बीच संघर्ष से प्रभावित व्यक्तियों ने थाईलैंड में शरण ले रखी है। 2017 में सेना के जनसंहार के बाद सात लाख से अधिक रोहिंग्या मुस्लिम शरणार्थी बांग्लादेश भाग चुके हैं।

### 20 प्रतिशत गिरावट

विदेशी मदद रुक गई है। विदेशी कंपनियों ने निवेश बंद कर रखा है। विश्व बैंक ने फौजी बगावत से पहले इस साल अर्थव्यवस्था में 6% की वृद्धि की भविष्यवाणी की थी। अब उसने 10% की गिरावट का अनुमान लगाया है। अन्य संगठनों ने 20 % गिरावट की चेतावनी दी है।

### दुनिया का सबसे लंबा गृहयुद्ध

गिरफ्तारी से बच गए कुछ निर्वाचित जनप्रतिनिधि एक फेडरल आर्मी बनाने की चर्चा कर रहे हैं। इसमें कई जातीय सेनाएं होंगी। इनमें से सबसे बड़ा गुट विमानभेदी मिसाइलों, तोपखाने और आर्मर्ड वाहनों से लैस बीस हजार सैनिक जुटा सकता है। वैसे, विद्रोही गुट सेना को नहीं हरा सकते हैं। केएनएलए 1949 से सेना से लड़ रही है। यह विश्व का सबसे लंबा गृहयुद्ध है।

स्थिति से पड़ोसी देश चिंतित हैं। चीन अपने इन्वेस्टमेंट को बचाना चाहता है। भारत सैनिक कार्रवाई के कारण आ रहे शरणार्थियों पर नियंत्रण रखना चाहता है। उसने अनिच्छा से शरणार्थियों को आने दिया है। रूस ने अपने लिए संभावनाएं भांपकर जनरलों का समर्थन किया है। अमेरिका, ब्रिटेन ने सीनियर जनरलों और उनकी कंपनियों पर पाबंदियां लगाई हैं। लेकिन, ऐसे उपाय निर्णायक साबित नहीं होते हैं। फौजी जनरलों पर केवल उसके नजदीकी पड़ोसी- चीन, भारत और एसियान संगठन के देश ही प्रभाव डाल सकते हैं। समस्या है कि ये सब देश पीछे हट गए हैं।

© 2019 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved.

# 12 अरब देशों में छह करोड़ लोगों को भरपेट खाना नहीं

▪ युद्धग्रस्त सीरिया और यमन में स्थिति सबसे अधिक गंभीर

कई अरब देश भुखमरी की समस्या से जूझ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र खाद्य कार्यक्रम का अनुमान है कि लगभग 96 करोड़ लोगों के स्वस्थ रहने के लिए जरूरी पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाता है। इनमें से करीब छह करोड़ 40 लाख लोग 12 अरब देशों में हैं। इन देशों में छह में से एक व्यक्ति को पेट भर खाना नहीं मिलता है। युद्ध और आर्थिक संकट ने कुछ लोगों के लिए भूख को जीवन का सच बना दिया है। सबसे अधिक गंभीर समस्या सीरिया और यमन में है। यहां लगभग आधी आबादी भूख से पीड़ित है।

सीरिया में रोटी, चावल, दाल, तेल और शक्कर के मूल्य पिछले साल के मुकाबले फरवरी में 222% बढ़ गए थे। खाने की इन जरूरी चीजों का मूल्य औसत सरकारी कामगार के मासिक वेतन से दोगुना अधिक है। संयुक्त राष्ट्र ने यमन में अकाल की चेतावनी दी है। युद्ध से पहले सीरिया में अपनी जरूरत से अधिक गेहूं पैदा होता था। हमबोल्ड यूनिवर्सिटी, बर्लिन की स्टडी के अनुसार 2010 से 2018 के बीच सीरिया में खेती के लायक जमीन में 9 लाख 43 हजार हेक्टेयर की कमी आई है।

अन्य देश भी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। लेबनान में पिछले साल फूड के मूल्य 417% बढ़े हैं। मिस्र में चावल की कीमत पिछले कई वर्षों में इस समय सबसे अधिक है। सऊदी अरब में महंगाई का मुख्य कारण भोजन की कीमतें हैं। विश्व के अमीर देशों में शुमार संयुक्त अरब अमीरात में मंत्रियों ने फूड के मूल्यों को नियंत्रित करने की जरूरत बताई है। वहां जरूरत का 90% भोजन बाहर से आयात किया जाता है।


© 2019 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved. From The Economist, translated by DB Corp, published under licence. The original article, in English, can be found on www.economist.com

**मैनेजमेंट फंडा**

## किताबों से बढ़कर दोस्त कोई नहीं

**कुछ** दिनों से मैंने खुद को आइसोलेशन में रखा है। कारण आसान है। चूंकि महाराष्ट्र गंभीरता से आंशिक लॉकडाउन लगाने के बारे में

एन. रघुरामन
मैनेजमेंट गुरु
raghu@dbcorp.in



सोच रहा था और उसने ऐसा किया भी, इसलिए मैंने तय किया कि खुद को बंदकर मैं वे किताबें पूरी करूंगा, जिन्हें यात्रा की आपाधापी में पहले नहीं पढ़ पाया।

आंशिक लॉकडाउन मेरी इस अधूरी इच्छा को पूरी करने के बहाने के साथ सरकारी आदेश को पूरी तरह मानने का तरीका भी है। जब मैं किताब में डूबा था, गेट से एक बच्ची ने चिल्लाकर पूछा कि मैं कहां खोया हुआ हूं। जब मैंने कहा किताब में, तो अगला मासूम सवाल था, 'कौन सी?' जब मैंने किताब की प्रकृति बताई तो बच्ची ने मुझे यूं देखा जैसे मैं एलियन हूं। मैंने भांप लिया कि वह मुझसे जुड़ नहीं पा रही है, इसलिए मैंने पूछा क्या उसके पास पढ़ने के लिए किताब है, उसका जवाब न था।

तब मैंने आसपास पूछताछ का फैसला लिया। जिन बच्चों से मैं मिला, उनमें ज्यादातर के पास कहानियों की किताबें (स्कूली किताबों के अलावा) नहीं थीं, जिन्हें वे पढ़ना और बार-बार पढ़ना पसंद करें। कुछ के पास थोड़ी-बहुत किताबें थीं, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही थीं। बमुश्किल एक-दो बच्चे ही किताबों से कहानी सुना सकते थे। ऐसा भी नहीं है कि वे पढ़ने के लिए हेडफोन, किंडल या कोई स्क्रीन इस्तेमाल करते हैं। वे गैजेट सिर्फ देखने के लिए इस्तेमाल करते हैं।

ज्यादातर शिक्षाविदों की तरह मैं भी मानता हूं कि अगर अगली पीढ़ी तस्वीरों वाली किताबें और कहानियों पढ़ने की कला खो देगी तो यह विनाशकारी होगा। मैं मानता हूं कि किताबें बुद्धिमत्ता, रचनात्मकता पैदा करती हैं और मौजूदा महामारी ने बता दिया है कि हमें आसपास के चौंकाने वाले घटनाक्रमों का सामना करने के लिए बुद्धिमत्ता की कितनी जरूरत है।

उन दिनों छोटे-छोटे म्युनिसिपल स्कूलों में भी लाइब्रेरी होती थीं। मुझे स्कूल से किताबें लाने में गर्व महसूस होता था, भले ही उन्हें पढ़ने के लिए माता-पिता की मदद लेनी पड़े। जब मैं बच्चा था, मुझे एक खास कॉपी सिर्फ कहानियां लिखने के लिए दी गई थी क्योंकि मेरी लिखावट खराब थी और वर्तनी भयानक। चूंकि हमारी व्याकरण की तुलना करने की आदत थी, इसलिए हमारी शिक्षिका हर कॉपी में 'वेरी गुड' लिखती थीं, ताकि तुलना के कारण किसी के आत्मसम्मान को ठेस न पहुंचे।

एक बार मेरे पिता ने आपत्ति जताई कि शिक्षिका को सभी की समान सराहना नहीं करनी चाहिए। इसपर वे बोलीं, 'अगर मैं उनकी कॉपी में लाल पेन से बुरी टिप्पणी लिखूंगी तो वे भाषा से और फिर शब्दों से नफरत करने लगेंगे, जो खतरनाक है। बच्चे समय के साथ व्याकरण सीख सकते हैं। इसलिए चिंता न करें, मैं सभी का ख्याल रखूंगी।'

आज लिखने-पढ़ने को बढ़ावा देने की बजाय ज्यादातर स्कूल परीक्षाओं के जरिये केवल व्याकरण, वर्तनी, विराम चिह्नों आदि ध्यान दे रहे हैं। दूसरी तरफ, आज के माता-पिता बच्चों पर स्कूल के बाद कराटे, ड्रामा से लेकर संगीत सीखने तक जाने के लिए दबाव बना रहे हैं। रियलिटी शो परोक्ष रूप से यह दबाव बढ़ा रहे हैं।

कई दशकों के शोध बताते हैं कि बच्चे की शैक्षणिक सफलता का सबसे बड़ा संकेत है कि उसे पढ़ने में आनंद आए, फिर वह किसी भी सामाजिक-आर्थिक तबके से हो। किताबें शब्द हैं और शब्द विचारों का रास्ता। शब्दों का ज्यादा ज्ञान यानी विचारों का ज्यादा बौद्धिक मार्ग। फिल्में देखना, किताबें पढ़ने के बराबर नहीं है। फिल्म हावी होती हैं क्योंकि वे बताती हैं कि चीजें कैसे दिखती हैं। लेकिन किताबें बच्चे को किरदार बनने का मौका देती हैं। वे संवेदनाएं पैदा करती हैं, जिसका सीधा नतीजा होता है रचनात्मकता।

**फंडा यह है कि** किताबें सफलता का रहस्य हैं। हमें फिर उनका मोल जानना होगा क्योंकि वे दिमाग में हलचल पैदा कर उसे बुद्धिमान बनाती हैं।

**भास्कर विश्लेषण :** कटारिया के बिगड़े बोल भाजपा पर और डोटासरा की शिक्षकों को फटकार कांग्रेस पर कहीं भारी न पड़ जाए

# उपचुनाव में कांग्रेस-भाजपा को सियासी मुद्दों का सता रहा भय

हर्ष खटाना | जयपुर

राजस्थान में विधानसभा की तीन सीटों पर होने वाले उपचुनाव एक तरह से 2023 से पहले सेमीफाइनल के तौर पर देखे जा रहे हैं। हालांकि इस हार-जीत से सदन के अंकगणित और राज्य की सियासत पर फिलहाल कोई बड़ा असर तो नहीं पड़ने जा रहा, लेकिन इसका चुनावी मैसेज काफी बड़ा होगा। इसी मैसेज के लिए कांग्रेस और भाजपा के नेताओं ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है, जिससे किसी भी सूरत में वह गच्चा न खा जाए। दिलचस्प यह है कि यह उपचुनाव आठ मुद्दों के इर्द-गिर्द घूम कर रह गया है। ये मुद्दे किस दल को कितना लाभ या नुकसान पहुंचा रहे हैं, इसका दो मई को ही पता चलेगा।

## इन मुद्दों के जरिये समझिए उपचुनाव की सियासी गणित : पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की चुनाव प्रचार से दूरी और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट की सुलह कमेटी का मामला भी चर्चा में

**कटारिया के महाराणा प्रताप पर बिगड़े बोल**
बीजेपी के वरिष्ठ नेता और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने महाराणा प्रताप के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करके माफी मांग ली, लेकिन इसकी सियासी चर्चा देश भर में हो रही है। जयपुर में बीजेपी ऑफिस के बाहर लगे कटारिया के पोस्टरों पर राजपूतों ने उनके चेहरे पर कालीख पोतकर अपना विरोध दर्ज कराया। इसका कांग्रेस सियासी लाभ तीनों ही सीटों पर उठाने के लिए पूरी ताकत लगा दी है। राजसमंद में भी इस मामले को लेकर राजपूतों ने विरोध कर दिया है।

**शिक्षा मंत्री डोटासरा की शिक्षकों को फटकार :** ज्ञापन देने पहुंचे शिक्षकों को फटकार लगाते हुए शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में डोटासरा यह कहते हुए नजर आए कि तुम्हें टीचर किसने बना दिया। नाथी का बाड़ा समझ रखा है क्या? डोटासरा के व्यवहार को लेकर कर्मचारी और शिक्षक संगठन विरोध में खड़े हो गए। उपचुनावों के बीच यह मुद्दा कांग्रेस के लिए गले की फांस भी बना हुआ है, जबकि भाजपा इसका चुनावी लाभ उठाने की तैयारी में है।

**पितलिया फैक्टर से किसे फायदा या नुकसान :** सहाड़ा सीट पर लादूराम पितलिया का निर्दलीय के रूप में पर्चा दाखिल करके वापस उठा लेने के मामले में ऑडियो लगातार वायरल होते रहा। भाजपा नेताओं पर धमकाने का आरोप लगा। सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने यहां तक कह दिया कि अमित शाह वाच कर रहे हैं। बंगलोर तक रगड़कर रख देंगे। इसकी खूब सुर्खियां बनी, जिसका कांग्रेस ने मुद्दा भी बनाया। पितलिया जैसे ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां से मिले, वैसे ही कांग्रेस सरकार ने उन्हें क्वारिन्टाइन कर दिया। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस पर भी आरोप लगाया। अब देखना दिचचस्प होगा कि इसका फायदा किसे मिलेगा?

**पूर्व सीएम वसुंधरा राजे भी चर्चा में :** निजी कारणों से पूर्व सीएम वसुंधरा राजे चुनाव प्रचार में शामिल नहीं हुईं, लेकिन कांग्रेस को उम्मीद है कि उसे इसका फायदा मिलेगा। कांग्रेस में यह चर्चा है कि राजे समर्थकों की नाराजगी से कांग्रेस को लाभ मिल सकता है। जबकि भाजपा की ओर से तर्क दिया जा रहा है कि चुनाव में यह मुद्दा ही नहीं है।

**पूर्व डिप्टी सीएम पायलट मुखर :** भाजपा में वसुंधरा राजे की ही तरह कांग्रेस में सचिन पायलट को लेकर भी सियासी चर्चाएं खूब हो रही हैं। उप चुनाव से ठीक तीन दिन पहले अंबेडकर जयंती पर पायलट ने सोनिया गांधी की ओर से नौ माह पहले गठित सुलह कमेटी के मामले को उठा दिया है। कमेटी में जो सहमति बनी है, उसे लागू करने की मांग कर दी है। इससे भाजपा को यह लग रहा है कि पायलट समर्थक नाराजगी में भाजपा के पक्ष में वोट कर सकते हैं।

**बारां दंगे का सियासी गणित :** बारां में हुए दंगे को भाजपा हाथों हाथ लपकना चाहती है। इसलिए दंगे के 24 घंटे के अंदर ही बीजेपी ने वहां पर खुद की टीम को भेज दिया। देश भर में वीडियो वायरल हो रहा है। चूंकि इस झगड़े में गुर्जर समाज के लोग शामिल थे। ऐसे में भाजपा ने वहां पर टोंक सांसद सुखबीर सिंह जोनापुरिया को भेजा गया। गुर्जर नेता विजय बैंसला भी वहां पर बीजेपी के ध्वज तले पहुंचे। बताया जा रहा है कि ऐसा करके बीजेपी ने गुर्जरों को साधने का काम किया। क्योंकि तीनों ही सीटों पर गुर्जर समाज की जनसंख्या अच्छी-खासी है।

**पुजारी प्रकरण चर्चित रहा :** दौसा, महवा में पुजारी की मृत्यु और उसके जमीन पर कब्जे के विवाद को बीजेपी नेता डा. किरोडीलाल मीणा व अन्य नेताओं ने उठाया। जयपुर और दौसा में 9 दिन तक धरना चला। किरोड़ी ने कहा था कि न्याय के लिए शव को सहाड़ा या राजसमंद ले जाऊंगा। हालांकि राज्य सरकार ने सारी मांगों को मानकर एक तरह से पूरे मामले को डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश की, जिससे कांग्रेस के वोट बैंक पर किसी प्रकार का असर न पड़े। जबकि भाजपा की ओर से पूरे मामले को हवा देने की कोशिश की गई।

**नहीं माने बेरोजगार, देते रहे धरना** पहले बेरोजगारों ने दो सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। बाद में प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया। लेकिन कुछ बेरोजगार अपनी मांगों को लेकर कांग्रेस प्रत्याशियों के आवास के बाहर लगातार धरना देते रहे। हालांकि सरकार की ओर से बेरोजगारों की मांगों को पूरा करने के लिए लगातार आश्वासन दिया जा रहा है।

• उदयपुर : ऋषभदेव थाना क्षेत्र में एनएच-8 पर हादसा, बचने का मौका तक नहीं मिला

# खड़े ट्रोले में पीछे से टकराया कंटेनर, आग लगने से चालक व सहचालक जिंदा जले, शिनाख्त नहीं



ऋषभदेव (उदयपुर) | उदयपुर जिले के ऋषभदेव थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे आठ पर शुक्रवार सुबह कंटेनर के खड़े ट्रोले से टकराने से चालक और सहचालक आग में जिंदा जल गए। लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेज होने से बचा नहीं पाए। बाद में जावर माइंस, डूंगरपुर और उदयपुर की दमकलों ने आग पर काबू पाया। दोनों के शव सीएचसी के मुर्दाघर में रखे हैं, जिनकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। कंटेनर हरियाणा का और ट्रोला चित्तौड़ का बताया गया है। जानकारी के अनुसार एक कंटेनर अहमदाबाद की ओर से उदयपुर की ओर जा रहा था। नेशनल हाईवे 8 पर बालाजी होटल के सामने कोयले से भरा एक ट्रोला खड़ा था, जिसके पीछे से कंटेनर टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि कंटेनर का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इससे उसका चालक और सहचालक उसमें फंस गए और देखते ही देखते कंटेनर में आग लग गई, जिससे दोनों निकल नहीं पाए और जिन्दा जल गए। हालांकि लोगों ने आग पर पानी डाल कर उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन, आग तेज होने से वे उन्हें बचा नहीं पाए। आग से ट्रोले के टायर और कुछ कोयला भी जल गया। सूचना मिलने पर डिप्टी विक्रम सिंह, थानाधिकारी योगेश चौहान, हेड कांस्टेबल शिव नारायण मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को सूचना दी। करीब सवा घंटे बाद उदयपुर की दमकल मौके पर पहुंची। इसके बाद जावर माइंस और डूंगरपुर से दमकल मौके पहुंची और कंटेनर तथा ट्रोले को पूरा जलने से बचा लिया। इसके बाद दोनों जले शवों की शिनाख्त नहीं होने से शवों को सीएचसी के मुर्दाघर में रखवाया है।

**वादे हैं वादों का क्या** • ममता ने 7 साल पहले बोला था, आश्रमों में रहने वाली महिलाओं का कराएंगी पुनर्वास

## पश्चिम बंगाल के चुनाव का 1379 किमी दूर वृंदावन में भी असर, 5000 बंगाली विधवा माताओं की टूट रही उम्मीदें

प्रमोद कल्याण. वृंदावन

पश्चिम बंगाल के चुनावी माहौल की गरमाहट का असर कोलकाता से 1379 किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश के वृंदावन में भी है। भगवान श्रीकृष्ण की इस क्रीड़ास्थली में 5000 से ज्यादा बंगाली विधवा/माताएं इन दिनों अपने वतन की चुनावी चर्चाओं में खासी ले रही हैं। यह बात अलग है कि वहां की सरकारों ने कभी इनकी ओर नहीं देखा। हालांकि वर्ष 2013 में इन माताओं को थोड़ी सी उम्मीद तब जगी थी, जब इनके लिए काम कर रही संस्था सुलभ इंटरनेशनल पहली बार 50 महिलाओं को दुर्गा पूजा के लिए कोलकाता लेकर गई थी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी विशेष रूप से शामिल हुई। तब उन्होंने भरोसा दिलाया था कि वे वृंदावन की विधवा महिलाओं का जल्द पुनर्वास कराएंगी। लेकिन, इसके लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं हुए। फलस्वरूप ये महिलाएं आज भी अपने घर-परिवार से दूर यहां बेहाल जिंदगी बरस कर रही है। नार्थ बंगाल विलाजपुर की रहने वाली 66 वर्षीया तरुलता बंगाली भाषा में बताती हैं कि च्च्लोकेदेर की लोकेराती बोलते ही थाकेज्ज्...यानी बातें है बातों का क्या। उन्हें अब नई सरकार से पुनर्वास होने की उम्मीद है। इसी तरह उत्तरी बंगाल में सिलिगुडी की 70 वर्षीया मोनिका पाल कहती हैं कि च्च्एबार आमरा भोगवान रे शोरन याचीज्ज्...यानि अब हम भगवान की शरण में हैं। यहीं जिंदगी की अंतिम सांसें गिन रहे हैं। उम्मीद करते हैं कि बंगाल से अन्य कोई भी महिला मेरी जैसी हालत में यहां नहीं आए। ऐसी निराशाजनक बातों की बीच भी इन बंगाली विधवाओं और माताओं की बंगाल चुनाव में खासी दिलचस्पी है। यहां के आश्रम और मंदिरों में दोपहर को बांग्ला भाषा के न्यूज चैनल चलते दिखाई देते हैं क्योंकि सुबह-शाम इन महिलाओं का वक्त संकीर्तन और भिक्षावृति में बीतता है। हालांकि सुलभ इंटरनेशनल की ओर से प्रत्येक माता के लिए करीब 2 हजार रुपए महीना आर्थिक सहायता, आवास और भोजन की व्यवस्था की जाती है।

सुलभ इंटरनेशनल संस्था के कर्मचारी अर्जुन सिंह ने बताया कि वृंदावन में इनके 5 आश्रम हैं। चेतन विहार, पागल बाबा, मां शारदा, मीरा सदन समेत तमाम मंदिरों और किराये के मकानों में ये बंगालन माताएं रहती हैं। वृंदावन के अलावा गोवर्धन, मथुरा, बरसाने में भी काफी संख्या में बंगाली माताएं रहती हैं। इनकी संख्या 5 हजार से ज्यादा ही होगी।

### कोलकाता का बृज से 5 सदी पुराना नाता... सन् 1515 में चैतन्य महाप्रभु आए थे वृंदावन

बंगाल की इन महिलाओं का बृज से 5 सदी पुराना नाता है। बताते हैं कि बंगाल के महान संत चैतन्य महाप्रभु सन् 1515 में वृंदावन आए थे। उनके साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी आईं। वे बाद में यहीं बस गईं। इसके बाद विधवा और परित्यक्ता महिलाओं को वृंदावन में छोड़ देने की कुरीति पनपी। हालांकि अब यह काफी हद तक कम हुई है। लेकिन, 5000 में से ज्यादातर महिलाओं के पास अब बंगाल अथवा वृंदावन कहीं भी वोट का अधिकार नहीं है। राशन कार्ड जैसे मूलभूत दस्तावेज भी नहीं बन पाते हैं। इसलिए बेहद तंगी में जीने वाली इन महिलाओं का जीवनयापन संकीर्तन और भिक्षावृत्ति में मिली राशि पर टिका है। लेकिन, इसके बावजूद इन्होंने अपनी संस्कृति को नहीं छोड़ा। जैसे, बांग्ला भाषा, पहनावा और भोजन। इसीलिए फुर्सत के क्षण में वे टीवी पर बांग्ला भाषा के चैनल देख लेती हैं।



### कोरोना का खौफः पॉजिटिव वार्ड में भर्ती मरीज का पुत्र बाजार से खरीदकर ले आया ऑक्सीजन सिलेंडर

डूंगरपुर | कोरोना संक्रमण को लेकर लोगों में अब डर दिखने लगा है। शुक्रवार को कोविड अस्पताल में पांच दिन पूर्व संक्रमित आया व्यक्ति सैंपलिंग की लाइन में लगा मिला, वहीं दोवड़ा का एक युवक पॉजिटिव वार्ड में भर्ती पिता के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर खरीदकर लेकर आया। कलेक्टर सुरेश कुमार ओला मौके पर पहुंचे।

**वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा**
(राजस्थान सरकार के अधिनियम 1987 (न. 35–1987) द्वारा स्थापित राजस्थान का एक मात्र राजकीय खुला विश्वविद्यालय)

(परीक्षा विभाग)

क्रमांकः वमखुवि/परीक्षा/2021/1340 — दिनांक :– 16.04.2021

**सत्रांत परीक्षा जून–2020 में पंजीकृत BLIS एवं DLIS के विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा के लिये अति महत्वपूर्ण सूचना**

सत्रांत लिखित परीक्षा जून–2020 में BLIS-(03, 04) एवं DLIS-(02, 03) कार्यक्रमों में पंजीकृत विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं जो कि दिनांक 19 अप्रेल 2021 से प्रारम्भ की जा रही थी, को वैश्विक महामारी कोविड–19 के कारण स्थगित किया जाता है। आगामी परीक्षा आयोजन की तिथि पृथक से विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.vmou.ac.in व समाचार पत्रों के माध्यम से सूचित कर दी जाएगी। परीक्षा सम्बन्धित विस्तृत जानकारी/संशोधन की सूचना के लिए समय–समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाईट देखें।

राज.संवाद/सी/21/626 — परीक्षा नियंत्रक

### जयसमंदः बरामदे में सोए युवक पर तेंदुए का हमला

जयसमंद | पंचायत समिति क्षेत्र के जावर माइंस थाना अन्तर्गत सिंघटवाड़ा ग्राम पंचायत में दूसरे दिन भी तेंदुए ने मकान के बरामदे में सो रहे सिंघटवाड़ा सुशाला फला निवासी रामलाल मीणा (28) पर हमला कर दिया। युवक का शोर सुनकर परिजन जागे और तेंदुए को भगाया। युवक के सिर में गहरे घाव हो गए। उसे गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है।







## 40 सेकंड में मैच का हाल

पंजाब किंग्स VS चेन्नई सुपरकिंग्स

• कहां हुआ मुंबई
• कौन जीता चेन्नई सुपरकिंग्स
• कैसे 6 विकेट से



मैन ऑफ द मैच **दीपक चाहर**



कैच ऑफ द मैच **रवींद्र जडेजा**

**क्या किया:** जडेजा ने चाहर की गेंद पर शॉर्ट-कवर पर फुल-लेंथ डाइव लगाकर गेल का कैच लपका।

**टर्निंग पॉइंट**

दीपक चाहर के ओवर ही मैच के टर्निंग पॉइंट रहे। पहले ही ओवर में उन्होंने मयंक को आउट कर दिया। उन्होंने अपना स्पेल शुरुआती ओवरों में ही खत्म कर दिया। 5वें ओवर में गेल और पूरन को चलता कर दिया। पंजाब इससे उबर नहीं सकी।

▪ **सबसे लंबा छक्का:** 87 मीटर, अश्विन की गेंद पर मोइन ने लगाया।

▪ **डॉट-बॉल हीरो:** चेन्नई के दीपक चाहर ने 18 डॉट गेंदें फेंकीं।

### पंजाब कप्तान VS चेन्नई कप्तान

*जब कोई टीम शुरुआत के 6-7 ओवर में 5 विकेट गंवा देती है तो उसके पास कहने को कुछ नहीं होता। यह 110 रन की पिच नहीं थी।* **-केएल राहुल**

*कभी नहीं सोचा था कि मुंबई हमारा होम ग्राउंड होगा। यहां की विकेट बहुत अच्छी है। गेंद घूम रही थी, लेकिन ज्यादा स्विंग नहीं था।* **-एमएस धोनी**

### • ऑफ-बीट मोमेंट



चेन्नई के ब्रावो ने 17वें ओवर में अश्विन आउट करने के बाद डांस किया। उन्होंने साउथ इंडियन गाने 'वाथी कमिंग' का सिग्नेचर स्टेप किया। डांस को देखकर रायडू हंसी नहीं रोक पाए।

**आईपीएल • चेन्नई ने पंजाब को 6 विकेट से हराकर सीजन की पहली जीत दर्ज की**

# जीत के चाहर चांद


**दीपक चाहर ने लीग में अपना बेस्ट प्रदर्शन करते हुए चार विकेट लिए**

भास्कर न्यूज | मुंबई

आईपीएल 2021 के आठवें मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स ने पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हराया। टीम की इस सीजन में पहली जीत है। यह मुकाबला कप्तान धोनी का चेन्नई के लिए 200वां मैच था। पंजाब को चेन्नई के खिलाफ 15वीं हार मिली। सिर्फ बेंगलुरू ने चेन्नई के खिलाफ उससे ज्यादा 16 मैच हारे हैं। पंजाब की टीम 8 विकेट पर 106 रन ही बना सकी। मयंक अग्रवाल दूसरी ही गेंद पर दीपक चाहर का शिकार बने। कप्तान राहुल और गेल जडेजा की शानदार फील्डिंग की वजह से पवेलियन लौटे। युवा बल्लेबाज शाहरुख खान ने सबसे ज्यादा 47 रन बनाए। पहले मैच में गोल्डन डक होने वाले पूरन दूसरी गेंद पर बिना खाता खोले आउट हुए। 50 मैच खेल रहे दीपक चाहर ने 13 रन देकर चार विकेट लिए। यह आईपीएल में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होने के साथ ही 50वें मैच में किसी गेंदबाज का भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। चेन्नई ने 16वें ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मोइन अली ने 46 और डू प्लेसिस ने 36 रनों की नाबाद पारी खेली। रितुराज गायकवाड़ ने 16 गेंदों पर 31.25 की स्ट्राइक रेट से 5 रन बनाए। 15 से ज्यादा गेंद खेलने के बाद यह चेन्नई के किसी बल्लेबाज का सबसे खराब स्ट्राइक रेट है।



**चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी**




**13** वीं बार बिना खाता खोले आउट हुए रायडू। सबसे ज्यादा बार डक होने के मामले में रोहित, रहाणे, भज्जी और पार्थिव की बराबरी की।

**36** विकेट लिए हैं चेन्नई के दीपक चाहर ने आईपीएल 2017 से पहले 6 ओवर में। 25 विकेट के साथ उमेश दूसरे पर।

**22** रन-आउट किए हैं जडेजा ने आईपीएल में। धोनी (21) को पीछे छोड़ सबसे ज्यादा रन-आउट करने वाले खिलाड़ी बने।

### » स्कोर बोर्ड चेन्नई सुपरकिंग्स ने टॉस जीता (फील्डिंग)

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| राहुल रनआउट जडेजा | 5 | 7 | 1/0 |
| मयंक बो चाहर | 0 | 2 | 0/0 |
| गेल कै जडेजा बो चाहर | 10 | 10 | 2/0 |
| हुड्डा कै प्लेसिस बो चाहर | 10 | 15 | 1/0 |
| पूरन कै शार्दुल बो चाहर | 0 | 2 | 0/0 |
| शाहरुख कै जडेजा बो करेन | 47 | 36 | 4/2 |
| रिचर्डसन बो मोइन अली | 15 | 22 | 2/0 |
| एम. अश्विन कै प्लेसिस बो ब्रावो | 6 | 14 | 0/0 |
| शमी नाबाद | 9 | 12 | 0/0 |
| मेरेडिथ नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 4. **कुल:** 106/8. **विकेट पतन:** 1-1, 2-15, 3-19, 4-19, 5-26, 6-57, 7-87, 8-101.
**गेंदबाजी:** दीपक चाहर 4-1-13-4, सैम करेन 3-0-12-1, शार्दुल 4-0-35-0, जडेजा 4-0-19-0, मोइन 3-0-17-1, ब्रावो 2-0-10-1.

| चेन्नई सुपरकिंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रितुराज कै हुड्डा बो अर्शदीप | 5 | 16 | 0/0 |
| प्लेसिस नाबाद | 36 | 33 | 3/1 |
| मोइन कै शाहरुख बो अश्विन | 46 | 31 | 7/1 |
| रैना कै राहुल बो शमी | 8 | 9 | 1/0 |
| रायडू कै पूरन बो शमी | 0 | 1 | 0/0 |
| सैम करेन नाबाद | 5 | 4 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 7. **कुल:** 107/4 (15.4 ओवर).
**विकेट पतन:** 1-24, 2-90, 3-99, 4-99.
**गेंदबाजी:** शमी 4-0-21-2, रिचर्डसन 3-0-21-0, अर्शदीप 2-0-7-1, मेरेडिथ 3.4-0-21-0, एम. अश्विन 3-0-32-1.




### दिल्ली कैपिटल्स के नॉर्किया कोरोना निगेटिव हुए

**मुंबई|** दिल्ली के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया कोरोना निगेटिव हो गए हैं। वे 18 को पंजाब के खिलाफ होने वाले मैच में चयन के लिए उपलब्ध होंगे। उन्होंने शुक्रवार को ट्रेनिंग में हिस्सा लिया। वे 6 अप्रैल को मुंबई पहुंचे थे। उन्हें 13 को क्वारेंटाइन से निकलकर टीम से जुड़ना था। लेकिन फॉल्स पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद उन्हें और 3 दिन क्वारेंटाइन में रहना पड़ा।

### स्टोक्स आज इंग्लैंड रवाना होंगे, सोमवार को सर्जरी

**मुंबई|** राजस्थान के इंग्लिश ऑलराउंडर बेन स्टोक्स तीन महीने के लिए मैदान से बाहर हो गए हैं। उनकी पंजाब के खिलाफ पहले मुकाबले के दौरान बाएं हाथ की अंगुली चोटिल हो गई थी। वे शनिवार को इंग्लैंड रवाना होंगे। ईसीबी ने बताया, 'स्टोक्स के एक्स-रे और सीटी स्कैन से उनकी चोट की गंभीरता का पता चला। अब इसकी सोमवार को लीड्स में सर्जरी होगी।'

## आईपीएल-14 पॉइंट टेबल

| रैंक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू | 2 | 2 | 0 | 4 | +0.17 |
| 2 | चेन्नई सुपरकिंग्स | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.61 |
| 3 | मुंबई इंडियंस | 2 | 1 | 1 | 2 | +0.22 |
| 4 | दिल्ली कैपिटल्स | 2 | 1 | 1 | 2 | +0.19 |
| 5 | राजस्थान रॉयल्स | 2 | 1 | 1 | 2 | +0.05 |
| 6 | कोलकाता नाइटराइडर्स | 2 | 1 | 1 | 2 | +0.00 |
| 7 | पंजाब किंग्स | 2 | 1 | 1 | 2 | +0.90 |
| 8 | सनराइजर्स हैदराबाद | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.40 |

**मुंबई और हैदराबाद के बीच मैच शाम 7.30 बजे से**

## मुंबई को बराबरी की टक्कर देती है हैदराबाद की टीम



भास्कर के लिए
चंद्रेश नारायणन



आईपीएल 2021 के 9वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस के सामने सनराइजर्स हैदराबाद की चुनौती होगी। यह मुकाबला चेन्नई के चेपक स्टेडियम में खेला जाएगा। मुंबई को अभी तक खेले दो मैचों में एक जीत और एक हार मिली है। वहीं हैदराबाद को अभी भी पहली जीत का इंतजार है। टीम चेपक पर अभी तक खेले सभी 5 मैच हारी है। मुंबई को हैदराबाद से बराबरी की टक्कर मिली है। अभी तक दोनों के बीच हुए 16 मैचों में मुंबई ने 8 और हैदराबाद ने भी 8 जीते हैं।

**नीतीश राणा**
137 रन
02 मैच
80 बेस्ट
कोलकाता नाइटराइडर्स

**हर्षल पटेल**
07 विकेट
02 मैच
5/27 बेस्ट
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू

### काउंटी: विहारी वारविकशायर के लिए डेब्यू मैच में डक हुए

**नॉटिंघम |** भारतीय टीम के टेस्ट स्पेशलिस्ट बल्लेबाज हनुमा विहारी वारविकशायर के लिए काउंटी डेब्यू मैच की पहली पारी में खाता खोले बिना आउट हुए। आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिलने के बाद विहारी ने काउंटी का रुख किया था। नॉटिंघमशायर के खिलाफ मैच में नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे विहारी 23 गेंदों का सामना करने के बाद स्टुअर्ट ब्रॉड का शिकार बने। पहली पारी में नॉटिंघमशायर की टीम 273 रन बनाकर आउट हुई। विहारी ने कप्तान विल रोड्स की गेंद पर स्टीवन मुलने का शानदार कैच भी लपका। वहीं, हैम्पशायर के लिए खेलने वाले पाक तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने मिडिलसेक्स के खिलाफ 17 गेंदों में 5 विकेट लिए।

# भास्कर खास

## हास्यरंग

### सेंसिबल मीम
सौरभ जैन







### पोएटिक फन
अतुल चतुर्वेदी

### वैक्सीन वीर

वो वैक्सीन वीर हैं
तरह तरह के टीके लगवाते हैं
स्वयं व देश को रोगाणु मुक्त बनाते हैं
कह रहे हैं काश
सत्याचरण के भी टीके बन जाएं
नेताओं के सारे झूठ फीके पड़ जाएं
अनुशासन का टीका गर लग जाए
तो काहिली की आदत भाग जाए
बस एक ही रहस्य समझ नहीं आ रहा
जो भी इन दिनों टीका लगवाता है
पहले अपना फ़ोटो क्यों खिंचवाता है
फ़ोटो और कोरोना का क्या कनेक्शन है
क्या यह आज़ादी का सेलिब्रेशन है!
वैक्सीन न निर्भय होने की आज़ादी है
न स्वेच्छाचारिता का प्रमाण पत्र है
बस यह तो कोरोना से लड़ने का मंत्र है
मास्क होगा तो बोलेंगे कम
जीवन में बना रहेगा खुशगवार मौसम
जब भी भूले से मुस्कुराएंगे
गुटखाछाप दांत तो छुप जाएंगे।

### ह्यूमर ट्यूमर
सौरभ

▪ हिमाचल का आयुर्वेद विभाग भूत तंत्र की मदद से कोरोना को रोकेगा।
- हम महामारी नियंत्रित करने निकले थे। कब हॉरर फिल्म की शूटिंग करने लग गए, पता ही नहीं चला।

▪ देश में एक दिन में कोरोना के मामले 2 लाख के पार पहुंचे। यह संक्रमण का सर्वाधिक आंकड़ा।

▪ परीक्षा पर चर्चा करने से परीक्षा रद्द हो गई। तो क्यों न एक बार कोरोना पर चर्चा करके भी देख लिया जाए।

### हास्य बत्तीसी
लहरी




### ये फोटो नॉनसेंस है

**पिछले सप्ताह हमने यह फनी फोटो देकर पाठकों से कैप्शन आमंत्रित किए थे। पेश हैं कुछ चुनिंदा नॉनसेंस कैप्शन :**



### गर्मियों में किया जानेवाला 'जलासन'

• कोरोना को भगाना है तो बार-बार हाथ धोना है।
**-तुषार धवन/अंकिता गुप्ता**

• घर घर नल, बंदर पिए जल।
**-ममता अखंडे**

• एक बंदर प्यासा था, नल से पानी आता था। बंदर ने पिया पानी, हो गई ख़त्म कहानी। **-हंसवाहिनी वर्मा**

• बंदर अदरक का स्वाद भले ही न जाने, लेकिन पानी का स्वाद जानता है। **- मोक्षिता एम./अमन राजपूत**

• जल है तो कल है, पानी आता हो वही नल है। **-कुलदीप गवेन्द्रा**

• बंदर मामा की सुनो कहानी, नल के नीचे बैठ छान रहे है पानी।
**-जगदीश गोकलानी, ग्वालियर**

• पेश है गर्मियों में किया जानेवाला 'जलासन'...। **- सुमित श्रीवास्तव**

• गरमी तो एक बहाना है, बंदर को भी नहाना है। **- डॉ. सपना रावत**

• चलो इसमें तो है पानी, कट जाएगी गर्मी जॉनी। **-डॉ. अपर्णा चतुर्वेदी**

• ढूंढ रहा है बंदर मोंटी, कहां है इस नल की टोंटी।
**-कपिल बैसाखिया, सागर**



**इस हफ्ते का नॉनसेंस फोटो-**
इस तस्वीर को देखकर आपके भी दिमाग में मजेदार कैप्शन आ रहे होंगे। तो भेज दीजिए humour@dbcorp.in पर...

## पीपुल भास्कर

**चर्चा में** ममता बनर्जी

# ममता पार्टटाइम राइटर और पेंटर, 102 किताबें लिखीं, करोड़ों में बेची पेंटिंग

**भड़काऊ भाषण को लेकर चुनाव आयोग ने ममता पर 24 घंटे का बैन लगाया था, विरोध में धरने पर बैठ गई थीं।**

**जन्म**- 5 जनवरी 1955 (कोलकाता)

**शिक्षा**- इतिहास में स्नातक, इस्लामिक इतिहास का अध्ययन, वकालत और बीएड

**संपत्ति- 16.72 लाख रुपए**
**(बंगाल चुनाव में दिए शपथ पत्र के अनुसार)**

**बंगाल** चुनाव अपने आखिरी चरण की ओर बढ़ रहा है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस की संस्थापक नेता 66 साल की ममता बनर्जी लगातार सुर्खियों में हैं। इस बार वजह थी उन पर 24 घंटे के लिए प्रचार से लगा बैन। कांग्रेस के साथ राजनीतिक जीवन शुरू करने वाली ममता बनर्जी उर्फ दीदी का शुरू से ही एकमात्र मकसद बंगाल की सत्ता से वामपंथियों को बेदखल करना था। वह 2011 से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री हैं। कांग्रेस से असंतुष्ट और माकपा के सामने हथियार डालने का आरोप लगाते हुए उन्होंने 1998 में तृणमूल कांग्रेस पार्टी बनाई थी। हालांकि इसके तुरंत बाद एनडीए से हाथ मिलाया और रेल मंत्री बनीं। वह रेल मंत्री बनने वाली देश की पहली महिला थीं। केंद्र में कोयला, मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री, युवा मामलों और खेल तथा महिला और बाल विकास राज्यमंत्री भी रह चुकी हैं। छात्र जीवन से ही विरोध-धरना प्रदर्शन करने वाली ममता कहती हैं कि राजनीति उनके खून में है। वह कई बार जेल भी जा चुकी हैं। दिसंबर 2006 में टाटा नैनो फैक्ट्री के लिए सिंगूर में जमीन अधिग्रहण के खिलाफ ममता 26 दिन की भूख हड़ताल पर रही थीं। टाइम पत्रिका ने 2002 में उन्हें विश्व के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल किया था।

### सरकारी विभाग का लोगो भी बनाया



**अपने** दफ्तर में 'बांग्लार मां' पेंटिंग बनाती ममता। उनकी चित्रों की पहली प्रदर्शनी 2005 में लगी थी, तब उनकी पेंटिंग्स 10 से 20 हजार रु. में बिकीं। 2016 में ममता ने बताया था कि उनकी 300 पेंटिंग्स 9 करोड़ रुपए में बिकीं। एक पेंटिंग 1.8 करोड़ रु. तक में बिकी थी। आरोप था कि सारदा चिटफंड घोटाले के मुख्य आरोपी सुदीप्ता सेन ने यह पेंटिंग खरीदी थी। ये कमाई उन्होंने मुख्यमंत्री आपात निधि और पार्टी के कामकाज में खर्च की। एमएसएमई बिश्व बांग्ला का लोगो ममता ने डिजाइन किया है।

### बांग्ला, अंग्रेजी और उर्दू में लिखती हैं

कविता, कहानी, उपन्यास के अलावा ममता समसामयिक विषयों पर लिखती हैं। उनकी ताजा किताब नागरिकता संशोधन कानून पर थी- 'नागरिकता आतंको।' ज्यादातर बांग्ला और अंग्रेजी में लिखती हैं। उर्दू में भी कुछेक कविताएं लिखी हैं। कविताओं का अंग्रेजी के साथ संताली में भी अनुवाद हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ममता अब तक 102 किताबें लिख चुकी हैं।

### अनसुने किस्से : जब परिवार की खातिर बाजार में दूध तक बेचना पड़ा

**पिता के लिए घर में पोस्टर बनातीं थी...**

**ममता** के पिता प्रोमिलेश्वर स्वतंत्रता सेनानी थे, घर में कांग्रेस पार्टी की मीटिंग्स होती थी। कांग्रेस और वामपंथ की भी बातें होती थीं। विरोध-प्रदर्शन के लिए ममता घर पर ग्लू से पोस्टर तैयार करतीं थीं।

**स्टेनोग्राफर रहीं, स्कूल में बच्चों को पढ़ाया**

**1972** में इलाज के अभाव में ममता के पिता की मौत हो गई। मां भी बीमार रहतीं, ऐसे में भाई-बहनों की जिम्मेदारी भी ममता पर आ गई। जीविका के लिए दूध तक बेचा, स्टेनोग्राफर, स्कूल शिक्षक भी रहीं।

**घर के पीछे जेल से आवाजें आती थीं..**

**कोलकाता,** कालिघाट पर ममता का पुश्तैनी घर है। इसके पीछे जेल थी, 70 के दशक में नक्सल आंदोलन चरम पर था। बंदियों के विद्रोही स्वर उनको सुनाई देते। वह कहती हैं इसने उनके मन पर असर डाला।

**स्कूल में शर्मीली, कॉलेज में अग्निकन्या**

**स्कूल** में आखिरी बेंच पर बैठने वाली ममता को कॉलेज में अग्निकन्या की संज्ञा मिली। वाम मोर्चे से अलग छात्रपरिषद बनाई। 1984 के लोकसभा चुनाव में सोमनाथ चटर्जी को हराकर ममता सांसद बनीं।

**जब एक कसम 18 साल निभाई...**

**1993** में ज्योति बसु के खिलाफ प्रदर्शन पर ममता को जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने कसम खाई कि लेफ्ट को हराकर राइटर्स बिल्डिंग में जाएंगी। 2011 को वह बतौर मुख्यमंत्री राइटर्स बिल्डिंग में गईं।



## सरकारों का 'झूठ बेनकाब' करते अंतिम संस्कार के इंतजार में फुटपाथ पर पड़े शव

तस्वीर गाजियाबाद के हिंडन रिवर श्मशान घाट की है।

| शहर | दाह संस्कार कोरोना प्रोटोकॉल से | सरकारी आंकड़े | मौतें छिपाईं |
|---|---|---|---|
| मुंबई | 201 | 50 | 151 |
| लखनऊ | 105 | 26 | 79 |
| सूरत | 115 | 26 | 89 |
| भोपाल | 112 | 04 | 108 |
| रायपुर | 107 | 65 | 42 |
| रांची | 48 | 5 | 43 |
| पटना | 30 | 07 | 23 |
| जयपुर | 25 | 03 | 22 |
| गाजियाबाद | 30 | 00 | 30 |
| अहमदाबाद | 81 | 25 | 56 |

# 8 राज्य, 10 शहर, 854 मौतें; सरकारों ने बताईं 211

- यह आंकड़ा सरकारी आंकड़ों से चार गुना ज्यादा; लखनऊ, सूरत और रांची समेत कई शहरों में अंतिम संस्कार की वेटिंग चल रही
- सरकार ने गुरुवार को देशभर में 1182 मौतें बताईं, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही

**भास्कर नेटवर्क** | अभी तक देश में कोरोना जांच की रिपोर्ट का इंतजार करना पड़ रहा था। लेकिन अब शवों के अंतिम संस्कार के लिए 15-15 घंटों की वेटिंग चल रही है। एक तरफ अस्पतालों में कोरोना मरीजों के लिए बेड नाकाफी हैं, तो दूसरी तरफ श्मशानों में जगह कम पड़ने लगी है। कोरोना प्रोटोकॉल से हो रहे अंतिम संस्कार सरकारी आंकड़ों की हकीकत खुद-ब-खुद बयां कर रहे हैं। गुरुवार को 8 राज्यों के 10 बड़े शहरों में कोरोना प्रोटोकॉल से 854 शवों का अंतिम संस्कार हुआ, जबकि सरकार ने सिर्फ 211 मौतें ही बताईं। सरकार की मानें तो गुरुवार को देश में 1182 मौतें हुईं। जबकि सिर्फ 10 शहरों का यह आंकड़ा सरकारी दावों की पोल खोल रहा है। देश में एक दिन में सबसे ज्यादा मुंबई में 201 शवों का अंतिम संस्कार हुआ। भोपाल में 112, लखनऊ में 105 और सूरत में 115 शवों का अंतिम संस्कार किया गया। लेकिन राज्य सरकारों ने आंकड़ों में क्रमशः 4, 26 और 26 मौतें ही दिखाईं। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि सरकारी आंकड़े सही हैं तो श्मशानों में जल रहे और वेटिंग में पड़े शव किसके हैं? उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद की यह तस्वीर बेहद भयावह है। खासकर तब, जब यूपी में पंचायत चुनाव चल रहे हैं।

**पश्चिम बंगाल**
**विधानसभा चुनाव 2021**

• पांचवें चरण में 45 सीटों पर आज होगा मतदान

# मतुआ को नागरिकता देंगे : शाह
# बाहरी फैला रहे हैं कोरोनाः ममता

पश्चिम बंगाल में आज पांचवे चरण में 6 जिले की 45 सीटों पर मतदान होगा। कोरोना के बढ़ते मामले के बीच चुनाव में कोरोना संक्रमण रोकना एक बड़ी चुनौती बन गई है। वहीं, गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को नदिया में रैली को संबोधित किया। कहा कि 'दीदी मतुआ, नामशूद्र समुदाय के लोगों को नागरिकता देने की इच्छुक नहीं है क्योंकि उनका वोटबैंक यह नहीं चाहता है। भाजपा इन सभी को नागरिकता देगी। दूसरी तरफ, ममता बनर्जी ने भाजपा पर कोरोना फैलाने आरोप लगाया। कहा- 5 महीने तक यहां कोई कोरोना नहीं था। लेकिन भाजपा बाहर से लोग लेकर आई और किसी की भी जांच नहीं हुई है।

**भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट** • मतदान वाले 6 जिले कभी सीपीएम, टीएमसी का गढ़ थे, अब भाजपा प्रतिद्वंदी

## पूर्व बर्धमानः आठ में से आधी सीटों पर भाजपा की बढ़त

### दिख रहा ध्रुवीकरण का असर, हर सीट पर भाजपा टक्कर में

**अक्षय वाजपेयी** | 'कोनो ऐमोन काज नेई जेटा बिना काटमनी दिए होये' (कोई काम नहीं है जो बिना काटमनी दिए होता हो)। यह दर्द मंतेश्वर में रहने वाले देवव्रत राय का है। देवव्रत की तरह तमाम ऐसे लोग हैं जो टीएमसी के स्थानीय नेताओं के भ्रष्टाचार से परेशान होकर भाजपा को एक नई उम्मीद के तौर पर देख रहे हैं। हालांकि इन लोगों में ममता को लेकर कोई गुस्सा नहीं है। इसलिए टीएमसी मुकाबले में बनी हुई है। लेकिन उसे हर सीट पर बीजेपी से कड़ी टक्कर मिल रही है। देवव्रत कहते हैं, 'मंतेश्वर में घर बनाओ तो टीएमसी का ग्रुप आ जाता है कि ईंट-पत्थर हमसे लो। स्कूल में दाखिला करवाओ तो पहले उन्हें काटमनी दो। सरकार की स्कीम का कोई कार्ड बनवाना हो या आवास योजना का पैसा लेना हो, बिना पांच-दस हजार दिए काम नहीं हो पाता।'

मंतेश्वर पूर्व बर्धमान जिले में आता है, यहां की 8 सीटों खंडाघोष ,बर्धमान दक्षिण, रैना, जमालपुर, मन्तेश्वर, कालना, मेमारी और बर्धमान उत्तर पर 17 अप्रैल को वोटिंग है। कभी सीपीएम के दुर्ग रहे बर्धमान ने ममता को भी दिल खोलकर वोट दिए। लेकिन इस बार यहां की हवा में केसरिया रंग साफ महसूस किया जा सकता है। लोगों की बीजेपी के तरफ झुकने की तीन बड़ी वजह हैं। पहली, टीएमसी के नेताओं के प्रति नाराजगी, दूसरी हिंदु-मुस्लिम ध्रुवीकरण और तीसरी, बीजेपी को एक मौका देने की जिद। उन्हें लगता है कि, बीजेपी आकर सब ठीक कर देगी। किसी को कटमनी नहीं देना पड़ेगी। शहरी इलाकों में तो टीएमसी और ग्रामीण इलाकों में भाजपा मजबूत दिख रही है।

### बाउरी समुदाय बीजेपी के साथ, इसलिए पार्टी मजबूत

वरिष्ठ पत्रकार सोमनाथ नंदी कहते हैं, जिले का पिछड़ा समुदाय पहले सीपीएम को वोट करता था। अब बीजेपी में शिफ्ट हो चुका है। एससी में आने वाले बाउरी समुदाय के बीच बीजेपी ने बीते कुछ सालों में गहरी पैठ बनाई है। टीएमसी के नेता आराम फरमा रहे थे, तब यहां आरएसएस और बीजेपी ने पिछड़ों को अपने साथ जोड़ा। पिछड़े समुदाय के बीच पैठ बनाने में टीएमसी से बीजेपी में आए मुकुल रॉय ने बड़ा रोल निभाया।

## विद्रोही नक्सलबाड़ी में भी अब लेफ्ट को भाजपा की चुनौती

### सिलीगुड़ी समेत आस-पास की 10 सीटों पर भाजपा मुकाबले में

**मधुरेश/अमरेंद्र कुमार**| उत्तर बंगाल का इलाका अपने आप में राजनीति की कई परतों को समेटे हुए है। चाहे उत्तर बंगाल का सबसे बड़ा वाणिज्यिक केंद्र बन चुका सिलीगुड़ी हो या व्यवस्था के खिलाफ हथियारबंद विद्रोह का पर्याय बन चुका नक्सलबाड़ी, यहां हर सीट एक कहानी समेटे हुए है। सिलीगुड़ी समेत आस-पास की 10 सीटों मायनागुड़ी, जलपाईगुड़ी, राजगंज, डाबग्राम फुलवारी, नगरा काटा, माल, माटीगारा-नक्सलबाड़ी, फांसीदेवा और धुपगुरी में आज मतदान है।

सबसे खास बात ये है कि कभी वामदलों का गढ़ रहे इस इलाके में अब लगभग हर सीट पर भाजपा कड़ा मुकाबला दे रही है। नक्सलबाड़ी की बात करें... चाहे कांग्रेस-सीपीएम के सीटिंग विधायक शंकर मालाकार हों या टीएमसी के राजेन सुंदास, दोनों अपना मुकाबला भाजपा से मानते हैं। भाजपा ने अपने पुराने खिलाड़ी आनंदमय वर्मन पर दांव आजमाया है। टीएमसी ने आखिरी समय में उम्मीदवार बदला। नलिनी रंजन राय को हटाकर राजेन को टिकट दिया। इस बदलाव के पीछे बिमल गुरुंग का दिमाग रहा। मकसद यही कि इससे गोरखा समुदाय के लोग टीएमसी की तरफ और झुकेंगे, जिससे इस समुदाय के असर वाली कई सीटों को जीतने में सहूलियत होगी। नक्सलबाड़ी में लेनिन, स्टालिन, माओ, लीन प्याओ, चारु मजूमदार, सरोज दत्ता एवं महादेव मुखर्जी की प्रतिमाएं एकसाथ, एक कतार में हैं। नक्लबाड़ी आंदोलन में शहीद हुए लोगों का स्मारक है। लेकिन इलाका, बेहतर जीवन की बुनियादी जरूरतों से अब भी महरूम है, विकास तो दूर की बात है।

### सिर्फ सिलीगुड़ी सीट पर ही सीपीएम का पलड़ा भारी

सिर्फ सिलीगुड़ी सीट पर ही सीपीएम का पलड़ा भारी लग रहा है। सिलीगुड़ी में सीपीएम व संयुक्त मोर्चा के प्रत्याशी अशोक भट्टाचार्य और भाजपा के शंकर घोष के बीच मुकाबला है। शंकर हाल ही में माकपा से भाजपा में शामिल हुए हैं। उनकी पहचान भट्टाचार्य के शिष्य के रूप में थी। अब वे उन्हें कड़ा मुकाबला दे रहे हैं। वामदल की सरकार में भट्टाचार्य 4 बार मंत्री रह चुके हैं। टीएमसी से ओम प्रकाश मिश्रा मैदान में हैं।

## अमेरिका में फिर गोलीबारी, 8 की मौत

### भारतीय मूल के व्यक्ति का दावा- भतीजी घायल

**एजेंसी** | इंडियानापोलिस



अमेरिका के इंडियानापोलिस में फेडेक्स के एक सेंटर पर गोलीबारी में 8 लोगों की मौत हो गई है। घटना गुरुवार रात को हुई। पुलिस की प्रवक्ता जिनी कुक ने बताया कि कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस का मानना है कि घटना को अंजाम देने वाले बंदूकधारी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। कुक ने बताया कि रात 11 बजे जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तब गोलीबारी चल रही थी। गोलीबारी का मकसद अभी अज्ञात है। फेडेक्स सेंटर में काम करने वाले दो चश्मदीदों ने बताया कि उन्होंने 10 बार गोली चलने की आवाज सुनी। वहीं, फेडेक्स ने कहा है कि जांच में पुलिस का सहयोग किया जा रहा है। सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता है।

दूसरी ओर, भारतीय मूल के एक व्यक्ति ने कहा है कि फेडेक्स में गोलीबारी की घटना में घायल हुए लोगों में उसकी भतीजी भी शामिल है। गोलीबारी के समय वह अपनी कार में चालक सीट पर बैठी थी। लड़की के चाचा ने दावा किया है कि मैं घर में सोया था तभी उसका फोन आया। उसने बताया कि फेडेक्स में गोलीबारी चल रही है। उसके बाएं हाथ में गोली लगी। अभी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

## हांगकांग : मीडिया टाइकून जिमी समेत 5 नेताओं को जेल

**एजेंसी** | हांगकांग

हांगकांग लोकतंत्र समर्थक 9 नेताओं को सजा सुनाई गई। स्थानीय कोर्ट के इस फैसले के बाद पांच लोगों को शुक्रवार को जेल भेज दिया जिसमें मीडिया टाइकून जिमी लाइ भी शामिल हैं। सभी को 2019 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान एक रैली का आयोजन करने के लिए 18 माह कैद की सजा दी गई है। वकील और पूर्व सांसद मार्टिन ली (82) सहित चार लोगों की सजा उनकी उम्र एवं उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए निलंबित रखी गई।

## सीबीआई कोर्ट ने भूमि घोटाले में हुड्डा पर आरोप तय किए

**भास्कर न्यूज़** | पंचकूला

विशेष सीबीआई अदालत ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खिलाफ एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) भूखंड के पुनः आवंटन मामले में आरोप तय कर दिए। हुड्डा पर प्रीवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धाराओं में केस दर्ज होगा। ट्रायल 7 मई से शुरू होगी। आरोप मुक्त करने के लिए हुड्डा के आवेदन और आरोप तय किए जाने के आवेदनों पर गुरुवार को कोर्ट में बहस पूरी हो गई थी। शुक्रवार को कोर्ट ने हुड्डा के आवेदन को खारिज करने का फैसला सुनाया।

## पाकिस्तान में फ्रांस के खिलाफ कई शहरों में हिंसा, 600 घायल



**कराची** | पाकिस्तान में फ्रांस के खिलाफ कराची सहित कई शहरों में हिंसक प्रदर्शनों का दौर जारी हैं। शुक्रवार को सरकार ने चार घंटे के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बंद कर दिया। कट्टरपंथी समूह तहरीक-ए-लब्बैक गत वर्ष प्रकाशित हुए एक कार्टून को लेकर फ्रांस का विरोध कर रहा है। अब तक 10 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

## कोरोनाः उप्र में 20 हजार से ज्यादा नए मामले, महाराष्ट्र में मौतें 58 हजार पार हुईं

| राज्य | कुल मामले | नए केस | मौतें | ठीक हुए |
|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 3639855 | 61695 | 59153 | 2959056 |
| केरल | 1197302 | 8126 | 4857 | 1128475 |
| कर्नाटक | 1109650 | 14738 | 13112 | 999958 |
| तमिलनाडु | 962935 | 7987 | 12999 | 891839 |
| आंध्रप्रदेश | 942135 | 5086 | 7353 | 903072 |
| दिल्ली | 784137 | 16699 | 11652 | 718176 |
| उत्तरप्रदेश | 766360 | 22339 | 9480 | 627032 |
| प. बंगाल | 636885 | 6769 | 10480 | 589424 |
| छत्तीसगढ़ | 501500 | 15256 | 5442 | 374289 |
| राजस्थान | 387950 | 6658 | 3041 | 335633 |

(ये आंकड़े गुरुवार रात 12 बजे तक के हैं)

- अमेरिका में गुरुवार को 74 हजार और ब्राजील में 80 हजार से ज्यादा नए मरीज मिले। दोनों देशों में कोरोना के मामलों में कमी नहीं आ रही है।
- दुनिया में गुरुवार को भी 8 लाख से ज्यादा नए केस मिले। भारत में 2 लाख से ज्यादा से नए मरीज मिले। भारत अकेले 25% से ज्यादा नए मरीज जोड़ रहा है।

**भास्कर खास** • केरल हाईकोर्ट ने केरल मिनरल्स एंड मेटल्स लि. की अधिसूचना को पलटा

## महिला को यह कहकर रोजगार से वंचित नहीं कर सकते कि उसे रात को काम करना पड़ेगाः हाईकोर्ट

### योग्य उम्मीदवार की नियुक्ति रोजगार की प्रकृति के आधार पर नहीं रोक सकते

**भास्कर न्यूज़** | कोच्चि

अगर कोई महिला पूरी तरह से योग्य है तो उसे कार्य की प्रकृति के आधार पर रोजगार के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। केरल हाईकोर्ट ने शुक्रवार को यह बात कही। जस्टिस अनु शिवरामन ने कहा, "किसी योग्य उम्मीदवार को सिर्फ इस आधार पर नियुक्त करने से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह एक महिला है और रोजगार की प्रकृति के अनुसार उसे रात में काम करना होगा। जबकि महिला का योग्य होना ही उसकी नौकरी के लिए सुरक्षात्मक प्रावधान है।'

यह फैसला देकर कोर्ट ने केरल मिनरल्स एंड मेटल्स लिमिटेड की नौकरी के लिए जारी उस अधिसूचना को पलट दिया, जिसमें सिर्फ पुरुष उम्मीदवारों को आवेदन करने की अनुमति दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि इस तरह की अधिसूचना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 के प्रावधानों का उल्लंघन करती है। जबकि फैक्ट्रीज एक्ट 1948 के प्रावधान महिलाओं को कार्यस्थल पर शोषण से बचाने के लिए हैं। याचिकाकर्ता ट्रेजा जोसफीन ने कंपनी की सेफ्टी ऑफिसर की नौकरी की अधिसूचना को चुनौती दी थी। ट्रेजा कंपनी में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी (सेफ्टी) हैं। उन्होंने कहा कि यह अधिसूचना भेदभावपूर्ण है। कोर्ट ने कहा कि हमें कार्यस्थल को बेहतर और समानता वाला बनाना है न कि परिस्थितियों का हवाला देकर महिलाओं को रोजगार के मौकों से वंचित करना है। हमें आधी आबादी को हर क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा अवसर देना है।

### महिलाओं को सिर्फ घर के काम में ही क्यों लगाए रखें

अदालत ने कहा, 'दुनिया आगे बढ़ रही है। ऐसे में उन्हें सिर्फ घर के काम में ही क्यों लगाए रखें। हम ऐसे मुकाम पर पहुंच चुके हैं, जहां आर्थिक विकास के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। महिलाओं को स्वास्थ्य सेवा, उड्यन और सूचना प्रौद्योगिकी सहित कई उद्योगों में सभी समय पर काम करने के लिए लगाया जा रहा है। इस तरह की चुनौतियों का सामना कर महिलाओं ने साबित किया है कि वे हर समय किसी भी तरह का कार्य करने में सक्षम हैं।'

## दुनिया को टीका बांटने वाला भारत अब खरीदने को मजबूर

### उत्पादन में अमेरिका का हिस्सा 27%, लेकिन निर्यात में योगदान शून्य

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत में रोज कोरोना संक्रमण के रिकॉर्ड मामले सामने आ रहे हैं। इसलिए अब वैक्सीन की कमी दूर करने के लिए भारत सरकार टीका निर्यात करने की बजाय आयात करने के लिए मजबूर हो रही है। इससे करोड़ों वैक्सीन का निर्यात प्रभावित हो सकता है। अफ्रीकी देश पहले से वैक्सीन आपूर्ति में कमी से जूझ रहे हैं। भारत की कोशिश है कि देश में वैक्सीन उत्पादन घरेलू उपयोग के लिए हो। पाबंदियों में ढील देने के बाद मामलों में तेजी आई तथा अस्पतालों में क्षमता से अधिक मरीज आ रहे हैं। भारत में तेजी से आयात नियम बदले जा रहे हैं। विदेशी वैक्सीन निर्माता फाइजर को पहले मंजूरी देने से मना करने के बाद, अब फास्टट्रैक वैक्सीन आयात नीति को मंजूरी दी जा रही है। इस माह के अंत तक भारत स्पूतनिक-5 वैक्सीन का आयात शुरू भी कर देगा ताकि 12.5 करोड़ लोगों को टीका लगाया जा सके। भारत ने जनवरी से मार्च के बीच 6.4 करोड़ डोज दुनिया में सप्लाई किए, वहीं इस माह 12 लाख डोज भेजे गए हैं। दूसरी ओर, दुनिया में वैक्सीन के हुए कुल उत्पादन में अमेरिका का हिस्सा 27% है। लेकिन निर्यात में उसका योगदान शून्य है।

**उम्मीद की रोशनी** ऐसी खबरें और तस्वीरें, जो आपको उम्मीदों की रोशनी तो दिखाएंगी ही, संकट की इस घड़ी में हौसला भी देंगी

### इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म

## महिलाओं की जान बचाने के लिए रोजा तोड़ प्लाज्मा दिया, कहा- यही सच्ची इबादत है

### 3 बार प्लाज्मा और 17 बार रक्तदान कर चुके हैं अकील

सिटी रिपोर्टर | उदयपुर



रमजान के पवित्र महीने में 32 साल के अकील मंसूरी ने एक बार फिर बता दिया कि किसी की सेवा करना भी अल्लाह की सबसे बड़ी इबादत है। अकील ने कोरोना पीड़ित दो महिलाओं की जिंदगी बचाने के लिए न केवल रोजा तोड़ना स्वीकार किया, बल्कि तीसरी बार प्लाज्मा भी डोनेट किया। दरअसल, शहर के एक अस्पताल में भर्ती 36 वर्षीय निर्मला और 30 वर्षीय अलका की तबीयत ज्यादा खराब हो गई थी। दोनों ऑक्सीजन सपोर्ट पर थीं। हालात ये हो गए कि डॉक्टर ने इनकी जान बचाने के लिए तुरंत प्लाज्मा की जरूरत बताई। उनका ब्लड ग्रुप भी ए पॉजिटिव है। दोनों महिलाओं को कोई ए पॉजिटिव ही प्लाज्मा दे सकता था। ऐसे में अकील उनके लिए फरिश्ता बनकर आए। युवा रक्त वाहिनी के अर्पित कोठारी ने प्लाज्मा देने के लिए अकील से निवेदन किया था। अकील ने रोजा रखा हुआ था। वे प्लाज्मा डोनेट करने पहुंच गए, लेकिन डॉक्टरों ने कहा कि खाली पेट प्लाज्मा नहीं ले सकते। ऐसे में उन्होंने रोजा तोड़कर प्लाज्मा डोनेट कर दिया, जिससे दोनों महिलाओं की जान बच गई।

इसके बाद अकील ने अल्लाह का शुक्रिया करते हुए कहा कि उनका जीवन किसी का जीवन बचाने के काम आ रहा है, इससे बड़ा क्या धर्म होगा। उन्होंने इसके बाद नाश्ता किया, फिर डॉक्टरों ने उनका एंटी बॉडी टेस्ट किया और प्लाज्मा लिया। ये दोनों महिलाओं को चढ़ाया गया। 17 बार रक्दान कर चुके अकील ने तीसरी बार प्लाज्मा डोनेट किया।

## वर्ल्ड प्रेस की साल की सबसे बेहतर तस्वीर

## इसमें 'उड़ान और आशा के प्रतीक' पंख लगे हैं

### नर्स ने गले लगाकर 85 साल की मरीज का हौसला बढ़ाया

**वॉशिंगटन** | कोरोना संकट के बीच उम्मीद का उजाला दिखाने वाली यह तस्वीर ब्राजील की है। इसमें कोरोना पीड़ित 85 वर्षीय महिला को एक नर्स ने प्लास्टिक के पारदर्शी पर्दे के जरिए गले लगाया था। 5 महीने में पहली बार उस महिला को किसी ने गले लगाया। इस तस्वीर को वर्ल्ड प्रेस ने साल की सबसे बेहतर फोटो घोषित किया है। इसे डेनमार्क के फोटोग्राफर मैड्स निसेन ने खींचा है। वर्ल्ड प्रेस ज्यूरी के एक सदस्य ने इस तस्वीर के लिए कहा- 'आपको इसमें पंख दिखेंगेः उड़ान और आशा के प्रतीक।' एक अन्य सदस्य केविन वाई ली ने कहा- यह तस्वीर हमारी जिंदगी के सबसे विलक्षण पलों को दिखाती है। इसमें बिछोह, अकेलापन, तकलीफ तो है ही, महत्वपूर्ण बात है कि यह हमारे अस्तित्व को दिखाती है।




### आतंक के आगे नहीं झुकेंगे

## जिस ढाबे में आतंकियों ने बेटे को मारा, पिता ने फिर खोला, कहा- बेटा खोया, हौसला नहीं

एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में मशहूर ढाबा चलाने वाले रमेश कुमार ने बेटे की मौत के दो महीने बाद फिर से ढाबा खोल दिया है। वे कहते हैं- मैंने बेटा खोया है, हौसला नहीं। अब किसी बात का डर नहीं। मैं यहीं पैदा हुआ और बड़ा हुआ। मुझे किसी बात का खतरा नहीं। दरअसल, 17 फरवरी को श्रीनगर के कृष्णा ढाबे में आतंकियों ने रमेश के बेटे आकाश मेहरा को गोलियां मार दी थी। करीब 11 दिन संघर्ष के बाद आकाश जिंदगी की जंग हार गए। बेटे को खोने के बावजूद रमेश कुमार ने आतंकियों के सामने झुकने से मना कर दिया और बेटे की मौत के महज दो महीनों में फिर ढाबा खोल दिया। रमेश कुमार कहते हैं, 'मेरा बेटा यहीं पर कुर्बान हुआ है। इसे बंद रखने का मतलब उसकी आत्मा को दुखी करना होगा। हम कश्मीर में पैदा हुए हैं, यह हमारी मिट्टी है, हमारा घर है, कोई हमें यहां से नहीं निकाल सकता। मैं यहां खुद को पूरी तरह से सुरक्षित महसूस करता हूं।' पुलिस ने इस मामले में तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था। हमला उस वक्त हुआ था, जब दुनिया के 24 विशेषज्ञों का प्रतिनिधिमंडल जम्मू-कश्मीर के हालात जानने के लिए राज्य के दौरे पर था।

**हमले के बाद जम्मू शिफ्ट हो गए थेः** आतंकी हमले के बाद से कृष्णा ढाबा बंद था। इसके बाद रमेश कुमार परिवार के साथ जम्मू शिफ्ट हो गए थे। लेकिन रमेश कुमार ने एक बार फिर आतंक के खिलाफ हिम्मत दिखाकर डट गए हैं और नई शुरूआत करते हुए इस ढाबे को फिर से खोल दिया है।




### हरिद्वार कुंभ में कोरोना फैलाने पर अखाड़े आमने-सामने

## कुंभ में कोरोना का अखाड़ा, अब तक 50 संत संक्रमित

**हरिद्वार** | उत्तराखंड के हरिद्वार कुंभ में कई संत कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। कुंभ के लिए आए निर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर कपिल देव का कोरोना संक्रमण से निधन हो गया। ऐसे में अब कुंभ में कोरोना किसने फैलाया और कुंभ बीच में समाप्त करने को लेकर अखाड़ों में जंग छिड़ गई है। कुछ अखाड़ों की राय है कि कुंभ को समाप्त कर देना चाहिए। कुछ अखाड़ों ने अपनी ओर से कुंभ समाप्ति की घोषणा कर दी है। कुछ इससे सहमत नहीं हैं। बीते दिनों सरकार ने सफाई दी थी कि कुंभ तय तारीख 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। बैरागी अखाड़े का आरोप है कि कोरोना संन्यासी अखाड़े के कारण फैला है। हमने नहीं फैलाया। ऐसे में कोई भी एक या दो अखाड़े कुंभ खत्म करने का फैसला नहीं कर सकते। बैरागी अखाड़े के अलावा निर्मोही अखाड़े के अध्यक्ष महंत राजेंद्र दास बोले- संक्रमण के लिए अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि जिम्मेदार हैं।

**यहां संन्यासी अखाड़ों के कारण फैला है कोरोना : बैरागी अखाड़ा** | **संक्रमण के लिए अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष जिम्मेदार : महंत दास**



अभी तक 50 से अधिक साधु कोरोना की चपेट में आ चुके हैं। 24 घंटे में ही जूना निरंजनी व आह्वान अखाड़े के कई साधु संक्रमित पाए गए हैं।

### निरंजनी अखाड़े ने कुंभ समाप्ति की घोषणा की

पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी ने कुंभ के समापन की घोषणा कर दी है। निरंजनी अखाड़े के सचिव महंत रवींद्रपुरी ने कहा, 14 अप्रैल को हुआ शाही स्नान काफी अहम था, जो पूरा हो गया है। अब कई साधुओं को कोरोना के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में हमारे अखाड़े के लिए कुंभ खत्म हो गया है। हमारे अखाड़े के साधु-संतों की छावनियां 17 अप्रैल को खाली कर दी जाएंगी। आखिरी शाही स्नान 27 अप्रैल को होगा। प्रतीकात्मक रूप से अखाड़े के कुछ संत स्नान करेंगे।

### दलितों की कटिंग से मना किया, तो दो भाई कर रहे मदद

भास्कर न्यूज | मैसुरु

कर्नाटक के मैसुरु जिले में सैलून ने दलितों के बाल काटने से मना किया, तो दो भाई दलितों को सम्मान दिलाने मैदान में उतर आए हैं। अब वे घर-घर जाकर दलित समुदाय को सेवा दे रहे हैं। मामला मैसुरु जिले के कप्पासोग का है। वहां आस-पास के इलाकों में दलितों के साथ आज भी भेदभाव किया जाता है। ऐसे ही जब एक सैलून ने दलितों की कटिंग, शेविंग करने से इनकार कर दिया तो केपी महादेव और केपी सिद्दाराजू ने कमान संभाल ली। अब दोनों भाई दलित समुदाय के लोगों के घर-घर जाकर सेवाएं दे रहे हैं। ये दोनों भी दलित हैं और 8 साल से इस पेशे में हैं।

गांव में सैलून पर मनाही के बाद गांव के दलित समुदाय के लोगों को इन सेवाओं के लिए आस-पास के शहर उल्लाहल्ली या नन्जनगुडा जाना पड़ता है। इसमें उन्हें ज्यादा पैसे और समय भी खर्च करना पड़ता है।

### सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर रंजीत सिन्हा का निधन

**पटना** | सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर रंजीत सिन्हा का शुक्रवार को दिल्ली में निधन हो गया। सुबह 4.30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वे 68 वर्ष के थे। उनकी कोरोना से मौत की बात कही जा रही है। सिन्हा बिहार कैडर के 1974 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। बिहार पुलिस ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। रंजीत सिन्हा का जन्म 1953 में जमशेदपुर में हुआ था। पटना विवि से बीएससी के बाद उनका चयन भारतीय पुलिस सेवा में हुआ था और उन्होंने बिहार कैडर में योगदान दिया था। वे रांची, मधुबनी एवं सहरसा में एसपी के तौर पर रहे। साथ ही डीआईजी मगध क्षेत्र के पद पर भी काम किया। उन्होंने केंद्र सरकार में सीबीआई में डीआईजी व आईजी, सीआरपीएफ में आईजी, आरपीएफ में डीजी एवं आइटीबीपी में डायरेक्टर जनरल के पद पर काम किया। उन्होंने वर्ष 2012 में सीबीआई के डायरेक्टर का पद ग्रहण किया था। 40 वर्ष की सेवा के बाद वे दिसंबर 2014 में सीबीआई के डायरेक्टर के पद से रिटायर हुए। अपने लंबे सेवा काल में उन्हें सराहनीय सेवा पदक एवं राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें सीआरपीएफ एवं आईटीबी में डीजी कमेंडेशन डिस्क से भी सम्मानित किया गया।

### पहली बारः कनाडा की 30 साल पुरानी कंपनी ने अमेरिका में शुरू की खास 'लग्जरी ट्रेन जर्नी'




**डेनवर** | कनाडा की 30 साल पुरानी कंपनी रॉकी माउंटेनियर ने पहली बार अमेरिका में 'लग्जरी ट्रेन जर्नी' नाम की सर्विस शुरू की है। इसके तहत कस्टम डिजाइन वाली क्लासिक ट्रेन से 570 किमी का सफर कराया जा रहा है। इस ट्रेन में कांच की बड़ी-बड़ी खिड़कियां और छत है, जिससे बाहरी नजारा बेहद खूबसूरत दिखाई देता है। ट्रेन में 6 कोच हैं और हर कोच में 80 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। दो दिन और दो रातों के पैकेज (1.70 लाख रुपए) में ट्रेन का किराया, खाना और होटल खर्च शामिल है। मोआब से डेनवर के बीच समुद्री किनारा, खूबसूरत वादियां और पहाड़ हैं इसलिए पहली ट्रेन इस रूट पर ही दौड़ी।

### रांची : मरीज को चढ़ाई जा रही थी एक्सपायर्ड स्लाइन, विरोध पर बदला

**धोरैया (रांची)** | धोरैया सीएचसी में जीएनएम व एएनएम की लापरवाही से एक महिला की जान पर बन आई, यह शुक्र है कि महिला अभी सही सलामत है। गुरुवार की शाम गचिया गांव निवासी सावित्री देवी का बीपी लो हो गया। पुत्र सुदर्शन कुमार झा उन्हें धोरैया सीएचसी ले गए। वहां एएनएम विमला देवी व अन्य एक एएनएम ने महिला को स्लाइन चढ़ाना शुरू किया। यह स्लाइन एक्सपायर्ड था। सुदर्शन ने विरोध किया। उनका कहना है कि स्लाइन की बोतल पर एक्सपायरी डेट फरवरी 2021 थी।




प्रकाशक एवं मुद्रक कमलकांत शर्मा द्वारा मालिक मैसर्स डी बी कार्प लिमिटेड के लिए 270-271 रीको इंडस्ट्रियल एरिया, पीएनबी के पीछे, सिणधरी चौराहा बाड़मेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः किरण राजपुरोहित, समाचार संपादकः पवन जोशी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2017/71977

**बी-टाउन ब्रेकिंग**

## एक्टर्स के ईगो क्लैश, स्क्रिप्ट और डेट्स पर नहीं बन पा रही थी बात...

# 'दोस्ताना 2' से रिप्लेस हुए कार्तिक, धर्मा प्रोडक्शंस ने की फिल्म की रीकास्टिंग करने की अनाउंसमेंट



भास्कर नेटवर्क

'प्यार का पंचनामा 2' की सफलता के बाद से माना जा रहा था कि कार्तिक आर्यन फिल्ममेकर करण जौहर की गुड बुक में शामिल हो चुके हैं। इसके बाद करण ने कार्तिक के साथ फिल्म 'दोस्ताना 2' की अनाउंसमेंट भी की थी पर अब इस अनाउंसमेंट के डेढ़ साल बाद करण ने उन्हें फिल्म से रिप्लेस कर दिया है।

धर्मा प्रोडक्शंस ने शुक्रवार को देर शाम यह अनाउंसमेंट की कि फिल्म के लिए मेकर्स एक बार फिर से कास्टिंग करेंगे। भले ही अपने स्टेटमेंट में प्रोडक्शन हाउस ने कार्तिक के नाम का जिक्र नहीं किया पर माना जा रहा है कि कार्तिक फिल्म की स्क्रिप्ट से खुश नहीं थे और इसके साथ ही वे डेट्स भी मैनेज नहीं कर पा रहे थे।

### कार्तिक को रिप्लेस करने की मुख्य वजहें



- कार्तिक पहले स्क्रिप्ट से संतुष्ट थे। अब वे डायरेक्टर से स्क्रिप्ट में बदलाव करने की मांग कर रहे हैं।
- जान्हवी और कार्तिक के बीच ईगो क्लैश भी हो रहा था इसलिए कार्तिक मेकर्स को फाइनल डेट्स नहीं दे रहे थे। सीधे मना न करके वे क्रिएटिव इनपुट्स का हवाला दे रहे थे।
- कार्तिक लंबे समय से कोविड का हवाला देते हुए भी फिल्म की शूटिंग टाल रहे थे।
- कार्तिक की वजह से धर्मा को अब तक इस फिल्म में तकरीबन 20 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। टीम उनके साथ 20 दिनों की शूटिंग कर चुकी थी।
- इस फिल्म से एक्टर लक्ष्य लालवानी डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म के लगातार डिले होने के चलते लक्ष्य के कॅरिअर के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है।
- कार्तिक ने इसी टालम टाली के बीच डायरेक्टर राम माधवानी के साथ फिल्म 'धमाका' की शूटिंग भी पूरी कर ली है।

कार्तिक और उनकी टीम ने इन सभी आरोपों पर खबर लिखे जाने तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। कार्तिक का काम संभालने वाली एजेंसी क्वॉन के अधिकारी भी इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं।


**'योद्धा' में शाहिद को कास्ट करने से नाराज थे कार्तिक!**



चर्चा यह भी है कि कार्तिक धर्मा प्रोडक्शन से इसलिए नाराज हुए क्योंकि बैनर ने शशांक खैतान की अगली फिल्म 'योद्धा' में शाहिद कपूर को कास्ट कर लिया था। हालांकि, बाद में शाहिद ने यह फिल्म छोड़ दी पर इसके बावजूद भी बैनर ने कार्तिक को इसके लिए अप्रोच नहीं किया। वहीं दूसरी तरफ जब कार्तिक 'दोस्ताना 2' के लिए डेट्स कन्फर्म नहीं कर पा रहे थे तो करण ने अप्रैल में जान्हवी कपूर के साथ फिल्म 'मिस्टर लेले' की शूटिंग शुरू कर दी। इसके बाद कार्तिक ने बैनर से कहा कि उनके पास 'दोस्ताना 2' के लिए सिर्फ अप्रैल की ही डेट्स हैं। ऐसे में बैनर और जान्हवी दोनों के लिए एक ही वक्त में दो फिल्मों की शूटिंग करना मुश्किल था।

**हिंदी वर्जन को लेकर कहासुनी**

## 'अन्नियन' के प्रोड्यूसर और शंकर के बीच हुआ विवाद



2005 में आई तमिल फिल्म 'अन्नियन' (अपरिचित) के हिंदी वर्जन को लेकर डायरेक्टर शंकर और निर्माता रविचंद्रन के बीच विवाद शुरू हो गया है। पहले रविचंद्रन ने शंकर को मेल करते हुए पूछा कि वे इस फिल्म को उनकी परमिशन के बिना बनाए जाने की घोषणा कैसे कर सकते हैं। वहीं अब शंकर ने रवि के उस मेल का जवाब देते हुए लिखा है- कहानी का मालिक मैं हूं, इसलिए मेरे अधिकार में हस्तक्षेप कोई नहीं कर सकता। गौरतलब है कि यह विवाद एक दिन पहले हुई उस घोषणा के बाद हुआ, जब शंकर ने रणवीर सिंह के साथ 'अन्नियन' का हिंदी वर्जन बनाने की बात कही।

**तल्ख लहजे में दिखे शंकर** : शंकर ने लिखा- 'डियर सर, हर वो इंसान जो फिल्म से जुड़ा था वह जानता है कि कहानी, स्टोरी लाइन मेरी थी। अपनी कहानी या स्क्रीनप्ले का किसी भी तरह से इस्तेमाल का करने का अधिकार मेरा है। क्योंकि यह स्क्रिप्ट मेरी है इसलिए मैं किसी भी तरीके से उसका इस्तेमाल करने का हकदार हूं। निर्माता के रूप में आपको 'अन्नियन' की सफलता से काफी फायदा हुआ है। अब आप अनावश्यक रूप से मेरे फ्यूचर प्रोजेक्ट्स से खुद को फायदा पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, जिनसे आपका कोई संबंध नहीं है।'

**अमेरिकन मेडिकल ड्रामा**

## पत्नी किरण की बीमारी के चलते अनुपम खेर ने छोड़ा टीवी शो



अनुपम खेर ने अमेरिकन मेडिकल ड्रामा 'न्यू एम्स्टर्डम' को छोड़ने का फैसला किया है। इस शो में वे डॉ. विजय कपूर का किरदार निभा रहे थे। शो का तीसरा सीजन चल रहा है। शो के लेटेस्ट एपिसोड में डॉ. विजय को अस्पताल से इस्तीफा देते दिखाया गया। माना जा रहा है कि पत्नी किरण खेर को कैंसर डिटेक्ट होने के चलते अनुपम ने शो छोड़ा है।

**प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग**

## 23 अप्रैल को ओटीटी पर रिलीज होगी परिणीति स्टारर 'सायना'



परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'सायना' थिएटर में रिलीज हुई थी। कोविड के कारण फिल्म दर्शकों को थिएटर तक खींचकर लाने में ज्यादा कामयाब नहीं हो पाई। अब मेकर्स ने इसे 23 अप्रैल को प्राइम वीडियोज पर रिलीज करने का फैसला किया है। हालांकि इस फिल्म से पहले फिल्म 'मुंबई सागा' को इसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होना था।

**वेब सीरीज**

## 'दिल्ली क्राइम' के तीसरे सीजन पर शुरू हुआ राइटिंग लेवल पर काम



एक ओर जहां दर्शक वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम' के दूसरे सीजन के टेलीकास्ट होने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, इसके तीसरे सीजन पर भी काम शुरू हो गया। सूत्रों के मुताबिक, नेशनल अवॉर्ड विजेता राइटर सुधांशु सरिया को इसके तीसरे सीजन के लेखन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया जा रहा है कि अपकमिंग दोनों सीजन भी रियल लाइफ क्राइम इंसीडेंट पर आधारित होंगे।

## भंसाली ने किया 'द्रौपदी' का निर्देशन करने से इंकार

**दीपिका स्टारर फिल्म**



दीपिका पादुकोण, महाभारत से इंस्पायर्ड फिल्म में द्रौपदी का किरदार निभाने को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। उन्होंने काफी वक्त पहले इस फिल्म की घोषणा की थी। वे इसे फिल्म निर्माता मधु मंटेना के साथ को-प्रोड्यूस भी करेंगी।

हालांकि दीपिका चाहती थीं कि इस फिल्म को संजय लीला भंसाली डायरेक्ट करें। लेकिन सुनने में आया है कि भंसाली ने इस फिल्म डायरेक्ट करने से मना कर दिया। कहा जा रहा है कि दीपिका और भंसाली के बीच कोल्ड वॉर भी चल रहा है। इसका कारण दीपिका का भंसाली की कुछ फिल्मों के ऑफर को इंकार करना है। इससे पहले दीपिका और भंसाली साथ में तीन सुपर हिट फिल्मों 'राम लीला', 'बाजीराव मस्तानी' और 'पद्मावत' में काम कर चुके हैं।बहरहाल, अब दीपिका को फिल्म द्रौपदी के लिए निर्देशक की तलाश है। अब तक इस फिल्म का टाइटल भी तय नहीं हुआ है।

**कोविड बना कारण**

## शाहरुख के 'टेड टॉक्स इंडिया' का अगला सीजन रद्द हुआ



शाहरुख खान इस साल टेलीविजन पर फिर से अपनी वापसी करने वाले थे। वे अपने शो 'टेड टॉक्स इंडिया : नई सोच' का तीसरा सीजन इस साल के अंत तक लाना चाहते थे हालांकि अब ये प्लान रद्द हो गया है। कोरोना महामारी को ध्यान में रखकर शाहरुख की टीम और शो के मेकर्स ने आपसी समझौता से ये बड़ा फैसला लिया है। शो से जुड़े करीबी बताते है, 'पिछले दो सफल सीजन के बाद, शाहरुख 'टेड टॉक्स' के सीजन 3 के साथ टीवी पर लौटना चाहते थे। उनकी टीम पिछले साल से ही शो की प्लानिंग में जुट गई थी। टीम के साथ-साथ चैनल को उम्मीद थी की 2021 में स्थिति सुधरेंगी और शो के तीसरे सीजन को वे लॉन्च कर पाएंगे, हालांकि अब ऐसा होना संभव नहीं।

**पोस्टर चोरी मामले पर एक्ट्रेस का बयान**


## बतौर एक्टर हम वही करते हैं, जो हमसे बोला जाता हैः प्रियामणि



एकता कपूर ने हाल ही में अपनी वेब सीरीज 'हिज स्टोरी' का पोस्टर रिलीज किया था, जिसके बाद फिल्ममेकर सुधांशु सरिया ने पोस्टर चोरी करने का आरोप लगाया था। काफी आलोचना के बाद एकता के प्रोडक्शन हाउस अल्ट बालाजी ने इसके लिए माफी भी मांगी। इसी विवाद पर सीरीज की लीड एक्ट्रेस प्रियामणि राज ने बताया, 'एक एक्टर होने के नाते हम क्रिएटिव टीम में दखलअंदाजी नहीं कर सकते हैं। हमसे जो बोला जाता है, बतौर एक्टर करते हैं। जब हमसे कहा जाता है कि आप फोटोशूट के लिए आइए तो हम वहां जाकर अपना काम करते हैं। जाहिर है उस वक्त ऐसा बिल्कुल ख्याल नहीं आता कि ऐसा पोस्टर हमने कहीं देखा है।' इस सीरीज में प्रियामणि, साक्षी का किरदार निभा रही हैं।

**ए आर रहमान के साथ खास बातचीत**

## 'फिल्म '99 सॉन्ग्स' की शूटिंग के दौरान मैंने पहली बार ड्रोन चलाया'



ऑस्कर विनर म्यूजिशियन ए आर रहमान जल्द ही अपने प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म '99 सॉन्ग्स' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म से वे बतौर प्रोड्यूसर भी इंट्रोड्यूस होंगे। ज्योति शर्मा से खास बातचीत में उन्होंने फिल्म और सेट से जुड़े कुछ दिलचस्प किस्से शेयर किए हैं...

- **'99 सॉन्स' में आपने किस कसौटी पर एक्टर्स को कास्ट किया है?**

यह हमारे प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म है। मैं इस प्रोजेक्ट के लिए बहुत ही एक्साइटेड था। देखना चाहता था कि जब एक कहानी और बेहतरीन गाने एक साथ आते हैं, तो क्या कमाल करते हैं। इस प्रोसेस में बहुत कुछ सीखने मिला। मैंने दूसरे प्रोडक्शन हाउसेस को देखा कि वे कैसे अपनी फिल्मों को प्रोड्यूस करते हैं। फिल्म में नए एक्टर्स इसलिए लिए गए ताकि वे कई चीजें सीख सकें। मैं चाहता हूं कि इंडस्ट्री को ऐसे टैलेंटेड एक्टर्स मिले जो फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी कई विधाओं में माहिर हों।

- **चूंकि एक्टर्स नए हैं तो उन्हें आपने किसी तरह की टिप्स दीं?**

जी हां! फिल्म का एक सीन है। जिसमें जो मेल एक्टर है वह पियानो बजा रहा है और इस सीन की शूटिंग के दौरान मैं सेट पर ही मौजूद था। उस वक्त मैंने उन्हें बताया कि आपको पियानो बजाने के लिए किस तरह से बैठना है, किस तरह पियानो बजाना चाहिए। वे सभी ट्रिक्स बताएं जिससे पियानो बजाते हुए वह ज्यादा रियलिस्टिक दिखे।



- **फिल्म के सेट से जुड़ी कोई खास बात बताना चाहेंगे?**

फिल्म में एक गाना है, जिसकी शूटिंग के दौरान मैंने उदयपुर में बतौर ड्रोन कैमरा ऑपरेटर काम किया। उस वक्त मुझे यह महसूस हुआ कि ड्रोन चलाना बहुत ही खूबसूरत फीलिंग है।

# फैशन के नए अंदाज

**शुक्रवार को बी-टाउन के इन सेलेब्रिटीज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ चुनिंदा फोटोशूट शेयर किए। यहां जानिए उनकी फैशन डिटेल्स...**



**अदिति राव हैदरी**

एक फिल्म के प्रमोशन में जुटीं अदिति ने स्कर्ट के साथ मैचिंग फुल स्लीव्स टॉप पेयर किया। स्टाइलिंग सनम रतनसी ने की।



**अदा शर्मा**

अदा ने इस फोटोशूट में फ्लोरल वन पीस के साथ येलो लॉन्ग कोट मैच किया। उनकी स्टाइलिंग जूही अली ने की।



**सारा अली खान**

सारा ने अपनी इस फोटो के जरिए समर में कूल फैशन अपनाने का अच्छा आइडिया दिया है। तस्वीर में वे शॉर्ट पैंट के साथ स्लीव लैस टॉप पहने नजर आ रही हैं।



**विकी कौशल**

विकी ने पीकॉक मैगजीन के लिए उन्हीं के आउटफिट्स में शूट करवाया। उन्होंने ग्रीन शर्ट के साथ मैचिंग कोट-पैंट चूज किया।



**खुशी कपूर**

लंदन में पढ़ाई कर रहीं जान्हवी कपूर की छोटी बहन खुशी कपूर भी आए दिन अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फैशनेबल पिक्चर्स पोस्ट करती हैं। इस तस्वीर में खुशी शॉर्ट स्कर्ट और स्वेटर में नजर आ रही हैं।



**अनुष्का शर्मा**

अनुष्का ने हाल ही में एक एड शूट किया जिसकी तस्वीर उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की। उन्होंने ट्राउजर और टॉप के साथ येलो शूज पेयर किए हैं।